## मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 32.2 | 27.9 |
| जमशेदपुर | 35.5 | 25.7 |
| डालटनगंज | 33.6 | 24.6 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* *

रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार






www.lagatar.in रांची, बुधवार 14 अगस्त 2024 ● श्रावण शुक्ल पक्ष 10 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 127 आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 66,500 |
| चांदी (किलो) | 86,000 |

## ब्रीफ खबरें

### चार साल में 10वीं बार राम रहीम जेल से बाहर

**चंडीगढ़।** दुष्कर्म मामले में सजायाफ्ता डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह मंगलवार को 21 दिन की फर्लो पर जेल से बाहर आया. फर्लो की अवधि में राम रहीम उत्तर प्रदेश के बागपत जिले के बरनावा स्थित डेरा आश्रम में रहेगा. बता दें कि चार साल में 10वीं बार राम रहीम जेल से बाहर आया है. इससे पहले उसे 21 नवंबर 2023 को 21 दिन की फर्लो दी गई थी.

### जगदंबिका पाल संसद वक्फ समिति के अध्यक्ष

**नयी दिल्ली।** भाजपा सांसद जगदंबिका पाल वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार के लिए गठित संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष होंगे. लोकसभा सचिवालय की ओर से अधिसूचना जारी करते हुए कहा गया है कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पाल को 31 सदस्यीय समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया है. विधेयक के प्रावधानों पर लोकसभा में विपक्ष के विरोध के बीच सरकार ने इसे दोनों सदनों की संयुक्त समिति को भेजने का फैसला किया था.

### 16 को नए उपग्रह का प्रक्षेपण करेगा इसरो

**बेंगलुरु।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा है कि उसका नवीनतम भू प्रेक्षण उपग्रह ईओएस-08 का प्रक्षेपण 16 अगस्त को करेगा. अपने लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (एसएसएलवी)-डी 3 की तीसरी और अंतिम विकासात्मक उड़ान के जरिए इस उपग्रह को प्रक्षेपित किया जाएगा. इसरो ने 'एक्स' पर लिखा है कि नवीनतम भू प्रेक्षण उपग्रह का प्रक्षेपण 16 अगस्त को भारतीय समयानुसार सुबह नौ बज कर 17 मिनट पर शुरू होगा.

### फर्जी जीएसटी पंजीयन के खिलाफ 16 से अभियान

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड ने कहा है कि कर अधिकारी 16 अगस्त से फर्जी जीएसटी पंजीकरण के खिलाफ दो महीने का विशेष अभियान शुरू करेंगे. इस अभियान के तहत, जीएसटी नेटवर्क, डीजीएआरएम, सीबीआईसी के साथ समन्वय से जोखिम मापदंडों के आधार पर संदिग्ध/उच्च जोखिम वाले जीएसटीआईएन की पहचान की जाएगी.

### क्वात्रा बने अमेरिका में भारत के नये राजदूत

**वाशिंगटन।** विनय मोहन क्वात्रा ने सोमवार को अमेरिका में भारत के नये राजदूत के रूप में कार्यभार संभाल लिया. क्वात्रा (61) 14 जुलाई को भारत के विदेश सचिव पद से सेवानिवृत्त हुए थे. वह अमेरिका में भारत के नये राजदूत के रूप में सेवाएं देने के लिए सोमवार को वाशिंगटन पहुंचे थे.

संथालपरगना में बांग्लादेशी मूल के घुसपैठियों को लेकर **हाईकोर्ट का निर्देश**

# घुसपैठियों को चिह्नित कर कार्रवाई करे राज्य सरकार

- पहचान पत्र जारी करने से पूर्व लैंड रिकॉर्ड की जांच करें




- हाईकोर्ट में इस मामले की अगली सुनवाई 22 अगस्त को

संवाददाता। रांची

झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को स्पेशल ब्रांच का इस्तेमाल कर संथालपरगना इलाके में बांग्लादेशी मूल के घुसपैठियों को चिह्नित कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है. दानयाल दानिश की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस अरुण कुमार राय की खंडपीठ ने बीते आठ अगस्त को यह आदेश पारित किया है.

जनहित याचिका पर हुई सुनवाई के आदेश की विस्तृत कॉपी हाईकोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड है. हाईकोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट कहा है कि जिला प्रशासन संथालपरगना के छह जिलों में पहचान के लिए इस्तेमाल होने वाले दस्तावेज जैसे राशन कार्ड, आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र जारी करने से पहले उस व्यक्ति की जमीन सहित अन्य दस्तावेज का मिलान करे.

**अनुसूचित जनजाति की आबादी में 44.67% से 28.11% की गिरावट :** हाईकोर्ट ने दानयाल दानिश की जनहित याचिका में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के महानिदेशक, यूनिक आइडेंटीफिकेशन अथॉरिटी (यूआईडी) के महानिदेशक, भारत निर्वाचन आयोग, इंटेलिजेंस ब्यूरो के महानिदेशक और नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी के निदेशक को भी प्रतिवादी बनाया है. प्रार्थी का पक्ष रख रहे अधिवक्ता ने अदालत को बताया कि वर्ष 1951 से 2011 के बीच घुसपैठियों के प्रवेश करने से संथाल में अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या में 44.67% से 28.11% की गिरावट आयी है. दूसरी ओर मुस्लिम जनसंख्या में 9.44% से 22.73% की बढ़ोत्तरी दर्ज की गयी है. अदालत अब इस मामले में अगली सुनवाई 22 अगस्त को करेगी.

## स्पेशल ब्रांच का अलर्ट : झारखंड में घुसपैठ कर सकते हैं बांग्लादेशी

विनीत आभा उपाध्याय/सौरभ सिंह। रांची

बांग्लादेश में बिगड़ते हालात के बीच झारखंड में बांग्लादेश मूल के लोगों की घुसपैठ का खतरा बढ़ गया है. झारखंड पुलिस की स्पेशल ब्रांच ने इसकी आशंका जताते हुए अपनी रिपोर्ट सौंपी है. स्पेशल ब्रांच के एसपी ने राज्य के सभी उपायुक्त, रांची, धनबाद व जमशेदपुर के एसएसपी और सभी जिलों के एसपी को पत्र लिखकर आगाह किया है कि बांग्लादेश के नागरिकों द्वारा घुसपैठ किए जाने से इंकार नहीं किया जा सकता. लिहाजा, ऐसे मामलों में निगरानी रखने की सख्त जरूरत है, ताकि घुसपैठ को रोका जा सके. पत्र में यह भी कहा गया है कि अगर घुसपैठ से संबंधित कोई सूचना किसी अधिकारी को मिलती है, तो वे अविलंब कार्रवाई करते हुए स्पेशल ब्रांच को इसकी सूचना साझा करें. घुसपैठ की आशंका के बाद राज्य के मुख्य सचिव ने भी संताल के छह जिलों के डीसी और एसपी के साथ बैठक



कर कई बिन्दुओ पर दिशा निर्देश दिए हैं. स्पेशल ब्रांच के इस अलर्ट के बाद झारखंड पुलिस और जिला प्रशासन काफी सचेत है. बता दें कि पिछले दिनों बांग्लादेश में तख्ता पलट के बाद झारखंड के सीमावर्ती वैसे इलाकों में चौकसी तेज बढ़ा दी गयी, जो बांग्लादेश की सीमा के करीब हैं.

## घटना वीभत्स, सीबीआई जांच करेगी : जस्टिस शिवगणनम

लगातार न्यूज नेटवर्क। कोलकाता

- कोलकाता हाईकोर्ट ने सीसीटीवी फुटेज सभी बयान मांगे
- प्रिंसिपल डॉ संदीप घोष को लंबी छुट्टी पर जाने को कहा

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या मामले की जांच सीबीआई को सौंप दी है. कोर्ट ने आदेश दिया है कि इस मामले से जुड़े सीसीटीवी फुटेज, सभी बयान बुधवार की सुबह 10 बजे तक सौंपे जाएं. इससे पहले कोलकाता हाईकोर्ट ने इस घटना पर बेहद अफसोस जताया. अदालत ने मंगलवार को कहा कि ये बहुत वीभत्स घटना है. इस घटना के बाद पूरे देश में आक्रोश है. मेडिकल कॉलेज के छात्र से लेकर तमाम कर्मियों ने हड़ताल कर दी है और सभी न्याय की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं.

दरअसल, ट्रेनी महिला डाक्टर के साथ दुष्कर्म कर हत्या मामले में कई लोगों द्वारा दाखिल याचिकाओं पर हाईकोर्ट सुनवाई कर रहा था. चीफ जस्टिस टीएस शिवगणनम और जस्टिस हिरण्मय भट्टाचार्य की खंडपीठ ने पाया कि जांच में कुछ कमी है. अदालत ने कहा कि इस तरह की निर्मम घटना पर डॉक्टरों एवं अन्य लोगों का अपनी भावनाएं व्यक्त करना जायज है.

**डॉ. संदीप घोष को क्यों बचा रही है राज्य सरकार ? :** अदालत ने पश्चिम बंगाल सरकार से यह भी पूछा कि वह कॉलेज के तत्कालीन प्रिंसिपल डॉ. संदीप घोष को बचा क्यों रही है? सरकार उन्हें किसी और कॉलेज का प्रिंसिपल कैसे नियुक्त कर सकती है, जबकि वह पहले ही इस मामले में नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए पद से इस्तीफा दे चुके हैं. उनसे सबसे पहले पूछताछ होनी चाहिए थी, जबकि ऐसा नहीं हुआ. हाईकोर्ट ने डॉ संदीप घोष को लंबी छुट्टी पर जाने को कहा है.

-शेष पेज 7 पर

## रिम्स के जूनियर डॉक्टरों ने किया कार्य बहिष्कार




रिम्स परिसर में आंदोलन करते जूनियर डॉक्टर.

- ओपीडी व ओटी में सेवाएं बाधित, इमरजेंसी सेवाएं जारी रहीं

**रांची।** कोलकाता के आरजीकेएमसीएच की जूनियर महिला डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद बेरहमी से हत्या के विरोध में रिम्स के जूनियर डॉक्टरों ने मंगलवार को कार्य बहिष्कार किया. इस दौरान ओपीडी और रूटीन सर्जरी की सेवाएं बंद रही, जिससे इमरजेंसी में लोड बढ़ा रहा. रिम्स में सुबह नौ बजे ओपीडी खुली थी, सीनियर डॉक्टर बैठे थे. इसके बाद जूनियर डॉक्टरों ने ओपीडी बंद कराया. रिम्स में प्रतिदिन ओपीडी की दो हजार से ज्यादा पर्चियां कटती है, लेकिन मंगलवार को सुबह में मात्र 271 ओपीडी की पर्ची कटीं. जूनियर डॉक्टर चिकित्सक अधीक्षक कार्यालय के समक्ष रिम्स ओनियन हॉल में जमा हुए और शाम तक डटे रहे.

## अडानी महाघोटाले की जेपीसी जांच को मुद्दा बनाएगी कांग्रेस



दिल्ली में एआईसीसी मुख्यालय में बैठक करते खरगे व राहुल गांधी.

विशेष संवाददाता। रांची/दिल्ली

- झारखंड सहित अन्य राज्यों के विस चुनाव पर हाईलेवल मीटिंग

झारखंड सहित अन्य चार राज्यों के विधानसभा चुनाव को लेकर दिल्ली में कांग्रेस की हाईलेबल मीटिंग हुई. अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने की. बैठक में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समेत महासचिव, प्रभारी एवं प्रदेश अध्यक्ष शामिल हुए. बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया कि अडानी महाघोटाले की जांच जेपीसी से कराने और जातिगत जनगणना कराए जाने की मांग की जाएगी. राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस इन दोनों मसलों को प्रमुखता से उठाएगी.

**झारखंड की सभी 81 विस सीटों पर मंथन, कमेटी का दौरा शीघ्र :** आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए स्क्रीनिंग कमिटी की बैठक हुई. अध्यक्षता कमेटी के अध्यक्ष गिरीश चोड़नकर ने की. बैठक में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, स्क्रीनिंग कमेटी की सदस्य पूनम पासवान एवं प्रकाश जोशी शामिल रहे. इस दौरान झारखंड की सभी 81 विधानसभा सीटों की परिस्थितियों, सामाजिक समीकरणों, प्रमुख मुद्दों, गठबंधन दलों की स्थितियां एवं विधानसभा वार सांगठनिक पहलुओं पर विमर्श किया गया. विस चुनाव में कांग्रेस के बेहतरीन प्रदर्शन के लिए उम्मीदवारों के चयन हेतु बहुत जल्द स्क्रीनिंग कमेटी झारखंड का दौरा करेगी. यहां के नेताओं, कार्यकर्ताओं तथा चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवारों से कमेटी के अध्यक्ष और सदस्य मुलाकात कर जमीनी हालात से रू-ब-रू होंगे.

## शेख हसीना के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज

**ढाका।** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और छह अन्य के खिलाफ पिछले महीने हुईं हिंसक झड़पों के दौरान किराने की एक दुकान के मालिक की मौत को लेकर हत्या का मामला दर्ज किया गया है. व्यापक विरोध प्रदर्शन के बाद पिछले सप्ताह इस्तीफा देकर भारत भाग गयीं हसीना के खिलाफ दर्ज किया गया यह पहला मामला है. यह मामला किराने की दुकान के मालिक अबु सईद के




शुभचिंतक ने दर्ज कराया है, जिनकी मोहम्मदपुर में आरक्षण आंदोलन के समर्थन में 19 जुलाई को निकाले गए जुलूस के दौरान पुलिस की गोलीबारी में मौत हो गई थी. अन्य आरोपियों में अवामी लीग के महासचिव ओबैदुल कादर, पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमां खान कमाल और पूर्व पुलिस महानिरीक्षक चौधरी अब्दुल्ला अल मामून शामिल हैं. इनके अलावा कई उच्च पदस्थ पुलिस अधिकारियों और सरकारी अधिकारियों को भी मामले में आरोपी बनाया गया है.


जय जवान। जय किसान। जय झारखंड।

सूर्य सिंह बेसरा जिंदाबाद, कमल किशोर भगत अमर रहे, अनिल कुमार भगत जिंदाबाद।

झारखंड पीपुल्स पार्टी जिंदाबाद



सूर्य सिंह बेसरा
पूर्व विधायक
झारखंड पीपुल्स पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष

पूर्व विधायक स्व. कमल किशोर भगत के सपने

१. लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास।
२. शिक्षा, स्व-रोजगार उन्मूख से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना।
३. लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र के लोगों को रोजगार के अवसर की उपलब्धता सुनिश्चित कराना।
४. छोटे एवं लघु कुटीर उद्योगों का स्थापना कराना।
५. सामुहिक विचार, सामुहिक प्रयास, सामुहिक निर्णय, सामुहिक नेतृत्व के संकल्पों को जन-जन तक पहुंचाना।
६. समता जजमेंट को लागू कराना।
७. हमारा गांव, हमारा राज की बुनियाद को बढ़ावा देना।
पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत के इन्ही सपनों को पूरा करने हेतु आईए हम सभी मिलकर दृढ संकल्प लें और लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास में अपना शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करें।



स्व. कमल किशोर भगत
झारखंड आंदोलनकारी नेता सह पूर्व विधायक लोहरदगा

77वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के पावन अवसर पर पूरे लोहरदगा जिला और झारखंड प्रदेश वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं



निवेदक
अनिल कुमार भगत
झारखंड पीपुल्स पार्टी के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व विधायक स्वर्गीय कमल किशोर भगत के छोटे भाई


**अध्ययन** भारत में बिकनेवाले नमक व चीनी पर 'टॉक्सिक्स लिंक' का शोध

# सभी ब्रांड के नमक व चीनी में माइक्रोप्लास्टिक

एजेंसी। नयी दिल्ली



- 10 प्रकार के नमक और पांच प्रकार की चीनी की जांच
- माइक्रोप्लास्टिक का आकार 0.1 मिमी से पांच मिमी तक

भारतीय बाजार में बिकने वाले सभी ब्रांड के नमक और चीनी में प्लास्टिक के सूक्ष्म कण (माइक्रोप्लास्टिक) पाए गए हैं. चाहे बड़े ब्रांड हों या छोटे, पैकेज्ड हों या खुले में बिकते हों, सभी के नमक और चीनी में माइक्रोप्लास्टिक मिले हैं. यह दावा मंगलवार को प्रकाशित एक अध्ययन में किया गया है. पर्यावरण अनुसंधान संगठन 'टॉक्सिक्स लिंक' ने 'नमक और चीनी में माइक्रोप्लास्टिक्स' शीर्षक से यह अध्ययन किया. संगठन ने इस निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए टेबल नमक, सेंधा नमक, समुद्री नमक और स्थानीय कच्चा नमक सहित 10 प्रकार के नमक पर अध्ययन किया. साथ ही ऑनलाइन और स्थानीय बाजारों से खरीदी गई पांच प्रकार की चीनी की भी जांच की.

अध्ययन के दौरान नमक और चीनी के सभी नमूनों में माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी का पता चला, जो फाइबर, छर्रे, फिल्म और टुकड़ों सहित विभिन्न रूपों में मौजूद थे. इन माइक्रोप्लास्टिक का आकार 0.1 मिमी से लेकर पांच मिमी तक था. अनुसंधान के मुताबिक, आयोडीन युक्त नमक में बहुरंगी पतले रेशों और फिल्मों के रूप में माइक्रोप्लास्टिक्स की उच्चतम मात्रा पाई गई. 'टॉक्सिक्स लिंक' के संस्थापक निदेशक रवि अग्रवाल ने कहा कि हमारे अध्ययन का उद्देश्य माइक्रोप्लास्टिक्स पर मौजूदा वैज्ञानिक डेटाबेस में योगदान देना था, ताकि वैश्विक प्लास्टिक संधि इस मुद्दे का ठोस और केंद्रित तरीके से समाधान कर सके.

'टॉक्सिक्स लिंक' के एसोसिएट निदेशक सतीश सिन्हा ने कहा कि हमारे अध्ययन में नमक और चीनी के सभी नमूनों में माइक्रोप्लास्टिक की अच्छी खासी मात्रा का पाया जाना चिंताजनक है. इसे स्वास्थ्य प्रभावों पर परव्यापक अनुसंधान की जरूरत है.

### माइक्रोप्लास्टिक से स्वास्थ्य व पर्यावरण को नुकसान

माइक्रोप्लास्टिक एक बढ़ती हुई वैश्विक चिंता है, क्योंकि वे स्वास्थ्य और पर्यावरण दोनों को नुकसान पहुंचा सकते हैं. ये छोटे प्लास्टिक कण भोजन, पानी और हवा के माध्यम से मानव शरीर में प्रवेश कर सकते हैं. अनुसंधान में मानव अंगों जैसे फेफड़े, हृदय में भी माइक्रोप्लास्टिक पाया गया है.

**प्रति किलो नमक में 6.71 से 89.15 टुकड़े तक सांद्रता :** अध्ययन के अनुसार, नमक के नमूनों में माइक्रोप्लास्टिक की सांद्रता प्रति किलोग्राम नमक में 6.71 से 89.15 टुकड़े तक थी. आयोडीन युक्त नमक में माइक्रोप्लास्टिक की सांद्रता सबसे अधिक (89.15 टुकड़े प्रति किलोग्राम) थी, जबकि जैविक सेंधा नमक में सबसे कम (6.70 टुकड़े प्रति किलोग्राम) थी. वहीं, चीनी के नमूनों में माइक्रोप्लास्टिक की सांद्रता 11.85 से 68.25 टुकड़े प्रति किलोग्राम तक पाई गई. सबसे अधिक सांद्रता गैर-कार्बनिक चीनी में थी.

▼ ब्रीफ खबरें

### परिवहन विभाग का एकमुश्त सेटेलमेंट स्कीम

**रांची।** परिवहन विभाग ने टैक्स डिफॉल्टर वाहनों के लिए एकमुश्त सेटलमेंट स्कीम जारी किया है. इस स्कीम के तहत टैक्स डिफॉल्टर वाहनों को फाइन से राहत मिलेगी. परिवहन विभाग ने इसका आदेश जारी कर दिया है. जारी आदेश के अनुसार छह महीने के अंदर बकाया रोड टैक्स के अतिरिक्त 50 फीसदी फाइन की राशि जमा करने पर उस वाहन का अर्थदंड माफ कर दिया जाएगा. वहीं नीलाम पत्र वाद के बकायेदार वाहन मालिकों को भी उपरोक्त अर्थदंड माफी का लाभ देने के साथ ही साथ संबंधित वाहन के खिलाफ दायर नीलाम पत्रवाद भी विभाग द्वारा वापस ले लिया जाएगा.

27 से 29 अगस्त तक जैप वन परिसर में चलेगी बहाली प्रक्रिया

## झारखंड सैप में 565 पदों पर भूतपूर्व सैनिकों की होगी बहाली

**संवाददाता। रांची**

झारखंड के स्पेशल ऑक्सिलियरी पुलिस (सैप) की दोनों बटालियन में 565 पदों पर भूतपूर्व सैनिकों की बहाली होगी. रांची के डोरंडा स्थित झारखंड सशस्त्र पुलिस (जैप) वन परिसर में 27 से 29 अगस्त तक भूतपूर्व सैनिकों को विभिन्न पदों पर बहाल किया जायेगा. प्रशिक्षण निदेशालय के अनुरोध पर पुलिस मुख्यालय ने नियुक्ति प्रक्रिया के लिए छह सदस्यीय चयन समिति का गठन कर दिया है.



**अनुबंध के आधार पर होती है सैप में नियुक्तिः** सैप में सेवानिवृत्त जेसीओ, हवलदार व सिपाहियों की अनुबंध के आधार पर नियुक्ति होती है, जिन्हें एकमुश्त मासिक वेतन दिया जाता है. झारखंड के भूतपूर्व सैनिक उपलब्ध न होने पर ही रिक्त पदों पर दूसरे राज्यों के भूतपूर्व सैनिकों की नियुक्ति होगी. इन्हें एक वर्ष में 30 दिनों का क्षतिपूर्ति अवकाश मिलेगा. यात्रा भत्ता व दैनिक भत्ता सरकारी ड्यूटी के दौरान नियमानुसार होगा. कर्तव्यपालन के क्रम में उग्रवादी हिंसा में मारे जाने पर राज्य के पुलिसकर्मियों के आश्रितों को जो अनुग्रह अनुदान देय है, वह मृत सैपकर्मी के आश्रितों (पत्नी, पति, पुत्र, अविवाहित पुत्री, पुत्र की विधवा पत्नी, भाई, अविवाहित बहन, माता-पिता) को दिया जाएगा.

**किस पद के लिए कितनी रिक्तियां**

| | | | |
|---|---|---|---|
| सूबेदार मेजर : | 03 | हवलदार (चालक) : | 06 |
| सूबेदार (सामान्य) : | 13 | सिपाही (सामान्य) : | 385 |
| नायब सूबेदार (तकनीकी) : | 02 | सिपाही (चालक) : | 20 |
| सूबेदार (वितंतु) : | 20 | रसोईया : | 13 |
| नायब सूबेदार (आशु लिपिक) : | 01 | कुल : | 565 |
| हवलदार (सामान्य) : | 102 | ------ | -- |

### बहुद्देशीय सैप की दो वाहिनी का किया गया था गठन

भूतपूर्व सैनिकों की सेवा अनुबंध पर ली जा रही है, ताकि राज्य में विधि व्यवस्था बनाये रखने, नक्सल विरोधी अभियान को गति देने, राज्य की काराओं में सुरक्षा, औद्योगिक प्रतिष्ठानों की सुरक्षा, थाना, आउट पोस्ट (ओपी), टेंपररी आउट पोस्ट (टीओपी) में पर्याप्त सशस्त्र बल उपलब्ध हो सके. इसके लिए बहुद्देशीय सैप की दो वाहिनी (सैप वन टाटीसिलवे व सैप टू वाहिनी हलुदबनी जमशेदपुर) का गठन हुआ था. दोनों वाहिनियों का कार्यकाल 31 मई 2027 तक विस्तारित है.

### राज्यपाल ने राष्ट्रपति से की मुलाकात



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट की. इस दौरान दोनों ने राज्य के विकास से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की.

झारखंड राज्य आवास बोर्ड की बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय

# हाउसिंग के घर-जमीन का व्यावसायिक उपयोग करनेवालों का आबंटन होगा रद्द

**हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे और निक्की प्रधान को हरमू में घर बनाने के लिए मिलेगी जमीन**



बैठक में भाग लेते अध्यक्ष संजय लाल पासवान व अन्य.

**विशेष संवाददाता। रांची**

भारतीय महिला हॉकी खिलाड़ी सलीमा टेटे और निक्की प्रधान को राजधानी रांची के हरमू हाउसिंग कॉलोनी में गृह निर्माण के लिए जमीन दी जाएगी. झारखंड राज्य आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई बोर्ड की बैठक में यह निर्णय लिया गया. निर्णय लिया गया कि सलीमा टेटे को हरमू में सरकारी कोटा के तहत मकान निर्माण के लिए भूखंड संख्या- पी-2 के आवंटन के लिए गए निर्णय के बदले इसके समतुल्य रकवा का भूखंड संख्या- 10 (बी) के अंश भाग में दूसरा भूखंड उपलब्ध कराया जाएगा. वहीं निक्की प्रधान को हरमू में सरकारी कोटा से मकान निर्माण के लिए भूखंड संख्या पी-1 के आवंटन के लिए लिये गए निर्णय के बदले समतुल्य रकबा का भूखंड संख्या 10 (ए) के अंश भाग में दूसरा भूखंड उपलब्ध कराया जाएगा. इसके अलावा बैठक में आवास बोर्ड की संपदा का व्यावसायिक उपयोग करने वाले आवटियों का आवंटन रद्द करने का निर्णय लिया गया.

आवास बोर्ड के विभिन्न आय वर्ग के शेष बचे और नवनिर्मित संपादाओं के आवंटन के लिए विज्ञापन जारी करने का निर्णय लिया गया. बैठक में प्रधान सचिव, वित्त विभाग, सचिव, योजना एवं विकास विभाग,सचिव नगर विकास एवं आवास विभाग प्रबंध निदेशक आवास बोर्ड सहित सदस्य अनिलाष साहू, गुलाम अहमद गोकुल, नीतिन अग्रवाल,पवन महतो सहित विभिन्न विभागों के अफसर एवं इंजीनियर शामिल हुए.

**बोर्ड की बैठक में कौन-कौन से निर्णय लिए गए**

- अविभाजित बिहार राज्य आवास बोर्ड द्वारा विभिन्न बीमा निगमों से लिए गए ऋण के दायित्व विभाजन के फलस्वरूप राज्य आवास बोर्ड के हिस्से में दर्शाए गए ऋण के मूलधन की राशि का एकमुश्त योजना के तहत निपटारा होगा.
- बोर्ड के अंतर्गत विभिन्न प्रमंडलों में अमीन का पद सृजन करते हुए आवश्यकतानुसार आउटसोर्स से सेवा प्राप्त करने के लिए विभागीय अनुमति प्राप्त की जाएगी
- आवास बोर्ड, मुख्यालय के सेवानिवृत्त कार्मिक गोपाल प्रसाद, कनीय अभियंता का अनुमान्य उपदान की गणना राशि 3.50 लाख रुपये का भुगतान किया जाएगा. आवास बोर्ड (आवासीय भू-सम्पदा का प्रबंधन एवं निस्तार) विनियमावली में संशोधन की स्वीकृति दी गयी
- बोर्ड, मुख्यालय के कार्यालय कार्य के लिए एक कंप्यूटर खरीदने के लिए 83,100 रुपये की मात्र का प्रशासनिक स्वीकृति.
- आवास बोर्ड, मुख्यालय के कार्यालय कार्य के लिए एक हेवी डयूटी फोटोकॉपी मशीन खरीदी के लिए 3,94,638 रु की तकनीकी एवं प्रशासनिक स्वीकृति.
- आवास बोर्ड, मुख्यालय एवं अध्यक्ष कोषांग के आगंतुक कक्ष के लिए उपस्करों की खरीदी जेम पोर्टल के माध्यम से करने के लिए 17,50,798 रुपये की स्वीकृति.
- हरमू स्थित उच्च आय वर्गीय भूखंड संख्या एचएभी-34 के बदले वैकल्पिक व्यवस्था के तहत उच्च आयवर्गीय भूखंड संख्या-एचएभी -34 ए समतुल्य रकबा के आवंटन की स्वीकृति.
- बोर्ड केहरमू स्थित अस्थायी निरीक्षण भवन-सह अतिथिशाला में सौंदर्यीकरण कार्य के प्राक्कलन के लिए 1,99,200 रु की प्रशासनिक स्वीकृति.
- सारले आवासीय कॉलोनी स्थित पुराने कार्यालय भवन के बगल में खाली जमीन (एच-19 से एच-23 एवं एम-31 से एम-35) विकास कार्य अंतर्गत चहारदिवारी निर्माण कार्य के लिए 14.72,610 रु की प्रशासनिक स्वीकृति.
- बारालोटा, डालटनंगज आवासीय कॉलोनी स्थित कार्यालय भवन के नवीनीकरण कार्य के लिये 20,95.400 रु की प्रशासनिक स्वीकृति.
- सारले आवासीय कॉलोनी, हजारीबाग स्थित नवनिर्मित 16 मध्यम आय वर्गीय फ्लैटों (ब्लॉक-ए से ब्लॉक "आई") के सामने 520 फीट पीसीसी रोड का निर्माण कार्य के लिए 10,70,000 रु की प्रशासनिक स्वीकृति.
- सारले आवासीय कोलोनी स्थित नव निर्मित कार्यालय-सह-निरीक्षण भवन एवं 16 मध्यम आय वर्गीय आवासीय कांप्लेक्स के विकास कार्य अन्तर्गत चाहरदिवारी निर्माण कार्य के लिए 50.07.990 रु की प्रशासनिक स्वीकृति.
- हीरापुर, धनबाद प्रमंडल अंतर्गत 100 एमआईजी हाऊस बी टाइप के चहारदिवारी निर्माण कार्य के लिए 30,90,295 रु की प्रशासनिक स्वीकृति.
- सारले. हजारीबाग आवासीय कोलोनी स्थित 16 नव निर्मित मध्यम्, ईडब्लूएस पलैटों एवं अन्य आवास बोर्ड की संपत्तियों के सुरक्षा हेतु चौकीदार कक्ष के निर्माण कार्य के लिए 14,30,200 रु की प्रशासनिक स्वीकृति.
- आवास बोर्ड, रांची प्रमंडल के कार्यालय में सौंदर्गीकरण कार्य के लिए23.89.400 रु की प्रशासनिक स्वीकृति.
- हरमू रांची स्थित स्वमी सहजानंद सरस्वती चौंक के समीप बोर्ड की चिन्हित भूखंड संख्या-3 एवं 7 पर बोर्ड की 65 वीं बैठक की कार्यवाही संख्या 26 द्वारा नगर निगम, रांची को अस्थायी पार्क के लिए दिये गये अनापति प्रमाण पत्र की वापसी की स्वीकृति
- झारखंड राज्य आवास बोर्ड, रांची के हरमू आवासीय कॉलोनी में चिह्नित भूखंड संख्या की कार्ययोजना तैयार करने की स्वीकृति.
- आवास बोर्ड, रांची के हरमू आवासीय कॉलोनी में चिह्नित भूखंड संख्या में आंशिक संशोधन की मंजूरी.

## नक्सली सूचना और आपराधिक घटनाओं का रिकॉर्ड जुटाने वाला विभाग खाली

- एसआईबी और एससीआरबी के सभी प्रमुख पद खाली
- सीएम सुरक्षा के एसपी का पद भी रिक्त पड़ा हुआ है

**सौरभ सिंह। रांची**

झारखंड पुलिस में नक्सलियों की जानकारी जुटाने वाला एसआईबी खाली पड़ा है. साथ ही आपराधिक घटनाओं का रिकॉर्ड जुटाने वाला विभाग एससीआरबी भी खाली है. एसआईबी में डीआईजी और एसपी दोनों के पद खाली हैं. वहीं एससीआरबी में आईजी और एसपी का पद लंबे समय से खाली पड़ा है. चौंकानेवाली बात यह है कि सीएम सुरक्षा के एसपी का पद भी रिक्त पड़ा हुआ है.

**खुफिया विभाग के सभी प्रमुख पद भी खाली :** राज्य में खुफिया सूचना जुटाने का काम स्पेशल ब्रांच का है. स्पेशल ब्रांच के प्रमुख एडीजी स्तर के अधिकारी होते हैं. लेकिन अक्टूबर 2021 में मुरारी लाल मीणा को यहां से हटाकर मुख्यालय एडीजी बनाया गया था, तब से यह पद खाली पड़ा है. स्पेशल ब्रांच में एडीजी नहीं होने से आईजी को प्रभार मिला है. वहीं स्पेशल ब्रांच में एसपी स्तर के चार पद हैं. लेकिन सबसे अहम सीएम सुरक्षा का पद रिक्त है. दो ही अधिकारी कुसुम पूनिया और चंदन झा की यहां नियमित पोस्टिंग है. पूरे विभाग में किसी अन्य आईपीएस अधिकारी की यहां नियमित पोस्टिंग नहीं की गयी है.

**झारखंड पुलिस में आईपीएस रैंक के 19 पद रिक्त**

- डीजी ट्रेनिंग
- डीजी रेल
- डीजी स्पेशल ब्रांच
- डीआईजी बजट
- एसीबी एसपी दो पद
- आईजी एससीआरबी
- डीआईजी एसआईबी
- डीआईजी रेल
- स्पेशल अस्सिटेंट डीजीपी
- एसपी सिक्योरिटी स्पेशल ब्रांच
- एसपी स्पेशल ब्रांच
- एसपी एसआईबी
- एसपी एसटीएफ
- एसपी जेएपीटीसी
- एसपी जंगल वॉरफेयर
- एसपी स्पेशल ब्रांच
- सीआईडी एसपी
- सिटी एसपी जमशेदपुर
- एसपी एससीआरबी
- ————————

**एसीबी डीजी सहित जैप व आईआरबी के कई पद रिक्त**

- डीजी एसीबी
- आईजी एसटीएफ
- जैप 4 कमांडेंट
- जैप 5 कमांडेंट
- जैप 8 कमांडेंट
- जैप 9 कमांडेंट
- आईआरबी 1 कमांडेंट
- आईआरबी 2 कमांडेंट
- आईआरबी 3 कमांडेंट
- आईआरबी 5 कमांडेंट
- आईआरबी 9 कमांडेंट
- आईआरबी 10 कमांडेंट
- एसआईआरबी 1 कमांडेंट
- ——————————

### पूर्व डीसी छवि समेत आठ आरोपियों की न्यायिक हिरासत 24 अगस्त तक बढ़ी

**संवाददाता। रांची**

रांची के बरियातू स्थित चेशायर होम रोड की भूमि की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपियों को मंगलवार को रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) के विशेष कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश किया गया. अदालत ने सभी आरोपियों की न्यायिक हिरासत अवधि 24 अगस्त तक बढ़ा दी है. जिन आरोपियों की कोर्ट में पेशी हुई,



उनमें रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन, प्रेम प्रकाश, भरत प्रसाद, राजेश राय, इम्तियाज अहमद, अफसर अली, लखन सिंह और मो सद्दाम का नाम शामिल है. फिलहाल यह केस चार्ज फ्रेम की स्टेज पर है.

### स्वतंत्रता दिवस को लेकर ट्रेनों और स्टेशन पर चेकिंग

**रांची।** स्वतंत्रता दिवस को लेकर ट्रेनों और स्टेशन में आरपीएफ मुरी ने मंगलवार को चेकिंग अभियान चलाया. कमांडेंट पवन कुमार के निर्देश पर यह चेकिंग की गयी. निरीक्षक संजीव कुमार के नेतृत्व में आरपीएफ ने मंगलवार को कई ट्रेनों सहित स्टेशन परिसर की तलाशी ली और यात्रियों को भी जागरूक किया गया. इसी क्रम में आरपीएफ ने यात्रियों को भी यात्रा के दौरान सावधानी बरतने संबंधी कई उपाय बताया.

### जमीन कारोबारी कमलेश को कोर्ट में पेशी के बाद भेजा गया होटवार जेल

**संवाददाता। रांची**

पत्रकार से जमीन कारोबारी बने



कमलेश कुमार की रिमांड अवधि पूरी होने के बाद एजेंसी ने उसे कड़ी सुरक्षा के बीच रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ़ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में उसे पेश किया. जिसके कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेज दिया है. ईडी ने रिमांड अवधि के दौरान उससे कई बिंदुओं पर पूछताछ की है. बता दें कि लैंड स्कैम से जुड़े केस में ईडी ने पिछले महीने कमलेश के घर पर छापेमारी की थी. जिसमें उसके घर से एक करोड़ रूपये कैश और 100 कारतूस बरामद हुए थे. ईडी की पूछताछ के बाद में कमलेश को गिरफ्तार किया था.

## लालकार्ड धारियों को अक्तूबर से मिलेगा चीनी और नमक

- 1.95 लाख क्विंटल नमक और 27 हजार क्विंटल चीनी खरीदेगा खाद्य आपूर्ति विभाग

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

राज्य के लाल राशन कार्डधारियों को अक्तूबर से एक किलो रिफाइंड आयोडाइज्ड नमक और चीनी दिया जाएगा. खाद्य आपूर्ति विभाग ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है. विभाग ने रिफाइंड आयोडाइज्ड नमक और चीनी (व्हाइट क्रिस्टल सुगर) के लिए टेंडर जारी कर दिया है. नमक के लिए 29 अगस्त की शाम पांच बजे तक टेंडर जमा होगा. प्रीबिड मीटिंग 20 अगस्त को होगी. जबकि चीनी का टेंडर 28 अगस्त तक टेंडर जमा होगा. खाद्य आपूर्ति विभाग ने 1.95 लाख क्विंटल रिफाइंड आयोडाइज्ड नमक और 27 हजार क्विंटल चीनी के लिए टेंडर जारी किया है.

**किस प्रमंडल को प्रति महीना कितना मिलेगा नमक**

| प्रमंडल | नमक (क्विंटल में) |
|---|---|
| पलामू | 8826 .44 |
| उत्तरी छोटानागपुर | 21430 .23 |
| दक्षिणी छोटानागपुर | 11037 .14 |
| कोल्हान | 10861 .23 |
| संताल परगना | 14060 .02 |

**किस प्रमंडल को प्रति महीना कितना मिलेगा चीनी**

| प्रमंडल | चीनी (क्विंटल में) |
|---|---|
| पलामू | 2701 |
| उत्तरी छोटानागपुर | 7527 |
| दक्षिणी छोटानागपुर | 5959 |
| कोल्हान | 5557 |
| संताल परगना | 5069 |

## केंद्र सरकार की विदेश नीति पर दाग हैं बांग्लादेश की घटनाएं : बंधु

**विशेष संवाददाता। रांची**

प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि बांग्लादेश में व्यापक पैमाने हुई हिंसा की घटनाएं वास्तव में मानवता के सिर पर कलंक है. इसके साथ-साथ यह केंद्र सरकार की विदेश नीति पर वैसा धब्बा है, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी सक्रियता और व्यावहारिक नीति से दूर कर सकते थे. तिर्की ने प्रधानमंत्री मोदी से अपील की कि वे सभी वैश्विक मंच और विश्व समुदाय के बीच बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं के प्रति हुई हिंसा को सख्ती के साथ उठायें और भारत में एकता व सामाजिक सौहार्द स्थापित करने के लिए व्यावहारिक स्तर पर तेजी से कार्रवाई करें.तिर्की ने कहा कि किसी भी परिस्थिति और परिवेश में सभी जाति, समुदाय, धर्म और भाषा-भाषियों के बीच आपसी



एकता, सौहार्द एवं परस्पर सहिष्णुता की भावना सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसके बाद ही आर्थिक विकास और समाज कल्याण की बात मायने रखती है.

**बांग्लादेश से सीख लेने की जरूरत, आपसी सौहार्द न बिगाड़ा जाए :** तिर्की ने कहा कि बिना किसी किंतु-परंतु के बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हुई हिंसक वरदातों की वे कड़े शब्दों में निंदा करते हैं. जिस तरह से वहां अल्पसंख्यक हिंदुओं के साथ हिंसक घटनाएं घटी हैं, वह निंदनीय है. बांग्लादेश की घटना से सभी केवल एक बात सीख सकते हैं कि आपसी सौहार्द बढ़ाने और परस्पर मतभेद को दूर करने के साथ ही फिरकापरस्त ताक़तों से दूर रहने की जरूरत है. उन्होंने कहा कि भाजपा, पूरे समाज में शांति और सौहार्द की कीमत पर केवल अपना स्वार्थ सिद्ध करना चाहती है, जबकि कांग्रेस हमेशा से सांप्रदायिक सद्भाव की पक्षधर रही है. आज के परिप्रेक्ष्य में उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अपील की कि वे अपने वैसे किसी भी स्वार्थ को तिलांजलि दें, जिससे आपसी सद्भाव और सहिष्णुता को खतरा हो.

## विस्थापन-रोजगार के सवाल पर आंदोलन और तेज होगा : माकपा

- वाम दलों द्वारा पिछले 29 जुलाई से अनिश्चितकालीन धरना दिया जा रहा है, कोयला मंत्री से भी मिलेंगे

**संवाददाता। रांची**

माकपा के राज्य सचिव प्रकाश विप्लव ने कहा है कि ईसीएल की राजमहल परियोजना का प्रबंधन और जिला प्रशासन रैयतों, किसानों और बेरोजगार युवाओं की मांगों को टालने का काम कर रहा है, जिससे यहां के लोगों का असंतोष बढता जा रहा है. रैयतों, किसानों और बेरोजगार युवाओं की मांगों को लेकर वामदलों द्वारा पिछले 29 जुलाई से अनिश्चितकालीन धरना दिया जा रहा है. लेकिन जिला प्रशासन और ईसीएल प्रबंधन इस मामले में ज्यादा तत्परता नहीं दिखा रहा है. वामदल यहां के जनमुद्दों को लेकर आने वाले दिनों में आंदोलन का विस्तार करेंगे.



**कोयला मंत्री से मिलेगा प्रतिनिधिमंडल :** विप्लव ने बताया कि जल्द ही एक शिष्टमंडल देश के कोयला मंत्री किशन रेड्डी और कोयला मंत्रालय के सचिव से मिलकर यहां के विस्थापन की समस्याओं से उन्हें अवगत कराएगा. एहतेशाम अहमद ने कहा कि वामदलों द्वारा उठाए गए मुद्दे सही हैं. इन मुद्दों को हल करने के लिए लगातार संघर्ष की जरूरत है. सभा को अशोक साह के अलावा मो अख्तर, अरुण सहाय और दशरथ मंडल ने संबोधित किया.

### आईजी अखिलेश ने की लंबित कांडों की समीक्षा



**रांची।** रांची जोनल आईजी अखिलेश झा ने मंगलवार को अपने कार्यालय में लंबित कांडों की समीक्षा की. आईजी ने रांची ग्रामीण क्षेत्र में साइबर क्राइम से संबंधित लंबित कांडों की समीक्षा की. इस दौरान आईजी ने ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल और डीएसपी को निर्देश दिया की साइबर क्राइम से संबंधित कांडों को प्राथमिकता के आधार निष्पादन करें. जिन अनुसंधानकर्ताओं के जरिये कांड का निष्पादन करने में रूचि नहीं ली जा रही है. उन अनुसंधानकर्ताओं को चिन्हित कर उनके विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई करने और बेहतर अनुसंधान करने वाले अनुसंधानकर्ताओं को चिन्हित कर उन्हें पुरस्कृत करने का निर्देश दिया गया.

**बोला हमला** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने फिर सरकार और सीएम पर निशाना साधा

## मंईयां की नहीं, अपनी कुर्सी के लिए चिंतित हैं मुख्यमंत्री

- मंईयां जिंदा जला दी गईं, सैकड़ों सामूहिक दुष्कर्म हुए
- महिलाओं को 8000 रुपये प्रतिमाह देने की घोषणा मैनिफेस्टो में थी, अब 1000 रुपये का भरवाया जा रहा फॉर्म

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा रक्षाबंधन के दिन सांकेतिक रूप से कुछ महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना की पहली किस्त की 1000 रुपए राशि देने की घोषणा को नौटंकी करार दिया. प्रतुल ने कहा कि वस्तुतः रक्षाबंधन के दिन हेमंत सोरेन अपनी सरकार की रक्षा के लिए यह ड्रामेबाजी कर रहे हैं. मुख्यमंत्री को स्पष्ट करना चाहिए कि उनकी सरकार ने तो गरीब महिलाओं को 8000 रुपये महीना देने का वादा अपने निश्चय पत्र में किया था, उसका क्या हुआ? 2000 रुपए प्रतिमाह चूल्हा खर्चे में और 6000 रुपए गरीब परिवारों को देने का साफ जिक्र है निश्चिय पत्र में. अब चुनाव को देखकर मात्र 1000 रुपये प्रति माह का झुनझुना थमाने की तैयारी हो रही है.

**योजनाओं को जमीन पर उतारने में हेमंत सरकार फिसड्डी**



शाहदेव ने कहा कि हेमंत सरकार का डिलीवरी मेकैनिज्म वैसे भी बहुत ही घटिया है. सरकार ने 26 जनवरी 2022 को पूरे तामझाम से गरीबों के लिए 25 रुपये प्रति लीटर पेट्रोल सब्सिडी की शुरुआत की थी. ये योजना अब लगभग बंद हो गयी है. अबुआ आवास में सिर्फ वित्तीय वर्ष 2023-24 में पहले किश्त जारी की गई है. 2024 - 25 वित्तीय वर्ष की तो कोई किश्त भी जारी भी नहीं हुई है. पूरे राज्य में एक भी अबुआ आवास आज तक बनकर तैयार नहीं हुआ. मंईयां सम्मान योजना में वित्त मंत्री साफ कह रहे हैं कि आकस्मिक निधि से इस वित्तीय वर्ष में सिर्फ 1000 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है, जबकि एक महीने में 50 लाख महिलाओं को इस योजना में 500 करोड़ देने पड़ेंगे. प्रतुल ने कहा कि तो क्या सरकार मान रही है कि वह सिर्फ दो महीने का झुनझुना है और उसके बाद यह योजना बंद हो जाएगी.

**पौने पांच वर्षों के कार्यकाल में लगभग 7000 दुष्कर्म की वारदातें :** प्रतुल ने कहा कि इस सरकार के पौने पांच वर्षों के कार्यकाल में लगभग 7000 दुष्कर्म की घटनाएं हुई. एक आदिम जनजाति की बेटी के 50 टुकड़े कर दिए गए, तो दुमका में एक बेटी को जिंदा पेट्रोल छिड़क कर जला दिया गया. बरहेट में एक नाबालिग आदिवासी बेटी को रेप के बाद फांसी पर लटका कर हत्या कर दी गई. सैकड़ों सामूहिक दुष्कर्म की घटनाएं हुई. इन सारे रेप के जघन्य मामलों पर सरकार असंवेदनशील क्यों रही? सरकार को श्वेत पत्र जारी कर बताना चाहिए कि कितने मामलों में उन्होंने फास्ट ट्रैक कोर्ट के जरिए दुष्कर्मियों को सजा दिलाई और कितने मामलों में अभी भी चार्जशीट नहीं हुआ. प्रतुल ने कहा, यह श्वेत पत्र सरकार कभी जारी नहीं करेगी, क्योंकि इससे सरकार की कलई खुल जाएगी.

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



www.lagatar.in | रांची, बुधवार 14 अगस्त 2024 ● श्रावण शुक्ल पक्ष 10 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 2, अंक : 127 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

# सुप्रीम कोर्ट ने फिर से कहा- जमानत नियम है और जेल अपवाद

## अदालतें उचित मामलों में जमानत देने से इनकार करने लगीं, तो बुनियादी अधिकारों का उल्लंघन होगा

लगातार न्यूज नेटवर्क। नयी दिल्ली

- विशेष कानूनों के तहत गिरफ्तार व्यक्तियों पर भी जमानत के नियम लागू



- पिछले सप्ताह सिसोदिया को जमानत देते हुए भी शीर्ष अदालत ने यही बात कही थी

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक बार फिर से कहा है कि जमानत नियम है और जेल अपवाद है. कोर्ट ने विशेष कानून व अधिनियम के तहत मामलों के आरोपियों के लिए भी यही व्यवस्था देते हुए एक व्यक्ति को जमानत दी. सुप्रीम कोर्ट ने यह आदेश जलालुद्दीन खान नामक व्यक्ति को जमानत देते हुए सुनाया गया. जलालुद्दीन खान पर प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के कथित सदस्यों को अपने घर की ऊपरी मंजिल किराए पर देने के लिए यूएपीए और अब समाप्त हो चुकी भारतीय दंड संहिता की अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था.

उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदियों को जमानत देते हुए भी शीर्ष अदालत ने यही बात कही थी. अदालत के इस फैसले का असर पीएमएलए के तहत ईडी द्वारा गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की जमानत याचिकाओं पर भी पड़ेगा. न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति अगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि अगर अदालतें उचित मामलों में जमानत से इनकार करना शुरू कर देंगी, तो यह बुनियादी अधिकारों का उल्लंघन होगा. पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष के आरोप बहुत गंभीर हो सकते हैं, लेकिन कानून के अनुसार जमानत के मामले पर विचार करना अदालत का कर्तव्य है. जमानत नियम है और जेल अपवाद है, यह विशेष कानूनों पर भी लागू होता है. जमानत देने से इनकार करना, अनुच्छेद 21 के तहत प्रदत्त अधिकारों का उल्लंघन होगा.

एनआईए को जांच में पता चला है कि यह आपराधिक साजिश आतंकवादी और हिंसा की घटनाओं को अंजाम देने के इरादे से रची गई थी, जिससे आतंक का माहौल पैदा हो और देश की एकता और अखंडता को खतरा हो. पटना के फुलवारी शरीफ स्थित अहमद पैलेस में किराए पर आवास की व्यवस्था की और इसके परिसर का उपयोग हिंसक कृत्यों को अंजाम देने के लिए प्रशिक्षण और अपराध की साजिश रचने के मकसद से बैठकें आयोजित करने के लिए किया. बिहार पुलिस को यह भी सूचना मिली थी कि आरोपी व्यक्ति 2022 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रस्तावित यात्रा के दौरान अशांति फैलाने की साजिश रच रहा था. पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर 11 जुलाई 2022 को जलालुद्दीन खान के घर पर छापेमारी की थी.

**जज उत्तम आनंद हत्याकांड**

# हाईकोर्ट ने सीबीआई कोर्ट से मांगे केस से जुड़े सभी साक्ष्य

संवाददाता। रांची

धनबाद के जज उत्तम आनंद हत्याकांड के दोषियों लखन वर्मा और राहुल वर्मा की क्रिमिनल अपील पर झारखंड हाईकोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई. अदालत ने सीबीआई कोर्ट से इस केस से जुड़े सभी साक्ष्य और घटना का सीसीटीवी फुटेज कोर्ट में पेश करने का निर्देश दिया है. हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस रंगोन मुखोपाध्याय और जस्टिस प्रदीप श्रीवास्तव की डबल बेंच में दोनों दोषियों की याचिका पर सुनवाई हुई. अदालत में प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता सब्यसाची ने बहस की.



जज उत्तम आंनद (फाइल)

**सीबीआई कोर्ट के फैसले को हाईकोर्ट में दी है चुनौती :** दरअसल धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम उत्तम आनंद की हत्या मामले में धनबाद सीबीआई के स्पेशल कोर्ट ने 22 जुलाई को ऑटो चालक लखन वर्मा और उसके सहयोगी राहुल को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी. सीबीआई कोर्ट ने दोनों पर 25-25 हजार का जुर्माना भी लगाया गया था. सीबीआई कोर्ट के इस आदेश को लखन वर्मा और राहुल ने हाईकोर्ट में चुनौती दी है.

**ब्रीफ खबरें**

### उग्रवादी अर्जुन सिंह उर्फ नेपाल गिरफ्तार



**रांची।** रांची पुलिस ने पीएलएफआई उग्रवादी अर्जुन सिंह उर्फ नेपाल को गिरफ्तार किया है. एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए नगड़ी थाना क्षेत्र से फरार उग्रवादी अर्जुन सिंह को गिरफ्तार किया है. अर्जुन के खिलाफ गुमला जिला में नौ मामले दर्ज हैं, जिनमें वह फरार चल रहा था. रांची जिला में कोई मामला दर्ज न होने के कारण गुमला पुलिस को सूचित कर आगे की कार्रवाई की जा रही है. उग्रवादी अपनी पहचान छिपाकर रांची के नगड़ी इलाके में जीवन यापन कर रहा था. रांची पुलिस को मामले की जानकारी मिली, तो छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया.

### जंगली हाथी ने वृद्धा को कुचल कर मारा

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले में एक जंगली हाथी ने 70 वर्षीय महिला को कुचल कर मार डाला. घटना सोमवार की सुबह विश्व हाथी दिवस पर चाकुलिया प्रखंड के चियाबांधी गांव में हुई. मृत महिला की पहचान रत्नी साबर के रूप में हुई है. जानकारी के मुताबिक, महिला सुबह शौच के लिए जा रही थी, तभी हाथी ने उस पर हमला कर दिया. घटना के बाद ग्रामीण गंभीर रूप से घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत उसे मृत घोषित कर दिया.

### जेएसएससी सीजीएल 21 व 22 सितंबर को

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग, झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 का आयोजन 21 और 22 सितंबर को करेगी. जेएसएससी ने मंगलवार को नोटिफिकेशन जारी कर दिया है. मालूम हो कि जेएसएससी द्वारा इस परीक्षा का आयोजन बीते 28 जनवरी और 4 फरवरी को होना था. 28 जनवरी को परीक्षा का आयोजन किया भी गया था, लेकिन प्रश्न पत्र लीक हो गया था. विरोध प्रदर्शन के बाद परीक्षा को रद्द कर दिया गया था.

### ट्रेलर ने बाइक सवार युवक को रौंदा, मौत

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत लखीबागी स्थित प्रकाश होटल के समीप मंगलवार की सुबह ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई. मृतक की पहचान अर्जुन राणा (38) के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार, अर्जुन अपनी बाइक से तिलैया काम करने के लिए जा रहा था. इसी क्रम में प्रकाश होटल के समीप ट्रेलर की चपेट में आ गया. घटना के उसकी मौके पर ही मौत हो गयी. इधर, घटना की सूचना पर कोडरमा पुलिस घटना स्थल पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया.

# 200 यूनिट फ्री बिजली के लिए मीटर रीडिंग आज से

200 यूनिट तक बिजली की खपत रहने पर भुगतान में शून्य लिखा मिलेगा

कौशल आनंद। रांची

## 200 यूनिट तक खपत वाले उपभोक्ताओं को बिल नहीं देना होगा

- राज्य सरकार पर हर माह 344.36 करोड़ अतिरिक्त वित्तीय भार बढ़ेगा



### अब फ्लूयेंट ग्रिड कर रहा है सॉफ्टरेयर का संचालन

पूर्व में बिजली उपभोक्ताओं का सॉफ्टवेयर एचसीएल द्वारा किया जाता था. अब फ्लूयेंट ग्रिड द्वारा किया जा रहा है. पहले चरण में एचटी उपभोक्ताओं का बिल निकाला गया है. दूसरे चरण में 14 अगस्त से घरेलू उपभोक्ताओं का बिल निकाला जायेगा.

### 201 से 400 यूनिट तक इस्तेमाल करने पर इस तरह मिलेगा सब्सिडी का लाभ

- सरकार वर्तमान में 400 यूनिट तक खपत पर सब्सिडी देती है. यानी जिन उपभोक्ताओं को 400 यूनिट तक विभिन्न स्लेबों में जो सब्सिडी लाभ मिल रहा है, वह पूर्व की तरह मिलता रहेगा.
- 0-200 यूनिट का स्लैब हटा दिया गया है. उनकी बिजली मुफ्त हो जायेगी.
- 201 से 400 यूनिट तक इस्तेमाल करने वाले उपभोक्ताओं को 2.05 रुपये प्रति यूनिट की सब्सिडी दी जायेगी.
- 401 यूनिट से अधिक इस्तेमाल करने पर वर्तमान टैरिफ की दर 6.65 रुपये प्रति यूनिट की दर से भुगतान करना होगा.

सरकार की अति महत्वाकांक्षी 200 यूनिट फ्री बिजली स्कीम 14 अगस्त से पूरी तरह से धरातल पर उतर जाएगा. जेबीवीएनएल इस स्कीम का फायदा देने के लिए 14 अगस्त से मीटर रीडिंग शुरू करने जा रही है. 200 फ्री बिजली स्कीम पहली जुलाई से शुरू हो चुका है. यानी कि पहली जुलाई से बिल में जिन उपभोक्ताओं की खपत 200 यूनिट तक होगी, उन्हें किसी प्रकार का बिल नहीं देना है. मीटर रीडर उनका बिल निकालेंगे और 200 यूनिट तक खपत रहने पर भुगतान में शून्य लिखा मिलेगा.

**शहरी और ग्रामीण सभी उपभोक्ताओं को मिलेगा लाभ :** जारी संकल्प के अनुसार शहरी या ग्रामीण क्षेत्र के वैसे सभी उपभोक्ता जो 200 यूनिट तक बिजली खपत करते हैं, उन्हें मुफ्त बिजली का लाभ मिलेगा. रांची जिले में ऐसे पांच लाख 36 हजार 564 घरेलू उपभोक्ता हैं. इनमें 4.33 लाख उपभोक्ता हर माह लगभग 200 यूनिट तक बिजली का इस्तेमाल करते हैं. इन्हें फ्री बिजली योजना का लाभ मिलेगा.

**एनर्जी चार्ज व अन्य शुल्क नहीं लगेंगे :** मुफ्त बिजली योजना के तहत 200 यूनिट तक इस्तेमाल करने वाले उपभोक्ताओं को एनर्जी चार्ज, फिक्स्ड चार्ज, इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी आदि नहीं लगेंगे. जिन घरों में बिजली की खपत 200 यूनिट तक होगी, उनका बिल पूरी तरह माफ कर दिया जायेगा.

**राज्य के 41 लाख उपभोक्ताओं को मिलेगा लाभ :** राज्य भर में कुल घरेलू उपभोक्ताओं की संख्या 45,77,616 है. इनमें 41,44,634 उपभोक्ता ऐसे हैं, जो 200 यूनिट तक बिजली का इस्तेमाल करते हैं. ये सारे उपभोक्ता 200 यूनिट मुफ्त बिजली के दायरे में आ जायेंगे. इसके एवज में राज्य सरकार पर हर माह 344.36 करोड़ रुपये का अतिरिक्त वित्तीय भार बढ़ेगा. सरकार उक्त राशि सब्सिडी के रूप में झारखंड बिजली वितरण निगम को उपलब्ध करायेगी.

# स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर फुल ड्रेस रिहर्सल



मोरहाबादी मैदान में रिहर्सल का जायजा लेते आयुक्त व एसपीएसपी.

- मोरहाबादी मैदान में सभी प्लाटून ने रिहर्सल में भाग लिया

संवाददाता। रांची

मोरहाबादी मैदान में आज मंगलवार को स्वतंत्रता दिवस को लेकर फुल ड्रेस रिहर्सल किया गया. रांची आयुक्त, उपायुक्त और एसएसपी की निगरानी में सभी प्लाटून ने इसमें भाग लिया. 15 अगस्त को होने वाले मुख्य समारोह में होने वाले सभी कार्यक्रमों की भी प्रैक्टिस की गयी. इनमें मंच पर मुख्य अतिथि और दूसरे वीआईपी गेस्ट के बैठने की जगह क्या होगी, मुख्य अतिथि द्वारा वीरता पदक से नवाजे गये पुलिस अफसरों को किस तरह से पदक प्रदान किया जाएगा आदि शामिल रहा. रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि फुल ड्रेस रिहर्सल कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न करवा लिया गया है.

**सीएम हेमंत सोरेन करेंगे झंडोत्तोलन :** 15 अगस्त को मोरहाबादी मैदान में सीएम हेमंत सोरेन झंडोत्तोलन करेंगे. इसके लिए मोरहाबादी मैदान 200 पुलिस बल के साथ-साथ 50 से अधिक मजिस्ट्रेट के अलावा सादे लिबास में जवान तैनात रहेंगे. इस बार मुख्य समारोह में झारखंड पुलिस के अलग-अलग विंग के अलावा बिहार पुलिस भी हिस्सा ले रही है. बिहार पुलिस के साथ-साथ कुल 13 बटालियन परेड में हिस्सा लेंगी. इनमें सीआईएसएफ, आईटीबीपी, झारखंड जगुआर, जेएपी 01, जेएपी 10, एसएसबी, एनसीसी, स्काउट, रांची पुलिस (महिला और पुरुष बटालियन) और होमगार्ड शामिल हैं.

मंईयां सम्मान योजना: सफलता पर सीएम खुश

# रजिस्ट्रेशन 32 लाख के पार, गिरिडीह टॉप पर

शुभम किशोर। रांची

झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का रजिस्ट्रेशन मंगलवार की शाम तक 31 लाख 78 हजार पार हो चुका है. इसके लिए सीएम हेमंत सोरेन ने खुशी जाहिर की है. साथ ही मंईयां सम्मान योजना के पंजीयन की तिथि बढ़ाने पर विचार करने की बात भी कही है. उन्होंने अपने ऑफिशियल 'एक्स' हैंडल पर लिखा कि मंईयां सम्मान योजना के लिए प्रज्ञा केंद्रों में दिसंबर तक आवेदन भरे जा सकेंगे. साथ ही 30 अगस्त से शुरू हो रहे सरकार आपके द्वार में भी इस योजना में पंजीयन की सुविधा रहेगी.

**सीएम ने सभी का किया शुक्रिया :** झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की सफलता पर सीएम हेमंत सोरेन ने खुशी जाहिर की है. उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि बधाई, बधाई, बधाई. प्यारे राज्यवासियों, सरकार के सभी कर्मियों, अफसरों और 'इंडिया' गठबंधन के कर्मठ कार्यकर्ताओं, आप सभी ने कमाल कर दिया है. हमारी टीम की अद्भुत मेहनत और जुनून ने इतिहास रच दिया है. मंगलवार की शाम छह बजे तक हमने 32 लाख से भी ज्यादा बहनों का पंजीकरण कर लिया है, यह अविश्वसनीय है. यह सिर्फ शुरुआत है. बुधवार तक 36 लाख का आंकड़ा पार हो जाएगा. सीएम ने आगे लिखा कि आप सभी की मेहनत, लगन और समर्पण के लिए दिल से शुक्रिया, आप सब चैंपियन हैं. अब अगला लक्ष्य, जल्द से जल्द सम्मान राशि को लाभुक महिलाओं के खाते में पहुंचाना है.

# पटना स्टेशन से बरामद 50 लाख पांडेय गिरोह का था

संवाददता। रांची

- जांच के लिए झारखंड एटीएस की टीम पटना पहुंची
- पांडेय गिरोह से जुड़े रामगढ़ के पवन ठाकुर का था रुपया



पटना रेलवे स्टेशन से बीते 10 अगस्त को 50 लाख रुपया झारखंड के पांडेय गिरोह का था. इसे लेकर झारखंड एटीएस की एक टीम पटना पहुंच कर मामले की जांच में जुट गई है. इस मामले में एक व्यक्ति को पकड़ा गया था. जांच में यह बात सामने आई है कि बरामद पैसा झारखंड के रामगढ़ जिला के पवन ठाकुर का है. पवन ठाकुर सीधे तौर पर पांडेय गिरोह से जुड़ा हुआ है. फिलहाल इस गिरोह को विकास तिवारी द्वारा संचालित किया जा रहा है.

**क्या है मामला :** आरपीएफ ने बीते 10 अगस्त की रात पटना जंक्शन के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर हैंडलर बजरंग कुमार ठाकुर को रांची-पटना वंदे भारत ट्रेन से उतरने के बाद लाल रंग के ट्रॉली बैग में रखे 50 लाख रुपये के साथ पकड़ा था. पूछताछ में उसने बताया था कि रकम पवन ठाकुर की है. पटना पहुंचने के बाद पवन या उसका कोई आदमी फोन करता कि इसे कहां पहुंचाना है. इधर, आयकर की टीम ने बजरंग से पूछताछ की थी. उसके पास से मिले तीन मोबाइल की सीडीआर भी देखी गई थी.

**पहले कहा- ट्रेन में यात्री का रुपया चोरी किया है :** पटना जंक्शन से बजरंग ट्रॉली लेकर फुट ओवर ब्रिज से जा रहा था. उसकी गतिविधि देख कर आरपीएफ ने उसे रोका और बैग खोलने को कहा. उसने कहा कि ट्रॉली लॉक है. आरपीएफ ने पूछताछ शुरू की, तो चकमा देने के लिए कहा कि इसमें 50 लाख कैश है, जो मैंने वंदे भारत के एक यात्री की चोरी की है. आरपीएफ ने पटना से रांची के बीच जहां-जहां वंदे भारत रुकती है, वहां के आरपीएफ और जीआरपी से पूछताछ की, तो कहीं भी ऐसा केस दर्ज नहीं था. तब उसने बताया कि यह रकम रामगढ़ के रहने वाले कोयला कारोबारी पवन ठाकुर की है.

# हहारो नदी में दो लोग डूबे



**बालूमाथ (लातेहार)।** थाना क्षेत्र के मुरपा ग्राम के हहारो नदी के धोबघाट में नहाने के क्रम में डूबने से किशोर समेत दो की मौत हो गई. मृतक की पहचान मो सैनुल के पुत्र मो शाहबाज (20) एवं मो नौशाद के पुत्र मो फरहान (10) के रूप में हुई है. जानकारी के अनुसार शाहबाज व फरहान हाहारो नदी के धोबी घाट गए थे. नदी में नहाने के क्रम में फरहान डूबने लगा. उसे बचाने के लिए शाहबाज भी उसके पीछे चला गया, लेकिन वह भी गहरे पानी में डूब गया. ग्रामीणों से सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद शाहबाज का शव नदी से बरामद किया गया. वहीं, फरहान का शव नहीं मिल सका है.

**उद्यमियों को फायदा** झारखंड औद्योगिक नीति के प्रावधान में अहम बदलाव

# जीएसटी इंसेंटिव की जगह जीएसटी रिइंबर्समेंट

रवि भारती। रांची




### क्या होगा फायदा

- औद्योगिक इकाइयों को इलेक्ट्रॉनिक कैश लेजर से डेबिट करके भुगतान किए गए नेट एसजीएसटी की प्रतिपूर्ति की जाएगी.
- सभी इनपुट समाप्त होने के बाद औद्योगिक इकाई द्वारा वस्तुओं और सेवाओं की अंतर-राज्य आपूर्ति की जाएगी.
- कर क्रेडिट बही खाता में उपलब्ध होगा. एसजीएसटी प्रतिपूर्ति संबंधित नीति प्रावधानों के अनुसार वार्षिक रूप से की जाएगी.

झारखंड में लागू औद्योगिक नीति में अहम बदलाव किया गया है. राज्य की औद्योगिक नीति के प्रावधानों में से एक जीएसटी इंसेंटिव से संबंधित प्रावधान को विलोपित कर दिया गया है. इसकी जगह जीएसटी रिइंबर्समेंट का प्रावधान लागू किया गया है. यह प्रावधान झारखंड औद्योगिक एवं निवेश प्रोत्साहन नीति, झारखंड टेक्सटाईल एवं फुटवेयर नीति, झारखंड ऑटोमोबाइल एवं ऑटोकम्पोनेंट नीति, झारखंड औद्योगिक नीति और झारखंड औद्योगिक एवं निवेश प्रोत्साहन नीति में लागू होगा.

**क्यों लागू किया गया है यह प्रावधान :** राज्य में निवेश को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से पूर्व की औद्योगिक नीतियों में नेट वैट रिइंबर्समेंट अनुदान के रूप में औद्योगिक इकाइयों को दिया जा रहा था, लेकिन जीएसटी कर प्रणाली लागू होने के कारण स्टेट जीएसटी रिइंबर्समेंट औद्योगिक इकाइयों को देने का निर्णय लिया गया है. इस क्रम में विभिन्न औद्योगिक नीतियों में नेट वैट रिइंबर्समेंट के स्थान पर एसजीएसटी रिइंबर्समेंट की गणना राज्य के खजाने में वास्तविक वसूली के आधार पर की गयी है.

# चीन में 21 से जूनियर साइकिलिंग चैंपियनशिप झारखंड की सरिता और नारायण हिस्सा लेंगे

खेल संवाददाता। रांची

चीन के बीजिंग शहर में 21 से 25 अगस्त तक आयोजित जूनियर वर्ल्ड ट्रैक साइकिलिंग चैंपियनशिप में झारखंड की सरिता कुमारी और नारायण महतो भाग लेंगे. झारखंड साइकलिंग संघ के महासचिव शैलेंद्र पाठक ने बताया कि झारखंड के लिए बहुत ही गर्व की बात है कि पहली बार झारखंड के दो खिलाड़ी वर्ल्ड साइकिलिंग चैंपियनशिप में भाग ले रहे हैं. बताया कि सरिता कुमारी और नारायण महतो राष्ट्रीय प्रतियोगिता और एशियन प्रतियोगिता में पदक जीत चुके हैं. सरिता झारखंड के लोहरदगा जिले की रहने वाली हैं, वहीं नारायण महतो बोकारो जिला के रहनेवाले हैं. दोनों खिलाड़ी भारतीय दल में शामिल हैं और चीन में होने वाले जूनियर वर्ल्ड चैंपियनशिप में भाग ले रहे हैं. दोनों ही खिलाड़ियों को वर्ल्ड चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए चुने जाने पर राजमहल के सांसद विजय हांसदा, गिरिडीह के उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा, झारखंड साइकिलिंग संघ के अध्यक्ष मधुकांत पाठक, झारखंड साइकिलिंग संघ के उपाध्यक्ष अम्लान कुसुम सिन्हा, सुरेश कुमार, सुरजीत कुमार, अजय मुकुल टोप्पो, झारखंड साइकिलिंग संघ के कोषाध्यक्ष रणवीर सिंह, जेएसएसपीएस प्रशिक्षक रामकुमार भट्ट, प्रथम शर्मा, लखन हांसदा समेत खेलप्रेमियों ने बधाई दी.



सरिता कुमारी और नारायण महतो.

## ब्रीफ खबरें

### ललन बने किसान मोर्चा के सोशल मीडिया प्रभारी

**आदित्यपुर** । पूर्व मंडल अध्यक्ष ललन शुक्ला को भाजपा झारखंड प्रदेश किसान मोर्चा का सोशल मीडिया प्रभारी मनोनीत किया गया है. उन्होंने बताया कि संगठन के प्रदेश एवं जिला नेतृत्व और वरिष्ठ जनों का वे आभारी हैं. उन्होंने बताया कि संगठन में बूथ अध्यक्ष के दायित्व से लेकर मंडल अध्यक्ष और जिले के विभिन्न पदों में रहते हुए आज प्रदेश में यह दायित्व सौंपा गया है. इसे वे पूरी निष्ठा से निर्वहन करने का प्रयास करेंगे और संगठन हित में हर कार्य करेंगे.

### वीणापानी स्टेडियम में कल से फुटबाल प्रतियोगिता

**बहरागोड़ा** । बहारागोड़ा प्रखंड स्थित वीणापानी स्टेडियम में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 88वां रामकृष्ण शील्ड फुटबॉल तथा 32वां जामिरूल हक मेमोरियल फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ 14 अगस्त की सुबह 10.30 बजे से होगा. 15 अगस्त की सुबह 8.30 बजे वीणापानी स्टेडियम में झंडा फहराया जाएगा तथा 10.30 बजे से फुटबॉल मैच शुरू होगा. साथ ही मैच समापन के बाद विजेता और उपविजेता टीम के साथ-साथ बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार दिया जाएगा. प्रतियोगिता के लिए कमेटी की ओर से मैदान तथा मंच सजधज कर तैयार है.

### योगेन्द्र नाथ शर्मा 'अरुण' को तुलसी सारस्वत सम्मान

**जमशेदपुर** । सिंहभूम जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन (तुलसी भवन) की कार्यकारिणी ने तुलसी जयंती के अवसर पर देश- विदेश में जैन रामकथा पर विशेष शोध करने वाले साहित्य-साधक, महाकवि एवं राष्ट्रीय साहित्य अकादमी के पूर्व अध्यक्ष डॉ योगेन्द्र नाथ शर्मा 'अरुण'को तुलसी सारस्वत सम्मान से विभूषित करने का निर्णय किया है. डॉ. योगेंद्र राष्ट्रपति द्वारा महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिन्दी विवि, वर्धा की कार्य परिषद में नामित सदस्य हैं. 18 अगस्त को तुलसी जयंती समापन कार्यक्रम में सम्मान स्वरूप अंगवस्त्र, श्रीफल, स्मृति चिन्ह सहित 51,000 रुपया का चेक प्रदान किया जाएगा.

### भाजपाइयों ने गाजेबाजे के साथ निकाली तिरंगा यात्रा

**बहरागोड़ा** । बहारागोड़ा प्रखंड अवस्थित शिरिशतल चौक से मंगलवार को भाजपाइयों ने गाजेबाजे के साथ तिरंगा यात्रा निकाली. इस यात्रा में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी तथा पूर्व जिला अध्यक्ष सरोज महापात्र भी शामिल हुए. वहीं पार्टी कार्यकर्ताओं ने तिरंगा हाथ में लहराते हुए तथा नारे लगाते हुए पूरे बाजार क्षेत्र का भ्रमण किया. यात्रा नेताजी शिशु उद्यान परिसर में आकर समाप्त हुई. इस मौके पर देवदत्त साहू, गौरव पुष्टि, राजकुमार कर, तपन पैड़ा, भक्ति श्रीपंडा, हेमकांत भुईया, चंदन सीट आदि मौजूद थे.

### गोविंदपुर दुर्गा बाड़ी में सावन महोत्सव

**जमशेदपुर** । जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के गोविंदपुर दुर्गा बाड़ी में मंगलवार को सावन महोत्सव सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया. जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में जुगसलाई के विधायक मंगल कालिंदी उपस्थित हुए. मौके पर महिला समिति की ओर से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में महिलाओं के लिए मॉडलिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई. जिसमें खुशी कुमारी विजेता बनी. जिसे विधायक ने सम्मानित किया. मौके पर विधायक ने कहा कि भगवान शिव की भक्ति के लिए सावन का महीना अत्यंत पावन होता है.

### रंभा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में मना लाइब्रेरी दिवस

**जमशेदपुर**। रंभा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में मंगलवार को लाइब्रेरी दिवस का आयोजन किया गया. इस दौरान लाइब्रेरी के जनक डॉ. एसएस रंगनाथन को याद किया गया. सेंट्रल लाइब्रेरियन दीपाली मंडल ने पीपीटी के माध्यम से लाइब्रेरी के जनक की जीवनी पर प्रकाश डाला. बताया कि एक विद्यार्थी के जीवन में पुस्तकों का क्या महत्व है और लाइब्रेरी से वह किस तरह से अपने अध्ययन में समृद्धि ला सकता है.इंस्टीच्यूशंस के सचिव गौरव बचन ने कहा कि पुस्तकालय सिर्फ अध्ययन का केंद्र ही नहीं है बल्कि मनोरंजन और तनाव कम करने का एक सार्थक साधन भी है.

## भगवान बिरसा मुंडा स्टेडियम में स्वतंत्रता दिवस समारोह के लिए हुआ फुल ड्रेस रिहर्सल

# सरायकेला में उच्च शिक्षा मंत्री चंपाई सोरेन करेंगे झंडोत्तोलन

**संवाददाता । आदित्यपुर**



सरायकेला के भगवान बिरसा मुंडा स्टेडियम में मंगलवार को स्वतंत्रता दिवस को लेकर फुल ड्रेस रिहर्सल हुआ. इसमें जिले के डीसी-एसपी समेत सभी पदाधिकारी मौजूद थे. जिले में स्वतंत्रता दिवस का मुख्य कार्यक्रम स्थानीय बिरसा मुंडा स्टेडियम में होगा. यहां राज्य के उच्च शिक्षा मंत्री चम्पई सोरेन झंडोत्तोलन करेंगे.

आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप डीसी रविशंकर शुक्ला, एसपी मुकेश कुमार लुणायत, अपर उपायुक्त संजय कुमार दास, अनुमंडल पदाधिकारी सरायकेला सुनील प्रजापति, सामान्य शाखा उपसमाहर्ता, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी एवं सभी विभागों के वरीय पदाधिकारी सभी कार्यपालक पदाधिकारी व कार्यपालक अभियंता उपस्थित थे. 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला में आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम की तैयारियों के लिए विभिन्न पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई है. मुख्य कार्यक्रम स्थल भगवान बिरसा मुंडा स्टेडियम की साफ-सफाई, रंग-रोगन, मैदान समतलीकरण, पंडाल निर्माण, नगर निकाय क्षेत्र की साफ सफाई, नगर निकाय तथा प्रखंड क्षेत्र स्थित महापुरुषों स्वतंत्रता सेनानियों की मूर्तियों की सफाई तथा मुख्य कार्यक्रम स्थल पर पेयजल, चलन्त शौचालय, अग्निशामक वाहन (दल के साथ) की व्यवस्था और चिकित्सीय दल उपस्थित रहेंगे.

**निर्धारित समय**

- उपायुक्त आवास 08 :30 सुबह
- एसपी आवास 08 :45 सुबह
- मुख्य समारोह स्थल भगवान बिरसा मुंडा स्टेडियम 09 :10 सुबह
- समाहरणालय 10 :15 सुबह
- एसपी कार्यालय 10 :30 सुबह
- पुलिस लाइन 10 :55 सुबह

## रंग लाया आदित्यपुर के निवासियों का अनोखा आंदोलन

# सड़क पर धान रोपा तब निगम ने भरे गड्ढे

- लोगों ने सोमवार सुबह की थी गड्ढे में धान रोपनी

**संवाददाता । आदित्यपुर**

आदित्यपुर के नागरिकों का आंदोलन रंग लाया है. जिस जर्जर सड़क की मरम्मत के लिए सड़क के गड्ढों में सोमवार को धान रोपनी की गई थी, उसकी नगर निगम ने रातों-रात मरम्मत कर दी है.

आदित्यपुर आकाशवाणी चौक के समीप महीनों से सड़क जर्जर हो गयी थी. सड़क की मरम्मत के लिए पिछले दिनों नगर निगम को ज्ञापन सौंपा गया था और 72 घंटे में सड़क मरम्मत की मांग की गई थी. 72 घंटे बीत जाने पर भी जब नगर निगम ने सड़क की मरम्मत नहीं की तो सोमवार को विरोध में स्थानीय लोगों ने जर्जर सड़क के गड्ढों में धान रोपा था. सोमवार देर रात नगर निगम ने विशेष रूप से अभियान चलाकर सड़कों की मरम्मत करवा दी.

यह सड़क आकाशवाणी चौक से आरआईटी क्षेत्र को जोड़ने वाली मुख्य सड़क है. यह कोलकाता बाजार के पास महीनों से जर्जर हालत में थी. वहां कई गड्ढे हो गए थे, जो हर पल दुर्घटना को दावत दे रहे थे. इस सड़क से हजारों स्कूली बच्चों के साथ-साथ आम लोगों का आवागमन होता है. एनआईटी जैसे प्रमुख शिक्षण संस्थान का पहुंच पथ भी यही है.

इसकी दुर्दशा को देख स्थानीय लोगों के साथ भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष सतीश शर्मा, ललन शुक्ला, पूर्व युवा मोर्चा अध्यक्ष अमित सिंह, पूर्व युवा मोर्चा मीडिया प्रभारी शनि सिंह, पूर्व मंडल उपाध्यक्ष मिंटू पांडे, पूर्व महामंत्री किसान मोर्चा धीरेंद्र ओझा, सरोज सिंह , सत्यजीत साहू, सूरज सिंह, अभिषेक कुमार, गणेश प्रजापति, चंदन शर्मा, पवन सिंह, हरेंद्र सिंह, रहीस शर्मा, शांतनु चक्रवर्ती आदि ने निगम को ज्ञापन सौंप कर मरम्मत का आग्रह किया था.



रात में सड़कों के गड्ढे भरते मजदूर

## अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से बेनाशोल गांव के युवक की मौत

**संवाददाता । घाटशिला**

घाटशिला थाना क्षेत्र के कुतलीडीह गांव के समीप अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से डाउन लाइन पर एक युवक की मौत मंगलवार को हो गई. घटना की सूचना मिलते ही समाजसेवी कलीराम शर्मा मौके पर पहुंचकर जीआरपी थाना को सूचना दी. रेलवे पुलिस मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल घाटशिला भेज दिया. घटना के संबंध में बताया जाता है कि मृत युवक बेनाशोल गांव का रहने वाले रामचंद्र पूर्ति के पुत्र प्रधान पूर्ति है. पोस्टमार्टम के बाद मृतक के परिजनों को शव सौंप दिया गया.



## बाबू लाल ने की पर्यावरण बचाओ पेड़ लगाओ अभियान की शुरुआत

**संवाददाता । जादूगोड़ा**

झामुमो के केंद्रीय महासचिव बाबू लाल सोरेन ने आज मंगलवार को घाटशिला विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत न्यू सूरदा टाउन व घाटशिला कोर्ट में पर्यावरण बचाओ-पेड़ लगाओ अभियान की शुरुआत की. पहले दिन सुरदा बाबा तिलका चौक में साल वृक्ष, आम, कटहल आदि के 100 पौधे लगाए गए. श्री सोरेन ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य मकसद क्षेत्र को हरा-भरा कर पर्यावरण को बचाना है. इसके बाद उन्होंने विभिन्न पंचायतों से आये हुए ग्रामीणों की ज्वलंत समस्याओं को सुना व समाधान का भरोसा जताया.

इस अवसर पर सोहदा माझी बाबा दिलीप हेंब्रम के नेतृत्व में ग्रामीणों ने बाजार परिसर के अंदर प्रथम स्वतंत्रता सेनानी बाबा तिलका मांझी का आदमकद मूर्ति स्थापित करने का आग्रह किया. इसके पूर्व महिलाओं ने चरण धोकर पारंपरिक तरीके स्वागत किया. इस मौके पर गुड़ाबांधा के जिप सदस्य शिवनाथ मांडी, सिंहभूम यूरेनियम मजदूर यूनियन के सहायक सचिव लखन मुर्मु , सोहदा माझी बाबा दिलीप हेंब्रम, अगस्टिन विमल, मो.शब्बीर, सिदो मुर्मू, बिमल मार्डी, जितेन सोरेन, पोमा किस्कु, सिंगराई मुर्मू आदि उपस्थित थे.

## नव निर्वाचित प्रधान दलजीत सिंह ने सीजीपीसी का जताया आभार



दलजीत सिंह का अभिनंदन करते पदाधिकारी

**जमशेदपुर** । नामदा बस्ती गुरुद्वारा कमेटी के नवनिर्वाचित प्रधान दलजीत सिंह मंगलवार को साकची स्थिति सीजीपीसी कार्यालय पहुंचे. इस दौरान उन्होंने संगत के सात प्रधान, चैयरमैन समेत अन्य पदाधिकारियों का शांतिपूर्वक निष्पक्ष तरीके से चुनाव करवाने के लिए प्रधान, चेयरमैन सहित अन्य पदाधिकारियों का आभार जताया. इस मौके पर प्रधान भगवान सिंह, चेयरमैन सरदार शैलेंद्र सिंह, गुरमीत सिंह, महासचिव अमरजीत सिंह ने नव निर्वाचित प्रधान दलजीत सिंह को शॉल एवं सरोपा भेंट किया. सीजीपीसी प्रधान ने दलजीत सिंह से अपेक्षा की कि वह अच्छे लोगों को साथ लेकर कमिटी बनाकर गुरु घर की सेवा करेंगे. साथ ही 9 वर्षों तक सरदार महेंद्र सिंह बोझा द्वारा गुरु घर की अच्छी तरीके से सेवा करने के लिए उनका धन्यवाद किया. इस मौके पर सेंट्रल कमेटी के वरीय उपाध्यक्ष चंचल सिंह, सलाहकार सुखविंदर सिंह राजू, परविंदर सिंह सोहल, कुलविंदर सिंह पन्नू, सुखदेव सिंह बिट्टू, बलबीर सिंह, त्रिलोचन सिंह, जसपाल सिंह, दर्शन सिंह काले, गुरपाल सिंह टिंकू के अलावा नामदा बस्ती के परमजीत सिंह बोझा, रणजीत सिंह कलू, प्रताप सिंह मनोहरपुर, सतपाल सिंह टोकी सुखदेव सिंह सुखा सुखविंदर सिंह श्याम सिंह कमलजीत सिंह टोनी बलबीर सिंह बिल्ला जगदीप सिंह धर्मवीर सिंह रघुवीर सिंह गुरदीप सिंह आदि कई अन्य लोग उपस्थित थे

## युवाओं को खेती के लिए प्रेरित करने की जरूरत : सोखेन

### गम्हरिया के रापचा गांव में युवा महोत्सव का आयोजन




**संवाददाता । आदित्यपुर**

अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के मौके पर गम्हरिया प्रखंड क्षेत्र के रापचा गांव स्थित सामुदायिक भवन में मंगलवार को आसड़ा संस्था के द्वारा सिंज दिसोम जुग रिन जुवान, झारखंड स्वयंसेवी संस्थान और ओल इतुन आसरा सालडीह के सहयोग से युवा महोत्सव का आयोजन किया गया. इस अवसर पर एक छोटे से मेले में दीवार पर विभिन्न विषयों पर आधारित स्लोगंस की प्रर्दशनी लगाई गई थी. इसका बच्चों, युवाओं और अतिथियों ने अवलोकन किया. सामाजिक मुद्दों पर आधारित विशेष कुछ पंक्तियां संस्था के जागरण मुर्मू ने पढ़कर लोगों को सुनाई और उनकी सहमति और असहमति पर राय ली. इसके उपरांत पुष्पगुच्छ देकर अतिथियों का सम्मान किया गया. मौके पर मुख्य वक्ता सोखेन हेम्ब्रम ने कहा कि हमें खुशी इस बात की है कि आज युवाओं से संबंधित विचारों का मेला आयोजित किया गया है. इससे युवा पीढ़ी निश्चित रूप से प्रेरित होगी. उन्होंने कहा कि युवाओं को खेती के लिए भी प्रेरित करने की जरूरत है.

समाजसेवी जवाहरलाल माहली ने कहा कि आज के युवा देश के भविष्य हैं. सही मार्गदर्शन की आवश्यकता है. संताली फिल्म अभिनेता और निर्देशक सुरेन्द्र टुडू ने कहा कि कला और संस्कृति को बचाए रखने के लिए युवाओं की भूमिका अहम है. नेशनल मार्शल आर्ट कोच राकेश महतो ने कहा कि युवाओं को आत्मरक्षा के गुर सीखने चाहिए. सामाजिक संस्था अस्तित्व की फाउंडर मीरा तिवारी ने कहा कि बदलाव लाने के लिए महिलाओं को आगे आने की जरूरत है. संताली लेखक प्रेमचन्द्र मार्डी, असीत महतो और कई अन्य लोगों ने भी समारोह को संबोधित किया. समारोह का संचालन संस्था के युवा सदस्य अजय बेसरा ने किया.

## रोटरी क्लब ने रेलवे अधिकारियों को सौंपा विशाल राष्ट्रीय ध्वज



जमशेदपुर में रेलवे के अधिकारियों को टाटा नगर रेलवे स्टेशन के लिए तिरंगा भेंट करते रोटेरियन

- 15 अगस्त को स्टेशन के बाहर फहरेगा 20 गुणा 30 फीट का तिरंगा

**जमशेदपुर** । स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर दलमा ने हर घर तिरंगा उत्सव के तहत मंगलवार को टाटानगर रेलवे स्टेशन को 20 गुणा 30 फीट का विशाल राष्ट्रीय ध्वज भेंट किया. यह तिरंगा झंडा क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन मनीष चौधरी, सचिव रोटेरियन सुचिस्मिता, सरस्वति घोष, वी मुरली मनोहर, रेणु कुमार और उमेश अग्रवाल द्वारा रेलवे के अधिकारी को सौंपा गया. इस अवसर पर रेलवे के विद्धत घोष (सीटीआई/आइ/सी), सुनील कुमार सिंह (डिप्टी एस एस, कमर्शियल, टाटा) और टाटानगर रेलवे स्टेशन के सिविल एवं डिफेंस टीम के अधिकारी उपस्थित थे. यह विशाल तिरंगा 15 अगस्त गुरूवार को टाटानगर रेलवे स्टेशन के बाहर फहराया जाएगा. इस संबंध में क्लब के अध्यक्ष मनीष चौधरी ने बताया कि इस पहल के माध्यम से हर घर तिरंगा उत्सव के अंतर्गत, रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर दलमा ने राष्ट्रभक्ति और एकता का संदेश फैलाने का उद्देश्य रखा है. यह विशाल तिरंगा झंडा देश के प्रति गर्व और सम्मान का प्रतीक है, जिसे टाटानगर रेलवे स्टेशन पर प्रमुखता से प्रदर्शित किया जाएगा.

## देशभक्ति रैफ ने 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत बाइक रैली निकाल लोगों को किया जागरूक

# तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर 'हर घर तिरंगा' पोर्टल पर अपलोड करें : कमांडेंट

**संवाददाता । जमशेदपुर**

सुंदरनगर स्थित रैपिड एक्शन फोर्स (रैफ) की 106वीं बटालियन ने मंगलवार को 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम के तहत भव्य तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया. यह रैली रैफ कैम्प परिसर से निकल कर सुंदरनगर एवं आस-पास के क्षेत्रों का भ्रमण कर रैफ कैम्प में लौटकर समाप्त हुई. इस विशेष आयोजन का नेतृत्व रैफ 106वीं बटालियन के कमांडेंट राजीव कुमार के निर्देशन में किया गया.

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्थानीय जनता को बाइक रैली निकाल कर देशप्रेम और राष्ट्रभक्ति के प्रति जागरूक किया गया. इस दौरान तिरंगा बाइक रैली में शामिल रैफ के जवान भारत माता का उद्घोष करते हुए लोगों में जोश और उत्साह भरा. रैली का मुख्य उद्देश्य "हर घर तिरंगा" का संदेश जन-जन तक पहुंचाना था. कमांडेंट राजीव कुमार ने इस अवसर पर सभी को तिरंगे के साथ सेल्फी लेकर "हर घर तिरंगा" पोर्टल पर अपलोड करने के लिए प्रेरित किया. उन्होंने इस पहल को भारत के 78वें स्वतंत्रता दिवस को मनाने के लिए एक अभिनव और रचनात्मक दृष्टिकोण के रूप में वर्णित किया. तिरंगा बाइक रैली में द्वितीय कमान अधिकारी शैलेन्द्र कुमार, विवेक कुमार, सीएमओ (एसजी) डॉ. अश्वनी कुमार, उप कमांडेंट नागेन्द्र सिंह, उप कमांडेंट मनीषा पाठक, सहित अन्य अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी, जवान और महिला कार्मिक शामिल थे.



## न्यूज अपडेट

### युवा जन शक्ति मोर्चा 15 को निकालेगा बाइक रैली



**आदित्यपुर** । युवा जन शक्ति मोर्चा पार्टी स्वतंत्रता दिवस के दिन 15 अगस्त को राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय झा के जन्मदिन पर तिरंगा बाइक रैली निकालेगा. यह जानकारी मोर्चा के पदाधिकारियों ने प्रेसवार्ता में दी. उन्होंने बताया कि युवा जनशक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभय झा का जन्मदिन दिन हर वर्ष 15 अगस्त को सेवा दिवस के रूप में पूरे राज्य के कार्यकर्ता द्वारा मनाया जाता है. इस संबंध में आज मंगलवार को यहां आयोजित प्रेस वार्ता में राष्ट्रीय महासचिव विकाश सिन्हा, राष्टीय उपाध्यक्ष प्रभात सिंह चौहान, कोल्हान अध्यक्ष मंजीत सिंह ने बताया कि 15 अगस्त को आदित्यपुर-2 से तिरंगा यात्रा के साथ बाइक रैली निकाली जाएगी. इसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष वृद्ध आश्रम जायेंगे और उन लोगों के साथ जन्मदिन का उत्सव मनाएंगे.

### दादी परिवार ने की बाबा बर्फानी की पूजा



**घाटशिला** । दादी परिवार घाटशिला की ओर से बाबा बर्फानी की पूजा का आयोजन मंगलवार को किया गया. सुनील जैन के नेतृत्व में बाबा बर्फानी की स्थापना की गई. बाबा बर्फानी के पूजा आयोजन में कबूतर आकर्षण का केंद्र बना रहा. इस पावन अवसर पर युवा नेता कुणाल षाड़ंगी को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था. कुणाल षाड़ंगी ने बाबा बर्फानी की विधिवत पूजा अर्चना की और श्रद्धा के साथ प्रसाद ग्रहण किया. बाबा बर्फानी की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली और सुख समृद्धि की कामना की गई. बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भागीदारी रही. इस मौके पर सौरव अग्रवाल, ललित अग्रवाल, विकाश आनंद, अमित अग्रवाल, आनंद अग्रवाल, प्रवीन अग्रवाल, कपिल शर्मा, गोपाल शर्मा मौजूद थे.

### सुंदरनगर के ताल्सा गांव में निकली तिरंगा यात्रा



**जादूगोड़ा** । भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा नेता उपेंद्र नाथ सरदार ने सुंदरनगर मंडल अंतर्गत ताल्सा व भुंड़ीडीह गांव में तिरंगा पदयात्रा निकाली. इस अभियान में भारी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया. मौके पर भाजपा नेता उपेंद्र नाथ सरदार ने कहा कि सभी लोग अपने घरों में 13 से 15 अगस्त तक तिरंगा लगा कर देश की एकता और अखंडता को मजबूती प्रदान करने में अहम भूमिका निभाएं. कार्यक्रम में मनोज सरदार, होपना माहली जिलाध्यक्ष विनानंद सिरका, रमेश हांसदा, कृष्णा हेम्ब्रम, एसटी मोर्चा मंडल अध्यक्ष मंगल केराई, जनता सरदार, मीठु सरदार, संजय सिंह मुंडा, सोमा दिग्गी, पातर दिग्गी आदि ने भाग लिया.

### वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार घायल



**घाटशिला** । थाना क्षेत्र के फुलडूंगरी चौक के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मंगलवार को बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. स्थानीय गराज मालिक ने तत्काल ऑटो से अनुमंडल अस्पताल घाटशिला पहुंचा. अनुमंडल अस्पताल की चिकित्सक डॉ रजनीश कौर ने प्राथमिक उपचार किया. सड़क दुर्घटना में घायल मृत्युंजय महाकुड मुसाबनी थाना क्षेत्र के टिलाईटाड का रहने वाला है. वह अपने घर से घाटशिला न्यायालय जा रहा था कि विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात वाहन ने धक्का मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया. चिकित्सक ने बताया कि उसके बाएं हाथ तथा शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर चोट है.

### स्ट्रीट लाइट को लेकर प्रशासक से मिले पुरेंद्र



**आदित्यपुर** । आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र के सभी 35 वार्ड में श्रीराम साइ और ईईएसएल द्वारा लगाए गए सभी खराब पड़े स्ट्रीट लाइट को मरम्मत करने एवं दुर्गा पूजा से पूर्व 1000 नए स्ट्रीट लाइट लगाए जाने की मांग को लेकर आज आदित्यपुर नगर निगम कार्यालय में प्रशासक रवि प्रकाश से आदित्यपुर नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह मिले. पुरेंद्र नारायण सिंह ने पेयजल की समस्या के तत्काल समाधान हेतु और 50 डीप बोरिंग पाइपलाइन सहित कराए जाने की मांग की है. पुरेंद्र नारायण सिंह ने प्रशासक से अनुरोध किया कि सड़क, नाली, शौचालय, सामुदायिक भवन, पार्क, छठ घाट इत्यादि के लिए जनता से प्राप्त आवेदनों के आधार पर शीघ्रताशीघ्र प्राक्कलन बनाकर निविदा प्रकाशित की जाए. नगर निगम प्रशासक रवि प्रकाश ने बतलाया कि स्ट्रीट लाइट रिपेयरिंग का काम प्रारंभ कर दिया गया है. वर्तमान में एक टीम रिपेयरिंग का कार्य कर रही है. शीघ्र ही स्ट्रीट लाइट रिपेयरिंग हेतु दो टीमों को लगाया जाएगा. उन्होंने यह भी बतलाया कि शीघ्र ही सभी वार्ड का सर्वे कराकर आवश्यकता अनुसार नए स्ट्रीट लाइट के लिए एक सप्ताह के अंदर निविदा प्रकाशित की जाएगी.

### सीआईएसएफ की तिरंगा रैली, बच्चों भी शामिल




**जादूगोड़ा** । सीआईएसएफ कमांडेंट ताराचंद की अगुवाई में यूसिल की तुरामडीह यूरेनियम प्रोजेक्ट के आवासीय कॉलोनी में तिरंगा रैली निकाली गई. इस तिरंगा रैली में परमाणु ऊर्जा केंद्रीय विद्यालय के विद्यार्थियों ने भी भाग लिया. यूसिल की सुरक्षा में जुटी केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) की जादूगोड़ा यूनिट ने तुरामडीह आवासीय परिसर में एईसीएस स्कूल के बच्चों के बीच तिरंगा झंडा वितरित किया. इसके बाद बच्चों के साथ पूरे परिसर में रैली निकाली गई तथा आम जनता को अपने घरों पर तिरंगा लहराने के लिए प्रोत्साहित किया गया. इस अवसर पर सीआईएसएफ कमांडेंट तारा चंद, निरीक्षक एसके सिंह, निरीक्षक घनश्याम झा, निरीक्षक हासिबुर रहमान सहित बल के जवान मौजूद थे.

### मानगो में चलाया हर घर तिरंगा वितरण अभियान



**जमशेदपुर** । मंगलवार को भाजपा मानगो मंडल महिला मोर्चा की अध्यक्ष मीना शर्मा के नेतृत्व में संकोसाई रोड नंबर 1, रामनगर, केंदूकोचा में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत हर घर तिरंगा का वितरण किया गया. इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला कोषाध्यक्ष और तिरंगा यात्रा के प्रभारी कृष्ण शर्मा काली उपस्थित थे. इसके अलावा, व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नीरज सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉक्टर जटाशंकर पांडे, भाजपा मानगो मंडल अध्यक्ष विनोद राय, महिला जिला उपाध्यक्ष सुशील शर्मा, ओबीसी जिला कार्यसमिति सदस्य रितु शर्मा एवं मंडल के अन्य पदाधिकारी, मोर्चा अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए.

## ईचागढ़ को सूखाग्रस्त क्षेत्र घोषित करने की मांग



**चांडिल ।** ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं का निराकरण करने के संबंध में मंगलवार को आजसू पार्टी के ईचागढ़ प्रखंड कमेटी की ओर से प्रखंड विकास पदाधिकारी को 10 सूत्री मांगपत्र सौंपा गया. पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष गोपेश कुमार महतो के नेतृत्व में सौंपे गए मांग पत्र में ईचागढ़ प्रखंड को सूखाग्रस्त क्षेत्र घोषित करने व किसानों को मुआवजा राशि का भुगतान करने, छात्र-छात्राओं की समस्याओं को देखते हुए आय, आवासीय व जाति प्रमाण पत्र 24 घंटे के अंदर निर्गत करने की मांग की गई है. किसानों को मुफ्त बीज व खाद मुहैया कराने, प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र समेत सभी स्वास्थ्य उपकेंद्र में पर्याप्त चिकित्सक, कर्मचारी और सभी प्रकार के दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की गई है. मत्स्य पालन करने वाले कृषकों को आर्थिक सहायता देने की मांग की गई है. प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मरम्मत कार्य चलने वाले सड़कों में जगह-जगह मिट्टी डालकर छोड़ दिया गया है. इसके कारण ग्रामीणों को आवाजाही में काफी परेशानी हो रही है. वैसे सड़कों का निर्माण व मरम्मत कार्य को पूरा करने, जब तक सुवर्णरेखा परियोजना द्वारा संपूर्ण मुआवजा राशि भुगतान नहीं हो जाता है तब तक चांडिल डैम का जलस्तर 179 मीटर पर स्थिर रखने, बेरोजगार युवाओं को केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के साथ जोड़कर स्वरोजगार प्रदान करने, प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत टीकर पुल की जर्जर स्थिति को देखते हुए अविलंब मरम्मत कराने और कांची वीयर योजना अंतर्गत आदारडीह शाखा नहर में पानी पहुंचाने की मांग की गई है. मौके पर जिला उपाध्यक्ष जितुराम महतो, शरत महतो, तुलसी महतो, भगत सिंह मुंडा, विजय दास, बीरबल गोप, शाब्बीर अंसारी, निर्मल महतो, रवींद्र नाथ महतो, वासुदेव दास समेत अन्य लोग उपस्थित थे.

### ब्रीफ खबरें

#### प्लस टू हाई स्कूल में फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन

**बंदगांव ।** कराईकेला प्लस 2 उच्च विद्यालय में फाइलेरिया की रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक करने के लिए फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इसका उद्घाटन वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत कराईकेला प्लस 2 उच्च विद्यालय प्रांगण में पंचायत की मुखिया गीता बानरा, पंचायत समिति सदस्य तीरथ जामुदा तथा प्रभारी प्रिंसिपल नूर बागे ने संयुक्त रूप से फाइलेरिया की गोली खाकर इस अभियान का शुभारम्भ किया. मौके पर एएनएम समिता एक्का, फाइलेरिया निरीक्षक अरविंद कुमार, आंगनबाड़ी सेविका आयोमनी प्रजापति, संध्या नायक, सहिया सीमा देवी, राजेश नायक समेत अन्य उपस्थित थे.

#### सोनुवा : देववीर गांव को मिला नया बिजली ट्रांसफार्मर

**चक्रधरपुर ।** सोनुवा प्रखंड के देववीर पंचायत के देववीर गांव का ट्रांसफार्मर 15 दिनों से खराब था. इससे ग्रामीण परेशान थे. गांव में खराब ट्रांसफर में को लेकर ग्रामीणों ने झारखंड पार्टी के केंद्रीय सचिव सह अधिवक्ता महेन्द्र जामुदा से संपर्क किया था. उनकी पहल पर मंगलवार को ग्रामीणों को नया बिजली ट्रांसफार्मर प्राप्त हुआ. इसे बुधवार को लगा दिया जाएगा. इससे गांव में बिजली आपूर्ति बहाल हो जाएगी. इसे लेकर ग्रामीणों ने खुशी जाहिर की. मौके पर निलम्बर पान, सुखदेव दास, लाला गोप, बुधराम सुरिन, प्रसन पूर्ति, मोहन आदि मौजूद थे.

#### जलमीनार की मरम्मत के लिए ग्रामीणों ने की बैठक

**चक्रधरपुर ।** बंदगांव-हुडंगदा पंचायत के महतो देवगांव में सोलर आधारित जल मीनार की मरम्मत को लेकर ग्रामीणों की बैठक हुई. इसकी अध्यक्षता 20 सूत्री सदस्य सह कांग्रेसी नेता महेश प्रसाद साहू ने की. बैठक में ग्रामीणों ने कहा कि यह जलमीनर छह महीना से खराब है. आंधी तूफान से सोलर क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण लोगों को पीने के लिए पानी नहीं मिल रहा है. उन्होंने कहा कि ठेकेदार भी अब तक सभी घरों में पाइप से पानी नहीं दिया है. ठेकेदार पर विभागीय कार्रवाई की जाए और जल्द जल मीनार का निर्माण कराया जाए. मौके पर कृष्ण चंद्र महतो, जसवंत महतो, प्रेम शिला देवी, सुमति देवी, सुनीता, ममता आदि मौजूद थे.

# खतरों से भरा है टीकर पुल से गुजरना, नदी में गिरने से बचा हाइवा

## करकरी नदी पर बना पुल जर्जर, सड़क गड्ढों में तब्दील



- खराब सड़क को लेकर कोई बोर्ड नहीं लगाया गया है
- रोजाना सैकड़ों माल वाहक वाहन गुजरते हैं इस सड़क से

**संवाददाता । चांडिल**

सरायकेला-खरसावां जिले के ईचागढ़ प्रखंड के टीकर के सामने रांगामाटी-सिल्ली सड़क पर करकरी नदी पर बने पुल पर सफर करना खतरे से खाली नहीं है. पुल पर और पुल के आगे-पीछे सड़क पर छोटे-बड़े अनगिनत गड्ढे बन गए हैं. सड़क पर बने इन गड्ढों और बदहाल सड़क को लेकर ना किसी प्रकार का सूचक बोर्ड लगाया गया है और ना कोई निशान लगाया गया है.

इसका नतीजा है कि आए दिन छोटे-बड़े वाहन दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं. बरसात के मौसम में रात के समय इस पुल से होकर सफर करना हादसे को आमंत्रित करना है. मंगलवार को भी यहां बड़ी घटना होते-होते टल गयी.

#### महत्वपूर्ण है रांगामाटी-सिल्ली सड़क

जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह टीकर के सामने करकरी नदी के पुल पर मिलन चौक की ओर से रांगामाटी की ओर जा रहा लोड हाइवा का चालक टीकर पुल पर वाहन से अपना नियंत्रण खो दिया. बदहाल सड़क के कारण हाइवा करकरी नदी में गिरने ही वाला था कि पुल के किनारे सड़क से सटकर रूक गया. रांगामाटी-सिल्ली सड़क इस क्षेत्र के अलावा आवागमन करने वालों के लिए काफी महत्वपूर्ण सड़क है. यह सड़क रांगामाटी के सामने से एनएच 33 को रामगढ़ से जोड़ती है. उक्त सड़क से रोजाना सैकड़ों की संख्या में मालवाहक वाहन गुजरते हैं. वहीं रांची, जमशेदपुर और जिला मुख्यालय सरायकेला को जोड़ने के लिए सिल्ली, सोनाहातु, कुकड़ू आदि स्थानों से कई यात्री वाहन भी चलते हैं. इस सड़क को नये सिरे नहीं बनाया जाता है तो कम से कम इसकी मरम्मत कर दी जाए.

## सीआरपीएफ, झारखंड पुलिस, स्काउट एंड गाइड व स्कूली बैंड पार्टी ने किया पूर्वाभ्यास

# डीसी व एसपी ने परेड का किया निरीक्षण

- स्वतंत्रता दिवस समारोह परेड का किया फुल ड्रेस रिहर्सल

**संवाददाता । चाईबासा**



स्वतंत्रता दिवस के पूर्वाभ्यास परेड का निरीक्षण करते डीसी और एसपी.



पूर्वाभ्यास परेड में शामिल झारखंड पुलिस की महिला जवानों की टुकड़ी.

पश्चिमी सिंहभूम जिला अंतर्गत 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह का आयोजन चाईबासा पुलिस लाइन में होगा. समारोह उपायुक्त (डीसी) कुलदीप चौधरी के नेतृत्व तथा पुलिस अधीक्षक (एसपी) आशुतोष शेखर की मौजूदगी में होगा. इस दौरान होने वाले परेड का फुल ड्रेस रिहर्सल मंगलवार को किया गया. रिहर्सल में सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक तदुपरांत उपायुक्त का आगमन हुआ. इसके बाद परेड में शामिल प्लाटून द्वारा दोनों पदाधिकारियों को सलामी दी गई. सलामी उपरांत उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने परेड का निरीक्षण तथा झंडोत्तोलन किया गया. पश्चिमी सिंहभूम जिला में पुलिस लाइन केंद्र-चाईबासा में आयोजित राजकीय समारोह में राज्य के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग और परिवहन विभाग के मंत्री दीपक बिरुवा 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह में सुबह 9:05 बजे झंडोत्तोलन करेंगे.

मुख्य कार्यक्रम के बाद सुबह 10 बजे सिंहभूम प्रमंडल आयुक्त कार्यालय सहित जिला परिषद कार्यालय, अनुमंडल कार्यालय-सदर चाईबासा, भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के कार्यालय तथा पूर्वाह्न 10:30 बजे जिला समाहरणालय में झंडोत्तोलन किया जाएगा.

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या 14 अगस्त को चाईबासा स्थित पिल्लई सभागार में दोपहर 1.30 बजे से स्कूली बच्चों की सहभागिता से सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को अपराह्न 1:30 बजे से बिरसा मुंडा स्टेडियम में फैंसी क्रिकेट मैच का आयोजन किया जाएगा. पश्चिमी सिंहभूम जिला अंतर्गत पूरे हर्षोल्लास तथा गौरवमयी वातावरण में स्वतंत्रता दिवस को समारोह पूर्वक मनाने तथा प्रत्येक नागरिक का ऑनलाइन माध्यम से चाईबासा में आयोजित मुख्य समारोह में भाग लेने को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से डीसी वेस्ट सिंहभूम फेसबुक पेज के माध्यम से राजकीय समारोह का सजीव प्रसारण भी किया जाएगा.

समारोह से जुड़ने के लिए लिंक https://www.facebook.com/WestSinghbhum.DC?mibextid=ZbWKwL पर विजिट करें। उक्त समारोह में केंद्रीय रिजर्व बल, जिला सशस्त्र पुलिस, गृह रक्षक, एनसीसी- टाटा कॉलेज/संत जेवियर उच्च विद्यालय-लुपंगुटू, स्काउट एंड गाइड-चाईबासा की कुल 10 प्लाटून तथा संत जेवियर उच्च विद्यालय-लुपंगुटू की बैंड पार्टी परेड में शामिल है.

फुल ड्रेस रिहर्सल समारोह के दौरान अपर उपायुक्त कमलेश्वर नारायण, सदर चाईबासा अनुमंडल पदाधिकारी अनिमेष रंजन, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) शिवेंद्र, जिला नजारत उप समाहर्ता देवेंद्र कुमार सहित अन्य पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे.

## न्यूज अपडेट

#### टेपासाई में तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू



**चक्रधरपुर ।** स्वतंत्रता दिवस को लेकर मनीष ब्रदर्स के तत्वावधान में मंगलवार को सोनुवा प्रखंड के टेपासाई स्थित संत जॉन्स स्कूल मैदान में तीन दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ. प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि झामुमो के युवा नेता जगत माझी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया. प्रतियोगिता में कुल 48 टीमें भाग ले रही है. प्रतियोगिता के पहले मुकाबले में लोकल ब्वायज पातासाई को जुलूम मियड जितकार होरा रे मतवासाई ने हरा दिया. प्रतियोगिता का फाइनल मुबाकला 15 अगस्त को खेला जाएगा. समापन समारोह की मुख्य अतिथि सिंहभूम की सांसद जोबा माझी हैं. सांसद के हाथों विजेता और उप विजेता टीम को पुरस्कृत किया जाएगा. इससे पूर्व मुख्य अतिथि जगत माझी का उद्घाटन सत्र स्वागत किया गया.

#### शैक्षिक समस्याओं पर एआईडीएसओ ने की परिचर्चा



**चांडिल ।** छात्र संगठन ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स आर्गेनाइजेशन चांडिल यूनिट की ओर से मंगलवार को पंचायत भवन परिसर में विभिन्न शैक्षणिक समस्याओं पर परिचर्चा आयोजित की गई. इस अवसर पर सिंहभूम कॉलेज चांडिल की समस्याओं को लेकर विशेष चर्चा की गई. कार्यक्रम में उपस्थित जिला अध्यक्ष विशेश्वर महतो ने कहा कि वर्तमान समय में सरकारी स्कूल-कॉलेजों में शिक्षकों की घोर कमी है. बिना वैकल्पिक व्यवस्था के कॉलेजों से इंटरमीडिएट की पढ़ाई को हटाई जा रही है. चांडिल अनुमंडल के एकमात्र डिग्री कॉलेज में हजारों छात्र पढ़ाई करते हैं. 16 विषयों में स्नातक व तीन विषयों में स्नातकोत्तर की पढ़ाई होती है, लेकिन शिक्षक सिर्फ 10 हैं. नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू करके निजीकरण-व्यापारीकरण को ही बढ़ावा दिया जा रहा है.

#### फुटबॉल के 200 खिलाड़ियों में से 40 का किया गया चयन



**गोइलकेरा ।** गोईलकेरा हाई स्कूल मैदान में मंगलवार को बिरसा स्पोर्टिंग क्लब गोईलकेरा व एसीबी इंडिया लिमिटेड, कोरबा छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में मनोहरपुर विधानसभा स्तरीय फुटबॉल खेल प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन किया गया. मंगलवार को गोईलकेरा के थाना प्रभारी कमलेश राय, झारखंड पार्टी के केंद्रीय सचिव सह अधिवक्ता महेंद्र जामुदा पहुंच कर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया. इस चयन प्रक्रिया में कुल 200 खिलाड़ियों ने भाग लिया. इसमें 40 खिलाड़ियों का चयन किया गया. मौके पर छत्तीसगढ़ के हेड कोच सोनाराम हेम्ब्रोम, जुगल पूर्ति, संतोष नायक, शकंर बहादुर, राजू हेम्ब्रोम, सोमनाथ बुहारिया, जुगल मिंज, रितिक पिंगुवा, बिरसा स्पोर्टिंग क्लब गोलकेरा के सदस्य कुंदन कुमार गोप, बासुदेव लकड़ा, चरण सिंह चाकी आदि मौजूद थे.

#### चारदीवारी निर्माण के लिए मंत्री को सौंपा मांगपत्र



**चक्रधरपुर ।** चक्रधरपुर विधानसभा के विभिन्न आदिवासी बहुल क्षेत्रों में जायरा स्थल की चारदीवारी निर्माण के लिए पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव सह समाजसेवी डॉ विजय सिंह गागराई ने मंगलवार को मंत्री दीपक बिरुवा को मांगपत्र सौंपा. मांगपत्र में कहा गया है कि चक्रधरपुर विधानसभा क्षेत्र में सैकड़ों आदिवासी बहुल गांव हैं. उन क्षेत्रों में स्थित जायरा स्थल में चारदीवारी नहीं है. इसके कारण आदिवासियों के पवित्र पूजा स्थल में कई जंगली जानवर जाकर उस क्षेत्र को पवित्र नहीं रहने दे रहे हैं. इसलिए जायरा स्थल की चारदीवारी का निर्माण बहुत ही जरूरी है. उन्होंने कहा कि यह पूरे आदिवासी समाज की मांग है कि हमारे पूजा स्थल को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाये. कैबिनेट मंत्री दीपक बिरुवा ने डॉ विजय को समस्या का जल्द दूर करने का आश्वासन दिया.

# भाजयुमो ने तिरंगा बाइक रैली निकाल लोगों को किया जागरूक



बाइक रैली में शामिल भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के कार्यकर्ता.

**संवाददाता । चांडिल**

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हर घर तिरंगा अभियान के तहत मंगलवार को ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में तिरंगा बाइक रैली निकाली गयी. सरायकेला-खरसावां जिला भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) की अगुवाई में चौका के सामने बड़ामटांड फुटबॉल मैदान से बाइक रैली निकली. इसका नेतृत्व ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के संयोजक आकाश महतो कर रहे थे.

तिरंगा बाइक रैली मुखिया होटल, चांडिल डैम रोड, चांडिल बाजार, चांडिल स्टेशन, चांडिल बस स्टैंड होते हुए चांडिल गोलचक्कर सिदो-कान्हू चौक पहुंचकर समाप्त हुआ. लोगों को राष्ट्रभक्ति के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से निकाली गई रैली में वंदे मातरम और भारत माता के जयकारे लगाए गए. रैली में बड़ी संख्या में जोश व उत्साह से लबरेज युवा शामिल हुए और स्थानीय लोगों को देशप्रेम के प्रति जगरूक किया. रैली में भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज, कोल्हान प्रभारी अमिताभ सेनापति, जिला अध्यक्ष अनुराग जायसवाल, युधिष्ठिर महतो के अलावा भाजपा के जिला महामंत्री मधुसुदन गोराई, देवाशीष राय, महेश कुंडू, अंकुर सिंह, विशाल चौधरी, सारथी महतो, दिवाकर सिंह, मधु बनर्जी समेत बड़ी संख्या में भाजपा नेता व कार्यकर्ता शामिल होकर लोगों का उत्साह बढ़ाया.

# दंतैल हाथी ने चहारदीवारी और दरवाजे तोड़े, फसल किया नष्ट

## एक क्विंटल चावल खाया व जमीन पर गिरा किया बर्बाद

**संवाददाता । चांडिल**



हाथी द्वारा तोड़ी गई चहारदीवारी को दिखाते पीड़ित.

झुंड से अलग घूम रहा दंतैल हाथी आतंक कम नहीं हो रहा है. हर रात हाथी किसी ना किसी क्षेत्र में मकान तोड़ कर और फसलों को नुकसान पहुंचा कर अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है. रविवार की रात चांडिल क्षेत्र में तोड़फोड़ करने के बाद सोमवार को हाथी नीमडीह प्रखंड क्षेत्र में प्रवेश कर गया. सोमवार की रात नीमडीह प्रखंड क्षेत्र के रामनगर टोला मुदीडीह में रवींद्रनाथ महतो के घर की चहारदीवारी तोड़कर आम के पौधे और मकई की फसल को खा गया. हाथी ने काशीनाथ महतो के घर का दरवाजा भी तोड़ दिया.

इसी गांव में जंगली हाथी ने भगवान महतो के घर का दरवाजा तोड़कर अंदर रखे चावल को अपना निवाला बनाया. पीड़ितों ने बताया कि हाथी करीब एक क्विंटल चावल खा गया और जमीन पर गिराकर बर्बाद कर दिया. इसके साथ ही हाथी ने नीमडीह प्रखंड क्षेत्र की सीमा गांव में बादल प्रमाणिक के मकान का दो लोहे का दरवाजा तोड़ दिया.

#### क्षेत्र के लिए बन गई बड़ी समस्या

चांडिल अनुमंडल क्षेत्र में जंगली दंतैल हाथी बड़ी समस्या बन गया है. यहां जंगली हाथियों का उत्पात रोकने के लिए अब तक किए गए सभी उपाय विफल हो गए हैं और हाथियों का आबादी वाले क्षेत्रों में उत्पात मचाना जारी है. गजराजों के आतंक से समूचा इलाका थर्राया हुआ है. ग्रामीण जानकारों का कहना है कि अमूमन हाथी अपनी राह चलते हैं. वे तभी किसी को नुकसान पहुंचाते हैं, जब उनके रास्ते कोई रूकावट पैदा करता है या हाथी के लिए जब कोई खतरा बनता है. कुछ साल पहले तक हाथी ना उत्पात मचाते थे और ना हिंसक थे. जबकि दलमा वन्य जीव आश्रयणी क्षेत्र में कई गांव अवस्थित हैं, जहां लोग हाथियों के बीच ही रहते हैं. अब सवाल उठता है कि हाथियों के रास्ते में रूकावट किसने डाला, उसके लिए खतरा कौन बना. पहले इसका पता लगाया जाना चाहिए कि किसकी गलती के कारण ग्रामीण हाथियों का आतंक झेल रहे हैं. ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथी की समस्या का स्थायी समाधान निकालने का आग्रह किया है.

**बैठक** मेघालया गेस्ट हाउस में पूर्व मुख्यमंत्री ने स्थानी लोगों की सुनीं समस्याएं और उसे दूर करने का दिया आश्वासन

# गुवा प्रबंधन ने वादा पूरा नहीं किया, उसके खिलाफ बड़ा आंदोलन शुरू होगा : मधु कोड़ा

- सीजीएम के नहींथे, इसलिए प्रबंधन से नहीं हुई वार्ता

**संवाददाता । किरीबुरु**



मेघालया गेस्ट हाउस में समीक्षा करते पूर्व सीएम मधु कोड़ा.



संयुक्त यूनियन के नेताओं के साथ बैठक करते मधु कोडा.

सेल, गुवा खदान के संयुक्त यूनियन के मजदूर नेताओं के साथ पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा ने गुवा स्थित अपने आवास पर सोमवार की रात बैठक की. इसमें पिछले दिनों गुवा खदान में स्लो डाउन आंदोलन से जुड़े मामलों की समीक्षा की गई. बैठक के बाबत मधु कोड़ा ने बताया कि उक्त आंदोलन के दौरान सेल, बीएसएल एवं गुवा प्रबंधन के अधिकारियों के साथ सेल की मेघालया गेस्ट हाउस में संयुक्त मोर्चा के बीच बैठक में सहमति बनने के बाद आंदोलन समाप्त किया गया था. लेकिन प्रबंधन अपना वादा पूरा नहीं कर रहा है. जल्द ही सेल की गुवा प्रबंधन से इसका कारण पूछेंगे. सम्मानजनक जबाब नहीं मिलने पर बड़ा आंदोलन अर्थात् आर्थिक नाकेबंदी भी शुरू की जा सकती है.

मधु कोड़ा मंगलवार को मेघालया गेस्ट हाउस पहुंचे. यहां लोगों ने उन्हें विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया. हालांकि सीजीएम के नहीं होने पर प्रबंधन से वार्ता नहीं हो सकी. मधु कोड़ा ने कहा कि सेल प्रबंधन किरीबुरु का प्रोस्पेक्टिंग, मुर्गापाड़ा आदि क्षेत्रों की जर्जर सड़कें, मेन मार्केट आदि क्षेत्रों की सिवरेज नालियों का निर्माण नहीं कर रहा है. इससे लोगों को परेशानी हो रही है. किरीबुरु-मेघाहातुबुरु की सभी बस्तियों में पेयजल की गंभीर समस्या, सेल की किरीबुरु-मेघाहातुबुरु जनरल अस्पताल में चिकित्सकों की भारी कमी के अलावे स्त्री, हड्डी व नश, ईएनटी, सर्जन, औषधि आदि विशेषज्ञ चिकित्सकों के नहीं रहने की वजह से सेलकर्मियों व आम मरीजों की जान पर हमेशा खतरा मंडराता है.

इन सभी समस्याओं को लेकर किरीबुरु-मेघाहातुबुरु प्रबंधन के खिलाफ भी आंदोलन छेड़ा जायेगा. इस दौरान मजदूर नेता रामा पांडेय, जयसिंह नायक, पंचम जौर्ज सोय, राजेश कोडा, रमेश गोप, राजकुमार झा, जीप सदस्य देवकी कुमारी, पंसस भादो टोप्पो, मुखिया पद्मिनी लागुरी, पद्मा केशरी आदि मौजूद थे. हेमंत सोरेन के मनोहरपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने की चर्चा पर मधु कोड़ा ने कहा कि लोकसभा चुनाव में झामुमो ने अपने सभी वरिष्ठ नेताओं को अलग-अलग झूठा आश्वासन दिया था कि सभी को विधानसभा चुनाव में झामुमो प्रत्याशी बनायेगी. इस झूठा आश्वासन व प्रत्याशी बनने की चाहत में सारे झामुमो कार्यकर्ता संविधान बदलने, वनाधिकार का पट्टा दिलाने आदि से मतदाताओं को गुमराह कर जोबा माझी को जिताने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. अब झामुमो किस-किस को प्रत्याशी बनायेगी. हेमंत सोरेन झामुमो की गुटबाजी को शांत कराने के लिए ऐसा कर रहे हैं. लेकिन इस बार मनोहरपुर विधान सभा क्षेत्र के झामुमो के नाराज कार्यकर्ता व क्षेत्र की मतदाता झामुमो को सबक सिखाने का काम करेगी.

### सदर अस्पताल से फरार हुए अपराधी ने मोबाइल फोन से अपने सहयोगी से की थी बातचीत, बाहर खड़ी थी कार

# एक पुलिसकर्मी के भरोसे अस्पताल लाया गया था खूंखार अपराधी

संवाददाता। हजारीबाग

शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पुलिस कर्मी की हुई हत्या के बाद तरह-तरह के सवाल उठ रहे हैं. कोई कह रहा है कि जेल से ही अपराधी जेलकर्मी को भी सेट कर रखा था. कोई कह रहा है कि अपराधी अन्य मरीज के मोबाइल फोन से अपने सहयोगी को फोन कर कार लेकर बुलाया था और घटना को अंजाम देकर फरार हो गया. वहीं सूत्र बता रहे हैं कि अपराधी से मुलाकात भी करने के कुछ दिन पहले कुछ सहयोगी भी जेल पर अक्सर आया करते थे और पिछले दो महीने से अपराधी भागने का प्लान बना रहा था, जिसमें जेल का ही एक पुलिसकर्मी शामिल था, जो अपराधी का सूचना तंत्र बनकर काम कर रहा था. यहां तक कि जेल के




फरार अपराधी और मृत सिपाही का फाइल फोटो, जिसे पुलिस ने जारी किया है.

सिपाहियों का भी आंकड़ा दे रहा था. उसने रांची रीमिक्स में इलाज करवाने के लिए पत्र लिखने की सलाह दी थी, लेकिन उसका वहां से भागना नामुमकिन था. इसके बाद उसने हजारीबाग सदर अस्पताल के कैदी वार्ड की पूरी जानकारी हासिल की. अपने सहयोगी को बुलाकर कैदी वार्ड का निरीक्षण करवाया, फिर योजना बनाकर कैदी वार्ड में भर्ती हो गया. लगभग हफ्ता भर उसका इलाज वहां हुआ था. इसके बाद अस्पताल में भर्ती अन्य मरीजों से उसकी धीरे-धीरे जान पहचान होने लगी और फिर मरीज के परिजनों से मोबाइल फोन लेकर उसने अपने सहयोगी से बात कर योजना बनाई. इसके बाद रविवार की रात सहयोगी कार लेकर हजारीबाग शहर के एक सुनसान स्थल पर इंतजार कर रहा था और घटना को अंजाम देकर अपने सहयोगी की कार में बैठकर फरार हो गया. बताया जा रहा है कि अपराधी लगभग 10:40 में हत्या करने के बाद फरार हो गया, जबकि इस बीच, वह सदर अस्पताल के कैदी वार्ड के टूटे हुए दरवाजे से अपना सिर निकाल कर अपने सहयोगी को बार-बार देख रहा था, जो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया. वहीं शहर के कई लोगों का कहना है कि हजारीबाग शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के पुराने पुरुष वार्ड में हमेशा मरीजों की भीड़ लगी रहती है और कैदी वार्ड के अगल-बगल भी वार्ड हैं. इसी बीच अस्पताल कर्मियों का भी कार्यालय है. उक्त घटना 1040 की बताई जा रही है, जबकि हत्या करने में भी उसे कम से कम आधे घंटा का वक्त लगा होगा, जबकि हत्या करने के वक्त पुलिसकर्मी की चीख पुकार भी हुई होगी, लेकिन किसी की नजर नहीं पड़ी और न ही चीख पुकार सुनाई पड़ी, जबकि 10:30 बजे रात तक मरीजों की आना-जाना और खाना होता है. सवाल उठता है कि क्या घटना के वक्त सारे अस्पताल कर्मचारी सो गए थे और अगर नहीं सोए थे तो फिर आवाज क्यों नहीं सुनाई पड़ी, जबकि अपराधी पहले पुलिस कर्मी का गला नहीं दबाया था बल्कि पहले स्लाइन पाइप से उस पर हमला किया था. सदर अस्पताल में अन्य पुलिसकर्मी भी रहते हैं. इसके अलावे नाइट गार्ड और नर्स की भी ड्यूटी रात भर होती है. अस्पताल में जगह-जगह पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं लेकिन अब तक पुलिस को फरार खूंखार अपराधी हाथ नहीं लग पाया है.

#### सुरक्षा देना पुलिस का काम : जेल अधीक्षक

जेल सुपरिंटेंडेंट से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि सुरक्षा देना पुलिस का काम है. जेल मैनुअल क्या कहता है इसकी जानकारी मुझे नहीं है, लेकिन सुनने में आ रहा है कि कुछ पुलिस जवान को सावन की ड्यूटी में लगाया गया है, जिसकी वजह से जिले में पुलिस की संख्या कम थी. वहीं इस संबंध में डीआईजी सुनील भास्कर और एसपी अरविंद सिंह के मोबाइल पर भी फोन लगाया गया, लेकिन उन्होंने व्यस्त रहने की बात कह कर फोन काट दिया.

## एनटीपीसी खनन परियोजना ने राष्ट्रीय ध्वज का वितरण किया

संवाददाता। करेडारी

एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना के तहत 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत तिरंगा झंडे का वितरण किया जा रहा है. वितरण समारोह महाप्रबंधक शिव प्रसाद के मार्गदर्शन में आयोजित हो रहा है. तिरंगा झंडा हर भारतीय के लिए गौरव और सम्मान का प्रतीक है.

यह हमारी राष्ट्रीय एकता का प्रतिनिधित्व करता है और भारतीय जनमानस की आशाओं और आकांक्षाओं को प्रकट करता है. शिव प्रसाद ने इस अवसर पर कहा, "हम भाग्यशाली हैं कि हमें स्वतंत्र भारत में जन्म लेने का अवसर मिला है. हमारा देश अपने गौरवशाली इतिहास के लिए जाना जाता है और भारत का नागरिक होना हमारे लिए गर्व की बात है. हमारा कर्तव्य है कि हम अपने देश की प्रगति और



तिरंगा का वितरण करते अधिकारी

समृद्धि में योगदान दें." सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तिरंगा झंडा देने के साथ-साथ भारत सरकार के 'हर घर तिरंगा' अभियान के उद्देश्य और महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई. इस तिरंगा वितरण समारोह को परियोजना के अपर महाप्रबंधक एसपी गुप्ता और रोहित पाल के नेतृत्व में सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है.

### ब्रीफ खबरें

#### वज्रपात की चपेट में आने से लड़की की मौत

**हजारीबाग।** इचाक प्रखंड के चम्पानगर नावाडीह में वज्रपात से एक नाबालिग लड़की की मौत हो गई. मृतक की पहचान नवाडीह पंचायत के राजेश रजक की पुत्री अंशु कुमारी (13) के रूप में हुई है. बताया जा रहा है कि नाबालिग धान रोपने अपने परिजनों के साथ गई गई थी. मंगलवार देर शाम अचानक वज्रपात होने लगी, जिसकी चपेट में आने से उसकी मौत हो गई. वहीं घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग घटनास्थल में पहुंचे. पुलिस ने शव को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है.

#### सिदो कान्हू मैदान में हुआ अंतिम अभ्यास

**रामगढ़।** स्वतंत्रता दिवस पर सिदो कान्हू मैदान में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को अंतिम अभ्यास किया गया. इस दौरान उपायुक्त चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के साथ स्वतंत्रता दिवस के सफल आयोजन को लेकर की गई तैयारियों का निरीक्षण किया. मौके पर उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने परेड का निरीक्षण किया, जिसके उपरांत उपायुक्त ने झंडा फहराया. अंतिम अभ्यास के दौरान कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय एवं राधा गोविंद स्कूल के छात्र व छात्राओं के द्वारा बैंड की प्रस्तुति दी गई. उपायुक्त ने स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर अंतिम चरण की तैयारियों की जानकारी लेते हुए कार्यक्रम के भव्य व सफल आयोजन हेतु आवश्यक निर्देश दिए.

### डीएमएफटी की न्यास परिषद की बैठक में उपायुक्त ने दिए निर्देश

# विद्यालयों और अस्पतालों में सुविधाएं उपलब्ध कराएं

संवाददाता। रामगढ़

जिला समाहरणालय सभाकक्ष में मंगलवार को उपायुक्त चंदन कुमार की अध्यक्षता में डीएमएफटी के न्यास परिषद की बैठक संपन्न हुई. इस दौरान सांसद मनीष जायसवाल, विधायक रामगढ़ सुनिता चौधरी, पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी आदि उपस्थित रहे. वहीं विभिन्न पंचायतों के मुखिया व अन्य जनप्रतिनिधि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में उपस्थित रहे.

बैठक के दौरान डीएमएफटी के तहत उपलब्ध राशि एवं लायबिलिटी की समीक्षा की गई, जिसके बाद न्यास परिषद की बैठक को लेकर तैयार एजेंडा के अनुसार क्रमवार योजनाओं व विकास कार्यों पर चर्चा की गई. डीएमएफटी के तहत स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए जा रहे कार्य को लेकर वर्तमान में सदर अस्पताल रामगढ़ में बड़ी संख्या में इलाज हेतु आने वाले मरीजों एवं उन्हें विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर बैठक के दौरान सदर अस्पताल के नए भवन से पुराने भवन तक फुट ओवर ब्रिज के निर्माण, डायलिसिस सुविधा, मॉड्यूलर ओटी, सदर अस्पताल परिसर में वेटिंग एरिया, विभिन्न स्वास्थ्य उपकरण, ऑक्सीजन पाइपलाइन व्यवस्था को लेकर चर्चा के क्रम में



सांसद मनीष जायसवाल, विधायक सुनीता चौधरी भी बैठक में मौजूद रहे.

#### सरकारी विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश

शिक्षा के क्षेत्र में डीएमएफटी के तहत किए जा रहे कार्यों पर चर्चा के क्रम में बैठक के दौरान रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न सरकारी विद्यालयों में शौचालय सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए. वहीं सांसद, विधायक, उपायुक्त सहित अन्य अधिकारियों द्वारा जिले में पुस्तकालय महोत्सव का आयोजन करने, सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों जिन्होंने वार्षिक परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया है उन्हें तथा उनके शिक्षकों को सम्मानित करने पर चर्चा के क्रम में आवश्यक निर्देश दिए गए. जिले के प्रतिभावान विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली इंजीनियरिंग व मेडिकल परीक्षा के लिए पूर्व से संचालित कोचिंग परियोजना को विस्तारित कर गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय रामगढ़ में भी माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में अध्यनरत 100 छात्र-छात्राओं के लिए कोचिंग व्यवस्था शुरू करने तथा सुगमतापूर्वक बच्चों का कोचिंग सेंटर तक आने व शिक्षा ग्रहण करने पर चर्चा की गई. बैठक के दौरान जिले में कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय सहित अन्य आवासीय विद्यालयों में अध्यनरत बच्चों को विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध कराने पर भी चर्चा की गई. बैठक के दौरान डीएमएफटी के तहत संचालित विभिन्न जलापूर्ति योजनाओं पर चर्चा के क्रम में विभिन्न जनप्रतिनिधियों द्वारा जलापूर्ति योजनाओं में विभिन्न समस्याओं की बात कही गई. पंचायतों में बनने वाले सामुदायिक भवन के निर्माण हेतु योग्य भूमि का चयन करने, सरकारी जमीनों को अतिक्रमण से बचाने हेतु पौधरोपण व सरकारी जमीन से संबंधित बोर्ड लगाने, जिले में सुरक्षा व्यवस्थाएं सुदृढ़ करने को लेकर सीसीटीवी कैमरे व उनकी नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने, पर्यटन व खेल के क्षेत्र में जिले का विकास करने सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए.

आवश्यक निर्देश दिए गए. वहीं वर्तमान में सदर अस्पताल में शीत शव ग्रह के अभाव पर भी बैठक में चर्चा की गई एवं शीत शव गृह बनाने को लेकर आगे की कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया.

## दो फरार नक्सलियों के घर इश्तेहार चिपकाया

संवाददाता। केरेडारी

केरेडारी पुलिस ने दो अलग-अलग नक्सलियों के घर पहुंचकर इश्तेहार चिपकाया है. इस संदर्भ में थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि फरार नक्सली पहाड़ी उर्फ रमेश महतो उर्फ रामेश्वर महतो उर्फ बिक्रम उर्फ मुनेश्वर गंझु के घर पताल पंचायत अंतर्गत डमारू गांव पहुंचकर केरेडारी थाना कांड संख्या 11/24 के आधार पर इश्तेहार चिपकाया है.

इश्तेहार दमारू गांव पहुंच कर ढोल नगाड़े बजाकर बजाकर चिपकाया है. वहीं अन्य नक्सली दिवाकर गांझु उर्फ प्रताप जी केरेडारी थाना कांड संख्या 11/24 के तहत



नक्सली के घर ते दरवाजे पर इश्तेहार चिपकाने के बाद खड़े पुलिसकर्मी.

गांव देव गढ़ पहुंचकर ढोल नगाड़े के साथ इश्तेहार चिपकाया है. चिपकाए गए इश्तेहार में दोनों नक्सलियों से कहा गया है कि आत्म समर्पण करने के लिए एक महीने का समय है. उक्त आरोपियों पर बड़कागांव थाना उरिमारी ओपी के पुलिस पदाधिकारियों के दिशा निर्देश पर इश्तेहार चिपकाया गया है. निर्धारित समय सीमा एक माह के अंदर आत्म समर्पण नहीं करने पर कुर्की जप्ती की कार्रवाई की जाएगी.

## उपायुक्त ने आश्रित पत्नी को 15 लाख का चेक सौंपा



अफजल हुसैन की मृत्यु के उपरांत उनकी पत्नी को चेक सौंपतीं उपायुक्त.

संवाददाता। हजारीबाग

उपायुक्त नैंसी सहाय ने मंगलवार को लोकसभा चुनाव के दौरान निर्वाचन कार्य में प्रतिनियुक्त अफजल हुसैन की मृत्यु के उपरांत उनके आश्रिता पत्नी को अनुग्रह अनुदान की राशि के रूप में 15 लाख रुपये का चेक दिया. स्वर्गीय अफजल हुसैन उत्क्रमित मध्य विद्यालय हरहद सदर, हज़ारीबाग में सहायक शिक्षक के रूप में कार्यरत थे. लोकसभा निर्वाचन के दौरान वे निर्वाचन कार्य में प्रतिनियुक्त थे.

#### संचालित योजनाओं में अनदेखी से पंसस नाराज

**कटकमसांडी।** प्रखंड क्षेत्र में दर्जनों संचालित योजनाओं में अनदेखी को लेकर पंचायत समिति सदस्यों ने प्रखंड मुख्यालय में एक बैठक की. इसकी अध्यक्षता प्रमुख संगीता कुमारी ने की. बैठक में अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, मनरेगा योजना आदि जनहितकारी योजनाओं की जानकारी नहीं मिलने से नाराज पंचायत समिति सदस्यों ने बीडीओ सविता सिंह को एक ज्ञापन सौंपकर योजनाओं में पारदर्शिता लाने की मांग की. बैठक के बाद सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि उक्त संचालित योजनाओं के संबंध में पंचायत के मुखिया, सचिव व रोजगार सेवक द्वारा पंसस को कोई जानकारी नहीं दी जाती है और न ही योजनाओं के संचालन पर कोई चर्चा की जाती है. अबुआ आवास योजना में पहले पंचायत समिति सदस्यों का हस्ताक्षर लिया जाता था. मगर वर्तमान में हस्ताक्षर की जगह को ही हटा दिया गया है.

## विभावि में झंडोत्तोलन कार्यक्रम की तैयारी को लेकर हुई बैठक

संवाददाता। हजारीबाग

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति आवास में तथा विश्वविद्यालय के विनोदिनी पार्क में झंडोत्तोलन कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को समीक्षा बैठक कुलपति सभागार में आयोजित की गई. इसकी अध्यक्षता कुलपति सुमन कैथरीन किसपोट्टा ने की. आयोजन को लेकर गठित अलग-अलग समिति के संयोजकों ने अपनी-अपनी समिति का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया. इस पर कुलपति ने आवश्यकता अनुसार दिशा निर्देश दिए. प्रस्ताव लिया गया कि अवकाश प्राप्त शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर साथियों का विशेष ध्यान रखा जाएगा. वर्षा को देखते हुए आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया गया. चलाएमान झांकी एवं समूह गान को स्तरीय बनाने के निर्णय की पुनरावृत्ति की गई. बताया गया कि प्रत्येक वर्ष की भांति कुमार टोली पारनाल स्थित सरस्वती शिशु-विद्या मंदिर के घोष दल को आमंत्रित किया गया है. बैठक का संचालन करते हुए विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण संकाय अध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ) मिथिलेश कुमार सिंह ने बताया कि स्थानीय चारों महाविद्यालयों को एनसीसी की टोलियों को भेजने के लिए कहा गया है. सभी को बस की सेवा भी उपलब्ध कराई जाएगी. बैठक में विश्वविद्यालय के वित्त परामर्शी सुनील कुमार सिंह, सीसीडीसी डॉ. किशोर कुमार गुप्ता, कुलसचिव डॉ. मोहम्मद मोख्तार आलम, विभिन्न विभाग के विभागाध्यक्ष, वित्त पदाधिकारी प्रोफेसर सुरेंद्र कुशवाहा व संयोजक शिक्षकगण उपस्थित थे.

### कमीशनखोरी के विरोध में भाजपा ने किया धरना-प्रदर्शन, बीडीओ-सीओ को सौंपा ज्ञापन

# कारोबारी उचित दाम में बेचें बालू: मनोज यादव

संवाददाता। चौपारण

भाजपा ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर के समीप एकदिवसीय धरना दिया. भाजपाइयों ने बालू में अवैध वसूली का विरोध किया. इस दौरान बतौर मुख्यातिथि बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव सहित अन्य उपस्थित रहे. कार्यक्रम की अगुवाई मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी व संचालन मुकुंद साव ने किया. इस दौरान भाजपा के शिष्टमंडल ने बीडीओ सीमा कुमारी व सीओ संजय यादव को मांग पत्र सौंपा. अंचल व थाने के नाम पर बिचौलियों द्वारा वसूले जा रहे कमीशन के कारण जो बालू पहले 2000 प्रति ट्रैक्टर बिकता था, अब 5000 प्रति ट्रैक्टर हो गया है.

मैं बालू कारोबार का विरोध



बालू के कारोबार में अवैध वसूली के विरोध में आयोजित धरना को संबोधित करते वक्ता.

नहीं करता, लेकिन बिहार के बालू कारोबारी बाप बेटा कंपनी को कमीशन देना बंद करें. उचित दाम में बालू बेचे वरना जनता कार्रवाई करेगी. पूर्व विधायक ने कहा कि विधायक व उनके समर्थकों द्वारा किये गए केस झूठा है. पुलिस निष्पक्षता से जांच करें. मौके भाजपा नेता रमेश ठाकुर, सुनील साव, राजदेव यादव, मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेंद्र रजक, प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा, जिप सदस्य राकेश रंजन, प्रतिनिधि सुधीर कौशल, नारायण यादव, गुरुदेव गुप्ता, मुखिया रेखा देवी, ममता देवी, पप्पू रजक, संतोष सिंह, मंटू सिंह, गंदौरी दांगी, मुखिया प्रतिनिधि विनोद सिंह, मोहन साव, पूर्व मुखिया शौकत खान, मो सफाल उद्दीन, सुखदेव पासवान, राजेंद्र भगत, मधु रजक, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष रंजन सिंह, आशीष गुप्ता, रिशु बर्णवाल, रंजीत बर्णवाल आदि लोग मौजूद थे.

## विष्णुगढ़ भाजपा ने तिरंगा यात्रा निकाली, लगे देशभक्ति के नारे

संवाददाता। विष्णुगढ़

भाजपा पूर्वी और पश्चिमी मंडल के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को विष्णुगढ़ में तिरंगा यात्रा निकाली. यात्रा की शुरुआत सात मील चौक से हुई और वापस वहीं पहुंचकर समाप्त हो गयी. यात्रा में शामिल कार्यकर्ताओं के हाथों राष्ट्रीय ध्वज थे. देश भक्ति की भावना से लबरेज कार्यकर्ता भारत माता की जय, वंदेमातरम जैसे नारे लगा रहे थे. यात्रा हॉस्पिटल चौक, अखाड़ा चौक और ब्लॉक रोड से गुजरी. यात्रा में भागीदार भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य व वरिष्ठ अधिवक्ता चंद्रनाथ भाई पटेल ने कहा कि तिरंगा यात्रा देशव्यापी कार्यक्रम है. सुशील महतो ने कहा ऐसे कार्यक्रम से देशभक्ति की भावना बलवती होगी. तिरंगा यात्रा में पूर्वी मंडल भाजपा अध्यक्ष सुखदेव रजवार, पूर्व सांसद प्रतिनिधि एवं 20 सूत्री अध्यक्ष मधुसूदन प्रसाद, अशोक मंडल, सुनील मिश्र, दीपक रजक, रामचंद्र महतो, सुखदेव मंडल, सुनील अकेला, शशि लहकार, शेख मिराज, डॉ जब्बार आदि मौजूद थे.



विष्णुगढ़ प्रखंड भाजपा के नेता और कार्यकर्ता तिरंगा यात्रा निकालते हुए.

**पहल** राष्ट्रीय फ्लोरोसिस उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन

# 260 बच्चों की जांच, एक में फ्लोरोसिस बीमारी की पुष्टि

संवाददाता। रामगढ़

राष्ट्रीय फ्लोरोसिस उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत मंगलवार को सिविल सर्जन डॉ. महालक्ष्मी प्रसाद एवं जिला नोडल पदाधिकारी एनपीपीसीएफ के नेतृत्व में कृष्ण बल्लभ उच्च विद्यालय, लारी में जांच शिविर का आयोजन किया गया. इस दौरान विद्यालय के पानी में फ्लोराइड की जांच की गयी. कुल 260 बच्चों की जांच जिला कंसल्टेंट डॉ. पल्लवी कौशल एवं सीएचओ प्रभा कुमारी द्वारा की गई. कुल 29 बच्चों के पेशाब का सैंपल लेकर लैब टेक्नीशियन जितेंद्र कुमार द्वारा जांच उपरांत एक बच्चे में फ्लोरोसिस बीमारी की पुष्टि



जांच शिविर के दौरान स्कूली बच्चों को जागरूक करते स्वास्थ्य विशेषज्ञ.

हुई. शिविर में जांच के साथ-साथ फ्लोरोसिस बीमारी से संबंधित जानकारी बच्चों व स्कूल स्टाफ को दी गई. डॉ पल्लवी द्वारा बताया गया कि फ्लोरोसिस बीमारी पीने के पानी में अधिक मात्रा में पाये जाने वाले फ्लोराइड तत्व के कारण होती है. साथ ही सेंधा नमक, काला नमक, लाल चाय के सेवन से भी फ्लोरोसिस की बीमारी की संभावना बढ़ जाती है. साथ ही उन्होंने ये भी बताया कि सभी को अपने आहार में हरी पत्तेदार सब्जियां, खट्टे फल- जैसे संतरा, नींबू, आंवला एवं दूध से बने पदार्थ खाने की सलाह दी, जिससे शरीर में फ्लोराइड जमा नहीं होता है. सभी को यह भी बताया कि सदर अस्पताल में निःशुल्क कोई भी अपने पीने के पानी एवं पेशाब में फ्लोरोसिस बीमारी की जांच करवा सकता हैं. मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत आमोद कुमार डीपीए, एनसीडी सेल रामगढ़ द्वारा मानसिक तनाव के लक्ष्ण (अवसाद, बार-बार गुस्सा नखरे/आक्रामकता, एकाग्रता में कमी/अति सक्रियता, तनाव में रहना इत्यादि) एवं उपचार (व्यायाम, सकरात्मक सोच संगीत सुनना एवं नृत्य करना इत्यादि) के बारे में विस्तृत जानकारी बच्चों व स्कूल स्टाफ को दी गई. एक छात्रा एवं एक छात्र को मेंटर बनाकर सम्मानित किया गया.

## लॉर्ड कृष्णा विद्यालय में आयोजित शिविर में शिक्षकों के हेल्थ की जांच

संवाददाता। हजारीबाग

अमृत नगर स्थित लॉर्ड कृष्णा स्कूल में मंगलवार को आयोजित स्वास्थ्य शिविर में शिक्षकों की जांच की गई. डॉक्टर चंद्रन नारायण ने सभी शिक्षकों को स्वस्थ रहने के टिप्स दिए. बताया कि रिपोर्ट के अनुसार प्रतिवर्ष भारत में 60 प्रतिशत से ज्यादा हृदय रोग, कैंसर और डायबिटीज की वजह से मौतें होती है. इसका मूल कारण अनियमित खान-पान, शारीरिक गतिविधि की कमी है. भारत को डायबिटीज कैपिटल ऑफ वर्ल्ड कहा जाता है, क्योंकि पूरी दुनिया के 17 प्रतिशत से ज्यादा डायबिटीज के



शिक्षकों को स्वास्थ्य को लेकर जागरूक करते विशेषज्ञ.

मरीज भारत में पाए जाते हैं. भारतवर्ष में वर्तमान 8 करोड़ से ज्यादा लोग डायबिटीज से ग्रसित हैं और 2045 तक 13 करोड़ से ज्यादा भारतीय डायबिटीज जैसी गंभीर बीमारियों से ग्रसित हो जाएंगे. यह भी कहा कि बीमारी आने से पहले विभिन्न तरह की जांच का सहारा लिया जा सकता है. मौके पर स्कूल सचिव अमिताभ नीरज, शिक्षक सुमंत कुमार उपाध्याय, कृष्ण कुमार, देव पायल अग्रवाल, सुमित कुमार, संदीप कुमार, अफरोज आलम, शहनाज खातून, पंकज कुमार राय, वीरेंद्र कुमार प्रसाद, भोला कुमार राय, अंकित कुमार, देवंती देवी, जितेंद्र कुमार राय, संदीप कुमार, प्रदीप कुमार, अनिल कुमार साहू, जीवन कुमार यादव आदि उपस्थित थे.



## राशिफल
आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** आठवें भाव में चंद्रमा नीच का है, हृदय संबंधित बाधा हो सकती है. भूमि व संपत्ति संबंधी कार्य में बाधाएं होंगी, पर पूर्व कर्म फलीभूत होंगे. क्रोध एवं उत्तेजना पर संयम रखें. इष्ट मित्रों से मुलाकात होगी. शिव आराधना करनी चाहिए.

**वृष** जीवनसाथी से किसी बात को लेकर बहस हो सकती है, पर प्रियजनों का पूर्ण सहयोग मिलेगा. आर्थिक स्थिति मजबूत होगी. बेरोजगारी दूर होगी. व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी. भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी.

**मिथुन** मौसमी बीमारी या बुखार संबंधित बाधा हो सकती है. आलस्य व विलंब नहीं करना चाहिए. स्वयं के सामर्थ्य से ही भाग्योन्नति के अवसर आएंगे. विरोधी परास्त होंगे. अप्रत्याशित खर्च होंगे. कर्ज लेना पड़ सकता है. शिवलिंग पर दूध से अभिषेक करें.

**कर्क** कोई धार्मिक या शोध संबंधित यात्रा हो सकती है. साथ ही तनाव हो सकता है. धन प्राप्ति के योग हैं. यात्रा सफल रहेगी. लेनदारी वसूल होगी. आय में वृद्धि होगी. लेन-देन में सावधानी रखें. झाड़ू का दान मंदिर में करें.

**सिंह** माता से किसी बात को लेकर अनबन हो सकती है. व्यवसाय ठीक चलेगा. लाभ होगा. प्रियजनों से पूरी मदद मिलेगी. यात्रा कष्टप्रद हो सकती है. धैर्य एवं संयम बना रहेगा. निजीजनों में असंतोष का वातावरण रहेगा.

**कन्या** समय उत्तम है. कार्य बनने से मन खुश होगा. अध्यात्म में रुचि रहेगी. भूमि-आवास की समस्याओं में वृद्धि होगी. व्यापार-व्यवसाय सामान्य चलेगा. कर्म के प्रति पूर्ण समर्पण व उत्साह रखें. अन्न का दान करें.

**तुला** कार्य के प्रति सफलता के योग बनेंगे. सकारात्मक विचारों के कारण प्रगति के योग आएंगे. ईश्वर पर आस्था बढ़ेगी. चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है. जोखिम व जमानत के कार्य टालें. स्वास्थ्य कमजोर रहेगा.

**वृश्चिक** समय बहुत ही उत्तम है. जीवनसाथी के स्वास्थ्य की ओर ध्यान दें. मांगलिक आयोजन होंगे. जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा. कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी. प्रसन्नता रहेगी. आलस त्यागे जिससे कार्य जल्द होगा.

**धनु** गलत कार्य में खर्च से मन खिन्न होगा. भूमि व भवन संबंधी हो सकता है. नौकरी में अधिकारियों का उचित सहयोग नहीं रहेगा. लेन-देन के विषय में विवाद हो सकता है. राजकीय क्षेत्र के व्यक्तियों से संबंध बढ़ेंगे जो आपको लाभ प्रदान करेंगे.

**मकर** आय का मार्ग मिलेगा. साथ ही यात्रा मनोरंजक रहेगी. उत्तम मनोबल से समस्याओं का हल निकलेगा. दिखावे एवं आडंबरों से दूर रहना चाहिए. दांपत्य जीवन शुभतापूर्ण रहेगा. लापरवाही की प्रवृत्ति का त्याग करें. शनि को बल दें.

**कुंभ** पिता के कार्य और सहयोग से लाभ होगा. व्यवसाय सामान्य रहेगा. कार्य संबंधी निर्णय बहुत ही शांति से विचार करके करना चाहिए. व्यापार में नए अनुबंध लाभकारी रहेंगे. व्यर्थ के कार्यों से तनाव होगा. मिठाई गरीबों को दान करें.

**मीन** भाग्य का साथ मिलता दिख रहा है. ससुराल से शुभ समाचार मिलेगा. किसी पर अधिक विश्वास न करें. आर्थिक स्थिति मध्यम रहेगी. संतान पर नजर रखें. समाज में प्रसिद्धि के कारण सम्मान में बढ़ोतरी होगी. आलस का त्याग करें.

## संकेत तिवारी बने मीडिया प्रभारी



**रांची।** झारखंड प्रदेश भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा ने संकेत कुमार तिवारी को प्रदेश मीडिया प्रभारी बनाया है. इस संबंध में सोमवार को पार्टी की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गयी है. मीडिया प्रभारी बनाये जाने के बाद संकेत कुमार तिवारी ने पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया है और कहा है कि वे पार्टी की ओर से दी गयी इस जिम्मेदारी का निर्वाह पूरी ईमानदारी के साथ करेंगे. उन्होंने कहा कि प्रदेश में किसान अनेक समस्याओं से जूझ रहे हैं, जिनकी ओर देखने वाला कोई नहीं है.उन्हें मीडिया प्रभारी बनाये जाने पर संजय जायसवाल, विकास तिवारी, सतीश सिंह, रवि, ऋद्धि, विवेकानंद जायसवाल एवं प्रियंक ने बधाई दी है.

## केंद्रीय टीम ने की योजनाओं की जांच

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत दुवारी पंचायत में मंगलवार को केंद्रीय टीम पहुंची. जहां मनरेगा से संचालित डोभा, कुआं, आम बागवानी, आवास योजना स्थल को भौतिक सत्यापन करने के साथ संबंधित अभिलेख की जांच की. केंद्रीय टीम ने अभिलेख को दुरुस्त करने का निर्देश दिया. मौके पर बीडीओ राहुल देव, पंचायत सचिव उज्ज्वल सिंह, मुखिया जगदीश यादव समेत अन्य मौजूद थे.

## कुंदा में वज्रपात से युवक की मौत

**कुंदा (चतरा)।** मंगलवार दोपहर बारिश के दौरान अचानक वज्रपात होने से कुंदा थाना क्षेत्र के अमौना गांव निवासी राजेश्वर यादव के 20 वर्षीय पुत्र गणेश कुमार यादव की मौत हो गई. मिली जानकारी के अनुसार गणेश अपने खेत में काम कर रहा था, उसी दौरान अचानक वज्रपात हो गयी, जिसके चपेट में आने से उसकी मौत हो गई. हालांकि परिजनों एवं स्थानीय ग्रामीणों ने कुंदा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद प्रतापपुर स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया गया. जहां चिकित्सकों ने उसे जांचोपरांत मृत घोषित कर दिया. घटना की सूचना मिलते ही मुखिया प्रतिनिधि बिनोद साव, आदित्य यादव समेत कई लोग अस्पताल पहुंचे और परिवार को सरकारी प्रावधान के अनुरूप पर्याप्त मुआवजा दिलाने की बात कही.

### भाजपा ने घंटा बजाओ-सरकार जगाओ पदयात्रा कर लोगों को किया जागरूक

# नौकरी व बेरोजगारी भत्ता देने के नाम पर हेमंत सरकार ने ठगा : मधु कोड़ा

संवाददाता। किरीबुरु

पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के नेतृत्व में भाजपा, सारंडा मंडल के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को किरीबुरु एवं मेघाहातुबुरु में झारखंड सरकार के खिलाफ घंटा बजाओ, सरकार जगाओ पदयात्रा निकाली. पदयात्रा के दौरान उन्होंने कहा कि जो सरकार निकम्मी है, वह सरकार बदलनी है, बेरोजगारों को नौकरी दो, अन्यथा बेरोजगारी भत्ता दो... आदि गगनभेदी नारे लगाए जा रहे थे. पदयात्रा मेघाहातुबुरु स्थित भाजपा कार्यालय से निकला और किरीबुरु-मेघाहातुबुरु शहर का भ्रमण किया. इस दौरान भगवान बिरसा, डॉ अम्बेडकर, नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर मधु कोड़ा ने माल्यार्पण किया. मंगलवार को ही गुवा व बड़ाजामदा में भी पदयात्रा निकाली जायेगी.



पूर्व मुख्यमंत्री के नेतृत्व में निकाली गई घंटा बजाओ-सरकार जगाओ पदयात्रा.

पदयात्रा में मधु कोड़ा ने कहा कि झामुमो की हेमंत सोरेन ने 2019 झारखंड विधानसभा चुनाव में घोषणा पत्र में कहा था कि अगर हमारी सरकार बनती है तो दो वर्ष में 5 लाख युवकों को नौकरी देगी. नौकरी नहीं दे पाई तो बेरोजगार स्नातक छात्र-छात्राओं को 5000 रुपये और स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओं को 7000 रुपये भत्ता दिया जायेगा. इस झूठे वादे के झांसे में आकर पढ़े लिखे छात्र-छात्राओं ने झामुमो एवं कांग्रेस को वोट देकर हेमंत सरकार को बनाया. झारखंड के 42 नियोजन कार्यालय में 2019 में 80 हजार शिक्षित बेरोजगारों ने अपना नाम दर्ज कराया था, लेकिन झामुमो की उक्त झूठी घोषणा के बाद नियोजन कार्यालय में नाम दर्ज कराने हेतु बेरोजगारों की भीड़ उमड़ी और अब तक साढे. छह लाख बेरोजगार के नाम दर्ज करा चुके हैं. इसमें सिर्फ पश्चिम सिंहभूम में 16 हजार बेरोजगारों ने अपना नाम दर्ज कराया है. इसमें एक भी बेरोजगार को बेरोजगारी भत्ता हेमंत सोरेन की सरकार ने नहीं दिया है. आज छात्र-छात्राएं सड़क पर आंदोलन करने को मजबूर हैं. हेमंत सरकार छात्रों के आंदोलन को लाठी से दबाना चाहती है. भाजपा पढ़े-लिखे छात्र-छात्राओं को नौकरी एवं बेरोजगारी भत्ता दिलाने के लिए संघर्ष करने तथा वादा खिलाफी पर हेमंत सरकार के खिलाफ जन आंदोलन चला कर हेमंत सरकार को हटाने हेतु 17 अगस्त को जगन्नाथपुर अनुमंडल कार्यालय में धरना-प्रदर्शन करेगी. फिर अनुमंडल अधिकारी के माध्यम से हेमंत सरकार को वादा खिलाफी से संबंधित मांग पत्र देगी.

इसके बाद बंद खदानों को खुलवाने व उसमें रोजगार देने तथा वनाधिकार का पट्टा के लिये गांव-गांव से बेरोजगारों व भाजपा कार्यकर्ताओं की बड़ी फौज लेकर बड़ा आंदोलन सरकार के खिलाफ छेड़ा जायेगा. इस दौरान सारंडा मंडल अध्यक्ष मधुसुदन तुबिद, संजीव राय, श्याम गुप्ता, अरविंद लाल, जावेद गोपी लागुरी, ढेले मुंडा, राजकुमार गुप्ता, आफताब आलम, सोमा नाग, प्रफुल्ल मंडल, सोनाराम गोप, मंगरा मुंडू, वीरेंद्र मिश्रा, मनोज सिंह आदि कार्यकर्ता शामिल थे.

### पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने सभी जिलों के एसपी को दिया निर्देश

# नक्सलियों की अवैध उगाही पर हर हाल में लगाएं रोक: डीजीपी

**खास बातें**

- डीजीपी ने की नक्सली और स्प्लिंटर ग्रुप की समीक्षा बैठक
- पुल-पुलिया की स्थिति के संबंध में विस्तृत जानकारी हासिल की

सौरभ सिंह। रांची

डीजीपी अनुराग गुप्ता ने सभी जिलों के एसपी को नक्सलियों की अवैध उगाही पर हर हाल में रोक लगाने का निर्देश दिया है. ठोस रणनीति बनाकर राज्य को नक्सलमुक्त करें. वे झारखंड पुलिस मुख्यालय में मंगलवार को डीजीपी नक्सली और स्प्लिंटर ग्रुप को की समीक्षा बैठक कर रहे थे. बैठक के दौरान आईजी स्पेशल ब्रांच ने सभी सक्रिय नक्सली और नक्सली संगठन से जुड़ी गतिविधियों और स्प्लिंटर ग्रुप के बारे में जानकारी दी. डीजीपी ने जिलों के एसपी से जनाना चाहा कि पुलिस और सीआरपीएफ पिकेट को दुश्मनों के बारे में पता है या नहीं, नक्सलियों के खिलाफ खुफिया जानकारी एकत्र करने और खुफिया जानकारी साझा करने में यदि कोई समस्या तो नहीं हो रही, राज्य के नक्सली क्षेत्रों में मोबाइल संचार व महत्वपूर्ण सड़क, पुल-पुलिया की स्थिति के संबंध में विस्तृत जानकारी हासिल की.


बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षकों को दिशानिर्देश देते पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता.

**जमानत पर छूटे नक्सलियों पर नजर रखी जाए :** डीजीपी ने बैठक के दौरान राज्य के विभिन्न जिलों में कार्यरत पुलिस पिकेटों की वर्तमान संख्या की जानकारी ली. जानना चाहा कि कहां-कहां कितने पुलिस पिकेट की जरूरत है. सभी महत्वपूर्ण नक्सली और स्प्लिंटर समूहों के प्रोफाइल का रखरखाव बेहतर तरीके से करने का निर्देश दिया. कहा कि यदि कोई महत्वपूर्ण नक्सली जमानत पर रिहा हुआ हो, तो उसकी गतिविधि पर नजर बनायी रखी जाए. पुलिस पोस्टों की सुरक्षा ऑडिट, नक्सली के समर्पण राशि के भुगतान की स्थिति, मुआवजा राशि का बकाया भुगतान, फरार नक्सलियों की संपत्ति की कुर्की जब्ती करने की चर्चा की.

**राज्य को नक्सल मुक्त बनाने को जरूरी दिशानिर्देश दिए**

डीजीपी ने चाईबासा,बोकारो, चतरा, गिरिडीह, लातेहार और पलामू एसपी को नक्सलियों के विरुद्ध ठोस रणनीति बनाकर राज्य को नक्सल मुक्त करने के लिए आवश्यक दिशानिर्देश दिये गये. कहा कि नक्सलियों के लिए सभी एसपी को प्रभावी कार्रवाई करने की जरूरत है. उन्होंने लगातार चलाये जा रहे अभियान के दौरान राज्य और केंद्रीय बलों के आपसी संबंध, एक- दूसरे से सहयोग और प्राप्त सूचना पर तत्काल कार्रवाई के बिंदु पर काफी जोर दिया. नक्सलियों पर कारगर कार्रवाई की रूपरेखा तैयार करने और नक्सलियों पर शिकंजा कसने के लिए नक्सलियों की अवैध उगाही पर सभी एसपी को हर हाल में अंकुश लगाने का निर्देश दिया.

### गढ़वा के जंगल में मिले कंकाल का खुलासा

# महिला को दूसरे प्रेमी के साथ देख पहले प्रेमी ने की थी हत्या



नरकंकाल मामले की जानकारी देते गढ़वा एसपी दीपक पांडे व अन्य.

संवाददाता। गढ़वा

भावनाथपुर थाना पुलिस ने अकेलवा जंगल में मिले कंकाल का खुलासा कर लिया है. साथ ही घटना को अंजाम देने वाले नगर उंटारी थाना क्षेत्र के चेचरिया निवासी प्रेमी अब्दुल खान उर्फ लेदू खान (55) को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपित का मोबाइल उसके घर से बरामद किया है. बताया गया है कि महिला का पति बाहर में मजदूरी का काम करता है. आरोपित और उसके बीच करीब पांच वर्ष से प्रेम-प्रसंग चल रहा था.

इस बीच महिला समित्री देवी का संबंध गांव के ही कन्हाई सिंह के साथ हो गया. पांच अगस्त को दोपहर में आरोपित ने समित्री देवी को कन्हाई सिंह के साथ देख लिया. इसके बाद वह उसी गांव में संत पासवान के घर पर शराब पीने लगा. कुछ देर बाद महिला भी आई एवं इनके साथ शराब पी. शराब पीकर दोनों जंगल के रास्ते जाते-जाते दोनों के बीच विवाद होने लगा. तब आरोपित ने समित्री देवी को पटक कर गला दबा कर हत्या कर शव को वहीं सुनसान जंगल में झाड़ियों के बीच छोड़कर अपने घर नगर उंटारी चला गया. पुलिस से बचने के लिए अपना मोबाइल बंद कर लिया.

**मानव कंकाल बरामद किया :** गढ़वा एसपी दीपक पांडे ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 11 अगस्त के सुबह को बनसानी पंचायत के टोला भुईया भंवरिया के अकेलवा जंगल में एक मानव कंकाल के बारे में सूचना मिली. सूचना पर पहुंची पुलिस के टीम मौके पर से एक मानव कंकाल बरामद किया, जिसके पैर में मांस एवं चमड़ी बचा हुआ था. पैर में गोदना का निशान एवं ब्लू रंग की साड़ी तथा महिला चप्पल मिला. मौके पर मौजूद ग्रामीण मीरा देवी ने कंकाल के पैर में गोदना, साड़ी एवं चप्पल को देखकर अपनी मां समित्री देवी के रूप में पहचान की तथा कहा कि बीते पांच-छह वर्ष से अब्दुल खान उर्फ लेदू खान के साथ इनकी मां का प्रेम-प्रसंग था. पांच अगस्त को इनकी मां को दोपहर उसी के साथ अंतिम बार देखा गया था. इसके बाद मामले को लेकर भवनाथपुर थाना में मामला दर्ज किया गया.

### प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने गठबंधन सरकार पर लगाया आरोप

# सरकार ने दिव्यांग कोटा वाली आरक्षित सीट भी बेच दी: मरांडी

संवाददाता। रांची

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर निशाना साधा है. ट्वीट कर कहा है कि ये है हेमंत सरकार का युवा विरोधी चेहरा, ये है हेमंत के कर्मचारी चयन आयोग का खेल ! चतरा जिला के दिव्यांग युवा अनिल दांगी ने शिक्षक भर्ती की परीक्षा उत्तीर्ण की थी, लेकिन जेएसएससी ने डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए सूचित ही नहीं किया. अब दिव्यांग अनिल दांगी दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं.आखिर एक बोलने-सुनने वाले युवक को मूक-बधिर श्रेणी में पीजीटी शिक्षक की नौकरी देने का कुचक्र रचने वाली जेएसएससी एक वास्तविक दिव्यांग युवा की नौकरी क्यों खत्म कर रही है? क्या हेमंत सरकार ने दिव्यांग कोटा वाली आरक्षित सीट को भी बेच दिया है?

नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने हेमंत सरकार पर तंज कसते हुए ट्वीट किया है कि आखिर देश में लागातार #युवा_विरोधी_हेमंत_सरकार क्यों ट्रेंड कर रहा है. झामुमो-कांग्रेस-राजद के पास न युवाओं के लिए कोई नीति है, न नौकरियां देने की नियत है, न सशक्त नेतृत्वकर्ता है! झामुमो-कांग्रेस-राजद सरकार का एकमात्र एजेंडा है : छात्रों को ठगो और नौकरियां बेचो. नेता प्रतिपक्ष ने दूसरे ट्वीट में कहा है कि झारखंड में आपाधापी में की जा रही



चौकीदार बहाली पर अविलंब रोक लगाकर झारखंड के युवाओं के साथ न्याय हो. झारखंड सरकार अपने मुंह मियां मिट्ठू बनते हुए अपनी पीठ थपथपाने के लिए आनन-फानन में तमाम विसंगतियों से भरी चौकीदार बहाली करने जा रही है. सरकार का यह कदम झारखंड युवाओं के साथ बहुत बड़ा धोखा है. इस बात की पूरी संभावना है कि सरकार द्वारा जल्दबाजी में की जा रही यह बहाली यहां के युवाओं को बर्बाद करने का काम करने वाली है. नेता प्रतिपक्ष ने चौकीदार बहाली की त्रुटियां भी गिनाईं हैं. कहा है कि चौकीदार बहाली की प्रक्रिया झारखंड के सभी जिलों में चल रही है, परंतु अधिकांश जिलों में अनुसूचित जाति वर्ग की रिक्तियां 00 दर्शायी गईं हैं.

## परियोजनाओं में लायें तेजी : नितिन गडकरी

**रांची/नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के मंत्री नितिन गडकरी ने नयी दिल्ली में दूसरे दिन मंगलवार को भी झारखंड सहित चार राज्यों के हाइवे प्रोजेक्ट की समीक्षा की. केंद्रीय मंत्री ने रिव्यू में झारखंड के पथ निर्माण विभाग व वन विभाग के पदाधिकारियों, भू-राजस्व विभाग व एनएचएआई के अधिकारियों के साथ राज्य की लंबित परियोजनाओं की जानकारी ली.

यह बात सामने आयी कि जमीन अधिग्रहण और वन भूमि क्लीयरेंस की वजह से राज्य की कई हाइवे परियोजना लंबित चल रही है. कई महत्वपूर्ण नेशनल हाइवे की सड़कों पर अतिक्रमण भी है, जिसे हटाया नहीं जा रहा है. कोलकाता-रांची-वाराणसी एक्सप्रेस-वे का काम झारखंड में अब भी शुरू नहीं हो सका है, जबकि इसका टेंडर पहले ही डिसाइड हो चुका है. राज्य के छह जिलों से गुजरनेवाले इस हाइवे मे कई जगह जमीन की भी समस्या है. इसी तरह रांची-कुडू-वाराणसी रोड परियोजना में भी आ रही समस्याओं की भी जानकारी ली गयी. जमीन के बदले दूसरी जगह वन रोपण के लिए जमीन लेकर वन विभाग को सौंपने के नियम पर भी चर्चा हुई. मंत्री ने इस पर वन विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश दिये.

### पार्टी के रांची जिला ग्रामीण प्रतिनिधि सम्मेलन में आजसू प्रमुख ने कहा

# युवा बदलाव का वाहक बनें: सुदेश

- राज्य में नए परिणाम और नए विश्वास को स्थापित करने का समय
- युवा शक्ति में असीम संभावनाएं, उनके नेतृत्व से बदलेगा झारखंड

संवाददाता। रांची



रांची जिला ग्रामीण प्रतिनिधि सम्मेलन को संबोधित करते आजसू प्रमुख सुदेश महतो.

युवा आजसू के सभी पदाधिकारी आने वाले दिनों में न सिर्फ खुद को सवारेंगे, बल्कि राज्य के भविष्य को संवारने का नेतृत्व भी करेंगे. युवा आजसू के सभी साथी जनता के हक हकूक के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम करें और निर्भीक होकर सत्ता परिवर्तन के संघर्ष के लिए तैयार रहें. उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में आयोजित युवा आजसू के रांची जिला ग्रामीण प्रतिनिधि सम्मेलन में कहीं. सम्मेलन में रांची के विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों के युवा प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और अपने पद की शपथ ली.

**सरकार के पास युवाओं के विकास का कोई मापदंड नहीं :** उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के पास युवाओं के विकास को लेकर कोई मापदंड नहीं है. अनुबंध कर्मियों से समान काम, समान वेतन, समान अवसर का वादा हो या युवाओं को पांच लाख नौकरियां देने की घोषणा सभी मुद्दों पर सरकार अपनी जुबान से पलट गई है. उन्होंने सभी को छला है और अपने किए वादों को पूरा न कर मुख्यमंत्री पद की गरिमा को धूमिल किया है. युवाओं का हक केवल वोट करना नहीं, बल्कि जवाबदेह नेता तैयार करने का दायित्व भी उन पर है. युवा आजसू के सभी पदाधिकारी गांव की चौपाल में बैठकर जनता को सरकार की वादाखिलाफियों से अवगत कराएं. नौजवानों के सपनों को पूरा करने के लिए राज्य में एक बेहतर वातावरण तैयार करना हमारा संकल्प. यह समय राज्य में नए परिणाम और नए विश्वास को स्थापित करने का है.

**युवाओं को सिर्फ धोखा दिया गया :** उन्होंने कहा कि इस सरकार ने हर साल पांच लाख रोजगार देने का वादा किया था, इस संबंध में कुछ भी काम नहीं हुआ है. युवाओं को सिर्फ धोखा दिया गया है. युवा हमारे राज्य और देश के भविष्य निर्माता है. वह राज्य के युवाओं के साथ छल कर रहे हैं. उनके इस छल को समझना होगा.

केंद्रीय प्रवक्ता देव शरण भगत, पूर्व डीआईजी संजय रंजन, केंद्रीय सचिव जितेंद्र सिंह, युवा जिला प्रभारी आतिश महतो, युवा संयोजक गदाधर महतो, युवा संयोजक जब्बार अंसारी, युवा संयोजक अमित कुमार, अमित महतो, युवा प्रदेश संयोजक युवा गौतम सिंह समेत जिले के 18 ब्लॉक से आए सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे.

**विश्व हाथी दिवस** | बेंगलुरु में मानव-हाथी संघर्ष पर अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला में बोले मंत्री बैद्यनाथ

# मानव-हाथी संघर्ष निराकरण का वैज्ञानिक प्रबंधन जरूरी

विशेष संवाददाता। रांची

विश्व हाथी दिवस पर बेंगलुरु में मानव- हाथी संघर्ष पर अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन बेंगलुरू में किया गया. इसमें झारखंड सरकार की ओर से स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री बैद्यनाथ राम ने हिस्सा लिया. उन्होंने कहा कि हाथी न केवल वन्यप्राणी साम्राज्य की प्रमुख प्रजाति है, बल्कि इसे भारतीय संस्कृति में भी पूजनीय जीव माना जाता है. हमारे देश में सदियों से मानव और वन्यप्राणी शांति पूर्वक सह-अस्तित्व की भावना से रहते आए हैं. फिर भी कुछ समय से मानव की आगे बढ़ने की प्रत्याशा ने दोनों प्रजातियों के बीच संघर्ष की


बेंगलुरु में मानव-हाथी संघर्ष पर अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला के दौरान मंत्री वैद्यनाथ राम.

स्थिति उत्पन्न कर दी है, जिस परिणामस्वरूप अप्रिय स्थितियां उत्पन्न हो रही हैं और इससे दोनों पक्षों की जान-माल की हानि हो रही है.

**कर्नाटक में वन्यजीव प्रबंधन प्रणाली सराहनीय :** उन्होंने कर्नाटक की वन्यजीव प्रबंधन प्रणाली प्रशंसा करते हुए कहा कि कर्नाटक में वैज्ञानिक तरीके से वन और वन्यजीव प्रबंधन की एक लंबी और गौरवशाली परंपरा रही है. कर्नाटक सरकार द्वारा मानव- हाथी संघर्ष की बढ़ती घटनाओं पर चर्चा करने के लिए विश्व के प्रमुख विशेषज्ञों को एक साथ लाने की पहल सराहनीय है.

**झारखंड की भूमि हाथियों के विचरण के लिए उपयुक्त, पर संघर्ष रोकने कोए बेहतर उपाय करने होंगे :** मंत्री ने कहा कि झारखंड वनों की भूमि है. यहां 29 प्रतिशत से अधिक भूमि वनाच्छादित है. झारखंड एक लैंडलॉक (चारो ओर से जमीन से घिरा) राज्य है, जहां हाथियों की एक स्वस्थ आबादी विचरण करती है. यह राज्य चारों तरफ से हाथियों के प्रवास अनुकूल क्षेत्र वाले राज्यों से भी घिरा हुआ है और ईस्ट-सेंट्रल एलिफेंट लैंडस्केप के रूप में चिह्नित है. यह परिदृश्य जहां एक ओर उचित वैज्ञानिक वन्यप्राणी प्रबंधन में कठिनाई उत्पन्न करता है, वहीं दूसरी ओर संबंधित राज्यों के बीच आपसी समन्वय के महत्त्व एवं उसकी आवश्यकता को इंगित करता है.

**झारखंड में छह-सात सौ हाथियों का बसेरा :** नवीनतम गणना से पता चलता है कि झारखंड में लगभग 600 से 700 हाथियों का बसेरा है. हमारे पास संतोषजनक वन क्षेत्र है, लेकिन हमारे पास बड़े निरंतर वन क्षेत्र नहीं हैं. भूमि खंडित है और जानवरों के गलियारे टूट चुके हैं. फसल कटाई का समय अक्सर हाथियों के प्रवास के समय से मेल खाता है, जिससे हमारे गरीब लोगों और इस महान जीव के बीच संघर्ष उत्पन्न होता है.

## संकेत कुमार तिवारी बने मीडिया प्रभारी

**कुंदा (चतरा)।** पुलिस ने कुंदा थाना क्षेत्र के खुशियाला गांव निवासी हत्या के आरोपी फरार अभियुक्त विजय गंझू, पिता फागन गंझू एवं यूगेश गंझू पिता मालू गंझू के घर न्यायालय के आदेशानुसार इश्तेहार चिपका कर न्यायालय में हाजिर होने की अपील की. ज्ञात हो की फरार अभियुक्त के खिलाफ कुंदा थाना में कांड संख्या 56/2019 में प्राथिमिकी दर्ज है और लंबे समय से वह फरार चल रहा था. वहीं इस कांड में फरार चल रहे वीरेंद्र गंझू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. सभी अभियुक्त थाना क्षेत्र के खुशियाला गांव के रहने वाला है. उक्त कार्य में पुअनि अनशेवर सिंह, जयकुमार सिंह एवं अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे.

**पेज एक का शेष**

## घटना वीभत्स...



कोलकाता हाईकोर्ट की खंडपीठ ने सुनवाई के दौरान पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार से पूछा कि इस मामले में क्या किया जा रहा है, प्रदर्शनकारियों को सरकार क्या आश्वासन दे रही है? अदालत ने इस घटना को बहुत बहुत विभत्स बताया. कलकत्ता हाईकोर्ट ने प्रदर्शनकारी चिकित्सकों से भी हड़ताल समाप्त करने की अपील की है. कहा कि वे एक पवित्र पेशे से जुड़े हैं.

**एनसीडब्ल्यू की टीम ने मेडिकल कॉलेज का दौरा किया :** राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की दो सदस्यीय टीम ने मंगलवार की सुबह आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल का दौरा किया. टीम सेमिनार हॉल में भी गई, जहां ट्रेनी महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर दी गई थी. डेलिना खोंगडुप के नेतृत्व में एनसीडब्ल्यू की टीम लाल बाजार स्थित कोलकाता पुलिस मुख्यालय में जांच अधिकारियों से मिलने भी गई. इसके बाद ट्रेनी महिला डॉक्टर के माता-पिता से मिलने के लिए उनके आवास पर पहुंची. खोंगडुप ने इस घटना को जघन्य और बहुत दुर्भाग्यपूर्ण बताया.

# Her Story

# मैंने चुनी आजादी

**आजादी... यह शब्द जितना ही प्यारा है, उतना ही व्यापक. बेड़ियों को तोड़ देने की चाहत कई बार उठती है जेहन में, पर रास्ता हर बार कहां सूझ पाता. देश की आजादी के 77 वीं वर्षगांठ पर हम आपके लिए लेकर आए हैं फ्रीडम गाइड यानी कई-कई बेड़यों से मुक्ति की राह...**



### पैरेंट्स के साथ प्रेशर पॉइंट : क्या पैरेंट्स के प्रति जिम्मेदारी पूरी कर पा रही?

**दवाब इसलिए :** परवरिश में पैरेंट्स से विभेद नहीं किया तो जिम्मेदारी में भाई के पीछे क्यों?



**हल ऐसे निकलेगा :** यदि पैरेंट्स को आर्थिक मदद चाहिए पर आपकी गृहस्थी का बजट टाइट है. हजार रूपए जैसे छोटी राशि एक बार देने में संकोच होता हो तो हर महीने की शुरुआत में ही हजार रूपए निकाल कर अलग रख लें. साल में एक बार बारह हजार रूपए देकर अच्छा फील करेंगी. या फिर खास अवसर जैसे पैरेंट्स की एनिवसर्री, बर्थडे आदि पर छह छह हजार देकर. सच पूछिए तो इस उम्र में सबसे अधिक मानसिक संबल उन्हें चाहिए. जब तब बातें कीजिए. सब्जी-दाल के भाव से लेकर बच्चों के परफॉर्मेंस तक.

### बच्चों के साथ प्रेशर पॉइंट : क्या बच्चों के साथ पूरा समय बीता पा रही?

**दवाब इसलिए :** बच्चों को भावनात्मक सहारा मां से मिलता है. क्या पूरा कर पातीं हूं बच्चों की जरूरतें?



**हल ऐसे निकलेगा :** यदि होममेकर हैं तो जाहिर है करियर से ऊपर बच्चों की परवरिश को रखा आपने. यह खुश होने की वजह है. काम के दौरान भी उनकी सुनती रहें और अपनी सुनाती रहें. यदि वर्किंग है तो भी बच्चों की परेशानियों के समय मौजूद नहीं होने का गिल्ट मत पालिए. उन्हें घर में मौजूद दादी, नानी, आंटी, बुआ आदि से घुलने मिलने के स्पेस दें. बच्चों को लेकर स्वार्थी नहीं होने की खुशी पाएं. हां, उनके पीटीएम, स्कूल एनुअल डे आदि के लिए जरुर आश्वस्त हो लें कि आप गर नहीं पहुंच पा रहीं तो कम से कम आपके पति वहां मौजूद हों.

### रसोई में प्रेशर प्वॉइंट: क्या पकाऊं, क्या परोसूं?

**दवाब इसलिए :** मां और नानी की तरह दिन भर रसोई में पीसने, कूटने और पकाने का समय नहीं. पर परिवार को उतने ही प्यार से खिलाने की चाहत है और मेहमानों का स्वागत भी दिल खोल कर करना चाहतीं.का व्यवहार कई बार झुंझलाहट ला देता.

राशन का स्टॉक बुद्धिमानी से करें. आलू प्याज महीने में दो बार खरीदें तो अंडे, दूध, दही आदि जैसे सामान रोज किचेन में पहुंचे, इसके लिए आश्वस्त हों. इनके रहने से डिप, रायता, कस्टर्ड, शेक जैसी चीजें झटपट बन सकतीं. वर्किंग हैं तो कुछ रेडी टू ईट का स्टॉक भी अचानक आए मेहमानों के लिए रखें. मीट, फिश आदि सप्ताह में एक बार खरीद कर अच्छी तरह साफ कर जिपर बैग में रख फ्रीजर में रख सकती हैं. वीकएंड में काम वाली से धनिया, पुदीना, प्याज, अदरक, लहसुन जैसी चीजों को साफ कर और मिक्सी में ग्राइंड कर फ्रिज में स्टोर करने को कहें. उबली दाल को तीन दिन तक फ्रिज में स्टोर कर सकतीं और हर दिन अलग छौंक के साथ परोस सकतीं. पालक को उबाल और पीस कर एयर टाइट डब्बे में फ्रिज में रखेंगी तो पालक पनीर बनाने में समय ही कितना लगेगा. घर में अंकुरित मूंग, चने रखने से झटपट स्प्राउट चाट से सलाद तक बना सकतीं.





### पति के साथ प्रेशर पॉइंट : वे मेरे अनुसार क्यों नहीं सोच पाते!

**दवाब इसलिए :** गृहस्थी में छोटी-छोटी बातों से लेकर बड़े निर्णयों तक में पति का व्यवहार कई बार झुंझलाहट ला देता.

**हल ऐसे निकलेगा :** ज्यादातर मर्दों में पत्नियों की समस्याओं को भांपने की क्षमता ही नहीं होती. इसलिए बजाय आरोप मढ़ने के अपनी समस्याओं को स्पष्ट शब्दों में जाहिर करें. गर बताने के बावजूद ध्यान नहीं देते तो बेहतर होगा कि आप इस हालात को स्वीकार लें. अगर आप इसके लिए लड़ने को तैयार हैं तो बेशक लड़ें, पर देखें कि इससे कहीं खुद आपकी हानि नहीं हो रही. रिश्ते को बनाए रखना चाहती हैं तो पति को उसी रूप में स्वीकार लें, जैसे वे हैं. यदि घर के काम में मदद नहीं करते तो आप बाई रख लें. यदि बिना यह सोचे वे गाड़ी लेकर निकल जाते कि आप कैसे जाएंगी, तो बेहिचक टैक्सी हायर करें. ये उपाय आपको खुश रखने में मददगार होंगे. संभव है तब उन्हें अहसास हो कि इस कारण परिवार का बजट बिगड़ रहा और वे सर्तक हो जाएं.

### पैसे को लेकर प्रेशर प्वॉइंट :

**क्या मेहनत और समय देने के बाद कमाए पैसों का सही संभाल हो रहा?**

**दवाब इसलिए :**

**कमाने में तो पति के बराबर ही हैं, पर जब इंवेस्टमेंट की बात आती, नीचे के पायदान पर खुद को खड़ा पातीं.**



**हल ऐसे निकलेगा :** सबसे पहले फाइनेंशियल मामलों में ऑर्गेनाइज्ड हों. सेविंग बैंक अकाउंट ट्रांजेक्शन, ऑफिस पे स्लिप, मेडिकल बिल, फोन बिल, प्रॉपर्टी पेमेंट, क्रेडिट कार्ड बिल, इंवेस्टमेंट की हार्ड या सॉफ्ट कॉपी आपके पास किसी फाइल में सुरक्षित हो. गर दरकार हो तो फाइनेंशियल मैनेजमेंट के लिए किसी सीए की मदद लें जो आपको इंवेस्टमेंट के सही रास्तों के साथ टैक्स सेविंग के बारे में भी बताएगा. पर ध्यान रखें कि वे ऐसे हो जिनका नाम आपके किसी अपने ने सुझाया हो. कई बार अपना टार्गेट पूरा करने के लिए वे गलत सुझाव भी दे सकते. सीए कंचन माहेश्वरी कहती हैं कि वैसे बचत नहीं कर पाती तो ईएमआई एक बेहतर विकल्प है. सिप जैसे इंवेस्टमेंट से भी कम राशि से ही स्मार्ट बचत संभव है.

---

चटखारा

# स्वाद तिरंगा–अंदाज तिरंगा

**फिजा में देश भक्ति महक है. मन तिरंगा पर फिदा हो रहा. ऐसे में आसपास सबकुछ हरा, केसरिया, सफेद की जुगलबंदी में ही भा रहा. आइए आज बात करें कुछ तिरंगी रेसिपी की...**

## तिरंगा ड्रिंक



**ये चाहिए**

- 1 छोटा कप कीवी का पल्प/स्मूदी
- 4 स्कूप वनीला आइसक्रीम
- 1 छोटा कप ऑरेंज पल्प
- 4–5 आइस क्यूब
- 2 टीस्पून लाइम सीजनिंग

**ऐसे बनाएं**

- सबसे पहले दोनों गिलास में आधा–आधा कप कीवी पल्प डालें.
- इसके बाद लेमन सीजनिंग डालकर चम्मच से मिक्स करें.
- फिर दोनों गिलास में वनीला आइसक्रीम डालें.
- सबसे ऊपर ऑरेंज का पल्प डालें.
- गिलास में निकालकर आइस क्यूब डालकर ठंडा–ठंडा सर्व करें.

## तिरंगा उपमा

**ये चाहिए**

- 2 कप समा के चावल
- 1 कप ब्रोकोली
- 1 हरी मिर्च
- 1 गाजर
- 1 टीस्पून जीरा
- तेल जरूरत के अनुसार
- नमक स्वादानुसार



**ऐसे बनाएं**

- सबसे पहले गाजर, ब्रोकोली और हरी मिर्च काट लें और समा के चावल को पानी से धोकर साफ करें.
- मीडियम आंच पर पैन में तेल डालकर गर्म करने के लिए रख दें.
- तेल के गर्म होने पर जीरा डालकर तड़काएं.
- अब गाजर, ब्रोकोली और हरी मिर्च डालकर हल्का फ्राई करें .इसमें नमक और समा के चावल डालकर मिक्स करें और 1–2 मिनट के लिए ढककर पकाएं. तैयार है तिरंगा उपमा. गरमागरम सर्व करें.

## तिरंगी इडली

गर ब्रेकफास्ट में नियमित इडली खाते हैं तो अपनी इडली को भी तिरंगा ट्विस्ट दे सकती हैं. इसके लिए इडली के घोल या बैटर को तीन हिस्सों में बांटे. गाजर के टुकड़े और पालक के पत्तों को अलग अलग बर्तन में पांच मिनट के लिए बॉइल करें और फिर उनकी प्यूरी बनाएं. बैटर के एक पार्ट में गाजर प्यूरी और दूसरे पार्ट में पालक प्यूरी मिलाएं. अब अपनी क्रिएटिविटी से तीनों हिस्सों का उपयोग करते हुए मनपसंद इडली बनाएं.

## ट्राई कलर डेजर्ट बनाने के लिए सामग्री

**ये चाहिए**

- दूध – 1 लीटर
- सेवई – 1/2 कटोरी
- काजू – 8–10
- बादाम – 8–10
- काजू पाउडर – 2 टेबलस्पून
- नारियल कद्दूकस – 4 टेबलस्पून
- इलायची पाउडर – 1/2 टी स्पून
- रोज़ एसेंस – 8–10 बूंदें
- घी – 1 टेबलस्पून
- केसरिया फूड कलर – जरूरत के अनुसार
- हरा फूड कलर – जरूरत के अनुसार
- चीनी – स्वादानुसार



**ऐसे बनाएं**

काजू और बादाम के छोटे–छोटे टुकड़े काटकर एक बाउल में अलग रख लें. इसके बाद 18–20 काजू को पीसकर उसका पाउडर तैयार कर लें. अब एक कड़ाही में 1 चम्मच घी डालकर उसे मीडियम आंच पर गर्म करें और सेवई सुनहरी होने तक भूनें. अब इसमें एक कटोरी दूध डाल कर धीमी आंच पकाएं. स्वादानुसार चीनी और ड्राई फ्रूट्स डालें, फिर इलायची पाउडर डालकर बंद कर दें. सेवई ठंडी होने पर उसे दो भागों में बांटें. एक भाग में केसरिया रंग और दूसरे में हरा रंग डालकर मिलाएं. अब एक कड़ाही में एक लीटर दूध उबाल कर लगातार चलाते हुए गाढ़ा करें. दूध आधा रह जाए तो दूध में चीनी, काजू पाउडर और नारियल का पेस्ट डालकर मिला दें. अब इस रबड़ी को ठंडा होने दें. इसमें 8–10 बूंदें रोज एसेंस की डाल दें.

# फिजा में महकता देशभक्ति का जज्बा

**स्वतंत्रता दिवस एक मौका है उत्सव का. एकता प्रदर्शन का. और साथ ही हमारी देशभक्ति के जज्बे को जाहिर करने का. देश के प्रति गर्व का भाव कण-कण और हर मन में है, फिर घर की सजावट इससे अछूती कैसे रह सकती. आइए, इंटीरियर डेकोर के कुछ ऐसे ही अंदाज की करें चर्चा...**

- **पेपर क्राफ्ट**

पेपर क्राफ्ट थीम बेस्ड होम डेकोर का आसान अंदाज है. तिरंगे झंडे, फूलों, सितारों, कबूतर, पतंग आदि के पेपर क्राफ्ट बच्चों को बनाने के लिए दें और उनसे ही घर की दीवारों को सजाने कहें.

- **फूलों की सज्जा**

फ्लावर वॉस या पॉट में फूलों से वाइब्रेंट ट्राईकलर अरेंजमेंट भी माहौल को आजादी के जश्न के अनुकूल बनाएगा.





- **ट्राई कलर पेपर हैंगिंग लैंप**

बाजार में सहजता से और बेहद किफायती दामों में उपलब्ध पेपर हैंगिग लैंप को तिरंगा के अंदाज में सजाना देशभक्ति के भावना को रोशन कर देगा.

- **रिसाइकिल/रियूज**

खाली बोतल, पेपर प्लेट, पुराने सेरेमिक प्लेट आदि पर अपनी कल्पनाशीलता के रंग भर कर आजादी के जश्न को दर्शाते वॉलहैंगिंग, डेकोर आइटम आदि बना कर घर सजाना पॉकेट फ्रेंडली और क्रिएटिव अंदाज होगा.

- **तिरंगी रंगोली**

तिरंगी थीम पर रंगोली सजा कर भी इस खास दिन को सेलिब्रेट किया जा सकता है. लेकिन ध्यान रहे झंडा जमीन पर नहीं उपयोग करें, बल्कि केसरिया, हरा और सफेद, इन तीन रंगों के फूल, पत्तों या रंगों का कलात्मक व प्रतीकात्मक उपयोग करें.

- **दीवारों पर**

केसरिया, सफेद व हरे रंग की साड़ी, दुपट्टे या पर्दे को दीवारों पर कलात्मक अंदाज में ड्रेप करके भी घर की फिजा को देशभक्ति से महका सकते.

- **जो शहीद हुए हैं उनकी...**

देश की आजादी के लिए कुर्बानी देने वाले इतिहास के अमर वीरों की तस्वीरें-पेंटिंग, वालपेपर आदि दीवारों पर सजा कर उन्हें याद करना, सलामी देना एक खूबसूरत अंदाज होगा.

- **मोटिवेशनल कोट्स**

स्वतंत्रता सेनानियों के प्रेरित करने वाले कोट्स को भी हम दीवारों पर सजाकर, उनके टेबल डेकोर आयटम बनाकर आजादी के जश्न मना सकते हैं. इस काम में बच्चों को शामिल करना उनका संस्कार निर्माण करेगा.

- **टेबल टॉप डेकोर**

क्यों न इस महापर्व पर अपने कॉफी टेबल, डाइनिंग टेबल आदि को ट्राई कलर रनर, मिनिएचर फ्लैग भारतीय मैप, वीरों को दर्शाते सेंटर पीस, नैपकीन आदि से सजाएं.

- **तीन रंगों के कुशन**



स्वतंत्रता दिवस थीम पर घर की सजावट का सबसे आसान तरीका केसरिया सफेद व हरे रंग के कुशन का उपयोग है. सोफा, चेयर या दीवान पर इन्हें तिरंगे झंडे के क्रम में सजाएं.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

अपनी पुस्तक 'आई हैव द स्ट्रीट्सः ए कुट्टी क्रिकेट स्टोरी' की सफलता का लुत्फ उठा रहे भारतीय ऑफ स्पिनर

# मैं जिंदगी और क्रिकेट में जोखिम लेना पसंद करता हूं : अश्विन

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

इंजीनियर, क्रिकेटर, एक लोकप्रिय यूट्यूबर और अब एक लेखक भी, एक बार में कई चीजों को आसानी से प्रबंधित करने वाले भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि जीवन हो या क्रिकेट वह अति सुरक्षात्मक रवैया अपनाने की जगह असफल होना पसंद करेंगे.इस 37 साल के खिलाड़ी को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे चतुर दिमाग वाले क्रिकेट के तौर पर जाना जाता है. टेस्ट में 516 विकेट लेने वाले इस खिलाड़ी की बातों और विचारों को क्रिकेट जगत में काफी तवज्जो दी जाती है. वह इस समय अपनी पुस्तक 'आई हैव द स्ट्रीट्सः ए कुट्टी क्रिकेट स्टोरी' की सफलता का लुत्फ उठा रहे हैं. इस किताब के सह-लेखक सिद्धार्थ मोंगा है और इसे पेंगुइन रैंडम हाउस ने प्रकाशित किया है. यह किताब में 2011 तक अश्विन के जीवन का विवरण उनके दिमाग की झलक देती है. अश्विन ने 'न्यूज एजेंसी' को दिये विशेष साक्षात्कार में कहा, ''मैं अपनी जिंदगी जी रहा हूं, बस यह इतना ही है. मैं 'ए', 'बी' या 'सी' (किसी लक्ष्य) को पूरा करने के बारे में नहीं सोच रहा हूं. मैं मौजूदा समय में रहना पसंद करता हूं. मैं आम तौर पर एक रचनात्मक व्यक्ति हूं और अगर मुझे लगता है कि मैं कुछ करना चाहता हूं, तो मैं आगे बढ़ूंगा और करूंगा. (चाहे यह) सही हो या गलत, यह कुछ ऐसा है जिसके बारे में मैं बाद में फैसला करना चाहूंगा.'अश्विन हालांकि हमेशा इस तरह से बेखौफ नहीं थे. बचपन में उनके अंदर असुरक्षा की भावना थी लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता गया, वह इससे आगे निकलने में सफल रहे. उन्हें एहसास हुआ कि उनका डर उन्हें पंगु बना रहा था. अश्विन ने कहा कि इससे निपटने के बाद वह कुछ हद तक अडिग हो गए और यह एक क्रिकेटर के रूप में उनके विकास में कारगर रहा. इसने उन्हें एक बच्चे के रूप में चेन्नई की सड़कों पर कैरम बॉल फेंकने से लेकर भारत के प्रमुख स्पिनर के रूप में उनका कायापलट काफी मदद की. इस खिलाड़ी ने अपनी आलोचनाओं को गंभीरता से लिया है और ढेर सारे विकेट लेकर इसका जवाब दिया है.



उन्होंने हालांकि 'बाहरी शोर' को अपने दिमाग में हावी नहीं होने दिया. उनके अंदर का इंजीनियर उन्हें जोखिम लेने और विफलता से निडर रहने की प्रेरणा देता है.उन्होंने कहा, 'मैं बिल्कुल भी असुरक्षित नहीं हूं. मैं पूरी तरह से सुरक्षित रहने के बजाय जीवन में असफल होना पसंद करूंगा. यही मेरा चरित्र है. मेरे अंदर लोगों जैसी सामान्य असुरक्षा की भावना नहीं हैं.' अश्विन इन बातों को उसी साफगोई से कहते हैं जिसके साथ वह जटिल क्रिकेट कानूनों को 'डिकोड' करते हैं. उनकी इन चीजों के सोशल मीडिया पर वायरल होने में देर नहीं लगती. उन्होंने कहा,'बचपन में अपनी असुरक्षा वाली मानसिकता को पीछे छोड़ने के बाद मेरी सोच बदल गयी थी. मैं किसी और की असुरक्षा का फायदा के बारे में नहीं सोचता हूं. इसी तरह मैं क्रिकेट या जीवन को सामान्य रूप से देखता हूं.'एक ही बार में कई चीजों को करने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा,' कोविड-19 संकट के दौरान लगभग हर कोई नुकसान के डर से जूझ रहा था, वह समय था जब उन्होंने जीवन के प्रति अपने दृष्टिकोण को नये सिरे से बदलते हुए महसूस किया कि वह जो चाहिते हैं उसके लिए उनके पास सिर्फ एक मौका है. लॉकडाउन के दौरान अश्विन ने यूट्यूब चैनल शुरू किया. क्रिकेट, क्रिकेट कानूनों और क्रिकेटरों पर उनके स्पष्ट विचारों के अब 15 लाख से अधिक सब्सक्राइबर है. उनके अनुसार यह सब निडर होने या जोखिमों के मजेदार पक्ष को देखने की क्षमता पर निर्भर करता है, जो कि 2009 में एक कैसीनो की यात्रा ने उन्हें सिखाया था.उन्होंने कहा,'अगर आप यह सोचकर कैसीनो में जाते हैं कि आप कितना पैसा कमाएंगे, तो आप शायद अपने सारे पैसे गंवा देंगे. लेकिन जब आप मौज-मस्ती करने के इरादे इस सोच के साथ जाते है कि आप वहां पैसे गंवाने जा रहे है तो आप किसी अमीर व्यक्ति के रूप में वापस आते है और यह सीखने का एक बड़ा अनुभव होता है.'

पैरालंपिक नहीं खेलेंगे प्रमोद भगत

# अठारह महीने के लिए निलंबित किए गए पैरा शटलर भगत

■ **बैडमिंटन विश्व महासंघ ने की पुष्टि**

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

तोक्यो के स्वर्ण पदक विजेता पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत पेरिस पैरालंपिक में अपना खिताब बरकरार नहीं रख पायेंगे जिन्हें बीडब्ल्यूएफ के डोपिंग निरोधक 'वेयरअबारट' (ठिकाने का पता) नियम के उल्लंघन के कारण 18 महीने के लिये निलंबित कर दिया गया है . बीडब्ल्यूएफ ने एक बयान में कहा ,' बैडमिंटन विश्व महासंघ इसकी पुष्टि करता है कि भारत के तोक्यो 2020 पैरालंपिक चैम्पियन प्रमोद भगत को 18 महीने के लिये निलंबित किया गया है और वह पेरिस पैरालंपिक नहीं खेलेंगे .' इसमें कहा गया ,'' एक मार्च 2024 को खेल पंचाट (सीएएस) डोपिंग निरोधक प्रभाग ने भगत को बीडब्ल्यूएफ के डोपिंग निरोधक नियम के उल्लंघन का दोषी पाया .



वह एक साल में तीन बार अपना ठिकाना बताने में नाकाम रहे थे.'' भगत ने पीटीआई से कहा ,' मेरे लिये यह बहुत कठिन फैसला है . मैं वाडा का सम्मान करता हूं . मैं समझता हूं कि सभी खिलाड़ियों के लिये वे मानक तय करना चाहते हैं लेकिन तकनीकी कारणों से प्रतिबंध लगाना सही नहीं है .' उन्होंने कहा ,' यह किसी पदार्थ के सेवन का मामला नहीं है बल्कि ठिकाना नहीं बता पाने का मामला है . मैं दो बार अलग जगहों पर होने के कारण टेस्ट नहीं द पाया लेकिन तीसरी बार देने का मेरे पास सबूत है लेकिन मेरी अपील खारिज हो गई.' 36 वर्ष के एसएल3 खिलाड़ी भगत ने सीएएस (खेल पंचाट) के अपील विभाग में इस फैसले के खिलाफ अपील की थी जो पिछले महीने खारिज हो गई . भगत ने कहा ,' यह मेरे लिये बड़ा नुकसान है . मैं पेरिस की तैयारी कर रहा था जो हर खिलाड़ी के लिये बड़ी बात है . मैं पदक जीत सकता था . मेरा दिल टूट गया है .' बयान में कहा गया ,' 29 जुलाई 2024 को सीएएस के अपील विभाग ने भगत की अपील खारिज कर दी और सीएएस के डोपिंग निरोधक प्रभाग के एक मार्च 2024 के फैसले की पुष्टि की. उनका निलंबन अब प्रभावी है.' यह निलंबन एक सितंबर 2025 तक लागू रहेगा . बिहार में जन्मे भगत ने पिछले साल फरवरी में पांचवां विश्व चैम्पियनशिप खिताब जीतकर चीन के लिन डैन की बराबरी की थी . भारतीय पैरा बैडमिंटन के मुख्य कोच गौरव खन्ना ने कहा, 'gयह काफी दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है . वह पैरालंपिक में पदक उम्मीद थे लेकिन वह योद्धा है और मुझे यकीन है कि मजबूती से वापसी करेंगे .'

# हरमनप्रीत एंड कंपनी के पास लॉस एंजिल्स में स्वर्ण पदक जीतने का मौका : माइक हॉर्न

**एजेंसी। कोलकाता**

दुनिया के मशहूर 'एंडवेंचरर' माइक हॉर्न का मानना है कि भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने तोक्यो और पेरिस ओलंपिक में लगातार कांस्य पदक जीतने के बाद अपनी मजबूत नींव का प्रदर्शन किया जिसे देखते हुए चार साल बाद लॉस एंजिल्स में उनमें स्वर्ण जीतने की क्षमता है.स्विट्जरलैंड के 'मोटिवेशनल कोच' के तीन दिवसीय मानसिक दृढ़ता वाले 'बूट शिविर' ने हरमनप्रीत एंड कंपनी को अपनी सीमाओं से आगे बढ़ने में मदद की और वे अपने सहज क्षेत्र से बाहर आकर मजबूती से एकजुट होने में सफल रहे. हॉर्न पीटीआई से कहा, ''भारतीय टीम ने कांस्य पदक जीता है, वह उनके समर्पण का प्रतिबिंब है और मेरा मानना है कि उन्होंने भविष्य की सफलता के लिए एक मजबूत आधार तैयार किया है जिसमें अगले ओलंपिक में स्वर्ण जीतने की संभावना भी शामिल है. 'उन्होंने कहा, ''टीम का प्रदर्शन असाधारण था और टीम स्वर्ण पदक जीतने के बहुत करीब पहुंच गई थी. उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में शानदार कौशल, रणनीति और मानसिक दृढ़ता दिखाई. 'हॉर्न ने कहा, ''हालांकि वे स्वर्ण पदक हासिल नहीं कर पाए. लेकिन यह तथ्य है कि



वे इसके इतने करीब थे जो उनकी कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है.

'उन्होंने कहा ''यह समझना भी महत्वपूर्ण है कि पदक जीतना और वो भी ओलंपिक में, एक बहुत बड़ी उपलब्धि है. 'हॉर्न को उनके महेंद्र सिंह धोनी की अगुआई वाली 2011 विश्व कप विजेता भारतीय टीम, 2014 में इंडियन प्रीमियर लीग विजेता टीम कोलकाता नाइट राइडर्स और जर्मनी की 2014 फुटबॉल चैम्पियन टीम के साथ काम के लिए भी जाना जाता है.भारत ने पेरिस ओलंपिक में अपना अभियान न्यूजीलैंड पर जीत से शुरू किया और धीरे धीरे लय हासिल की. ग्रुप चरण में भारत की सबसे बड़ी जीत आस्ट्रेलिया के खिलाफ रही जिसे टीम ने 52 साल बाद शिकस्त दी.टीम की एकजुटता और मानसिक मजबूती ब्रिटेन के खिलाफ शूटआउट में जीत के दौरान दिखी जबकि दूसरे क्वार्टर के शुरू से ही टीम 10 खिलाड़ियों के बिना खेल रही थी.हॉर्न (58 वर्ष) ने कहा, ''मैंने पेरिस 2024 में उनका सफर बहुत करीब से देखा और मैं उनकी सहनशीलता और उन्होंने दबाव का किस तरह से सामना किया, उससे काफी प्रभावित हुआ. उनकी इस यात्रा में छोटी सी भूमिका निभाना सम्मान की बात है. ''

# 10 सितंबर से पहले हॉकी टीम से मिलकर भविष्य की योजना बनाएंगे : खेल मंत्री

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने मंगलवार को बताया कि वह 10 सितंबर से पहले कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम के साथ बैठक करेंगे ताकि 2028 लॉस एंजिल्स खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के प्रयासों के मद्देनजर भविष्य की योजना बना सकें. उन्होंने मंगलवार सुबह पेरिस से लौटने के बाद स्टार गोलकीपर पीआर श्रीजेश, डिफेंडर संजय, अमित रोहिदास और स्ट्राइकर अभिषेक को सम्मानित किया. मांडविया ने कहा, 'आप लोगों का प्रदर्शन शानदार रहा, हम स्वर्ण पदक नहीं जीत पाए, लेकिन हम इसके बहुत करीब पहुंच गए थे और सेमीफाइनल में हार के बाद जिस



तरह से आपने प्रदर्शन किया, वह सराहनीय है.'उन्होंने कहा, ''लेकिन यह सफर का अंत नहीं है और मैं 10 सितंबर तक आपके साथ बैठकर भविष्य की रणनीति पर विचार करूंगा ताकि हम लॉस एंजिल्स से स्वर्ण पदक लेकर लौटें. मैं इस बारे में आपकी राय लूंगा कि इसे कैसे आगे बढ़ाया जाए और सरकार की ओर से आपको हर संभव सहायता प्रदान करने का प्रयास करूंगा.' खेल मंत्री ने यह भी कहा कि भारतीय दल भले ही पिछले तोक्यो ओलंपिक के पदकों की बराबरी नहीं कर सका लेकिन वह उनके प्रदर्शन से संतुष्ट हैं. तोक्यो में भारत ने एक स्वर्ण सहित सात पदक जीते थे लेकिन पेरिस में देश केवल छह पदक ही जीत सका जिसमें पांच कांस्य पदक और एक रजत पदक शामिल है. हालांकि भारतीय खिलाड़ी सात स्पर्धाओं में पदक से चूककर चौथे स्थान पर रहे. उन्होंने कहा, ''तोक्यो में हमने सात पदक जीते लेकिन पेरिस में हम छह ही पदक जीत पाये. सच्चाई यही है कि हम चौथे स्थान पर रहकर सात और पदक से चूक गए जो सराहनीय प्रदर्शन है.'

# रोहित और कोहली दलीप ट्रॉफी में लेंगे हिस्सा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने दलीप ट्रॉफी के दौर के मुकाबले में परिवर्तन किया है. पहले इसका आयोजन अनंतपुर में होना था, लेकिन अब इसे बेंगलुरु में कराने का फैसला लिया गया है. इस टूर्नामेंट में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को छोड़कर भारत के अन्य कुछ स्टार खिलाड़ी के हिस्सा लेने की उम्मीद है. सीनियर बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा को हालांकि छूट दी जा सकती है. टूर्नामेंट में भाग लेने का फैसला पूरी तरह से उन पर छोड़ा जाएगा.दलीप ट्रॉफी के पहले दौर के दो सेट के मैच आंध्रप्रदेश के अनंतपुर में पांच सितंबर से होने थे, लेकिन अब उनमें से एक को एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में कराया जाएगा ताकि लॉजिस्टिक की समस्या



नहीं आए. अनंतपुर बेंगलुरु से 230 किलोमीटर दूर है और हवाई मार्ग से जुड़ा हुआ भी नहीं है. एक सूत्र ने बताया, कुछ शीर्ष खिलाड़ियों की सुविधा के लिए यह फैसला लिया गया है ताकि उन्हें बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले लाल गेंद के क्रिकेट का अनुभव हो जाए.

भारत को बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट 19 सितंबर से चेन्नई में और 27 सितंबर से कानपुर में खेलने हैं. रोहित और विराट खेलने पर फैसला खुद लेंगे लेकिन रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, केएल राहुल, शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर, कुलदीप यादव के इसमें खेलने की उम्मीद है. बुमराह और अश्विन बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज से पहले सीधे टीम से जुड़ेंगे. चयनकर्ता ऋषभ पंत को भी दलीप ट्रॉफी में खेलते देखना चाहते हैं. अगर ऐसा होता है कि दिसंबर 2022 की कार दुर्घटना के बाद यह उनका पहला लाल गेंद का टूर्नामेंट होगा. पंत ने आईपीएल 2024 से क्रिकेट के मैदान पर वापसी की थी और टी20 विश्व कप विजेता टीम का भी हिस्सा रहे थे. सर्जरी के बाद स्वास्थ्य लाभ ले रहे मोहम्मद शमी इसमें नहीं खेलेंगे.

## ▼ ब्रीफ खबरें

### अय्यर बुची बाबू आमंत्रण टूर्नामेंट में एक मैच खेलेंगे

**मुंबई ।** श्रेयस अय्यर गुरुवार से तमिलनाडु में चार स्थानों पर शुरू होने वाले आगामी बुची बाबू आमंत्रण टूर्नामेंट में मुंबई के लिए एक मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे.अय्यर 27 से 30 अगस्त तक कोयंबतूर में खेले जाने वाले मुंबई के दूसरे दौर के मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे. इस मैच में भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव भी खेलेंगे.मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के संयुक्त सचिव दीपक पाटिल ने एक विज्ञप्ति में कहा, 'श्रेयस अय्यर तमिलनाडु क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित बुची बाबू आमंत्रण टूर्नामेंट में मुंबई के लिए खेलेंगे. वह 27 अगस्त से कोयंबतूर में जम्मू-कश्मीर के खिलाफ खेलेंगे.'अय्यर ने इस महीने श्रीलंका के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला से भारतीय टीम में वापसी की है.

### पोपिरिन ने नेशनल बैंक ओपन पुरुष एकल खिताब जीता

**मांट्रियल ।** आस्ट्रेलिया के एलेक्सेइ पोपिरिन ने रूस के पांचवीं वरीयता प्राप्त आंद्रेइ रूबलेव को 6 . 2, 6 . 4 से हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस खिताब जीत लिया जो उनके कैरियर का सबसे बड़ा एकल खिताब है .विश्व रैंकिंग में 62वें स्थान पर काबिज पोपिरिन ने दूसरे दौर में 11वीं वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन को हराया . इसके बाद सातवीं वरीयता प्राप्त ग्रिगोर दिमित्रोव को मात दी . उन्होंने क्वार्टर फाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त हुबर्ट हुरकाज को हराया. फिर सेमीफाइनल में अमेरिका के सेबेस्टियन कोरडा को हराया. इस प्रदर्शन से पोपिरिन रैंकिंग में 62वें से 23वें स्थान पर पहुंच जायेंगे .

### भारत को 3-1 से हरा सकता है ऑस्ट्रेलिया

**दुबई।** रिकी पोंटिंग का मानना है कि भारत के खिलाफ घरेलू मैदान पर लगातार दो टेस्ट श्रृंखलाओं में हार के बाद ऑस्ट्रेलिया के पास साबित करने के लिए काफी कुछ होगा और उन्होंने कहा कि पैट कमिंस की अगुवाई वाली टीम इस साल नवंबर-दिसंबर में होने वाली पांच मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 3-1 से जीत सकती है.भारत ने ऑस्ट्रेलिया के पिछले दो दौरों में टेस्ट श्रृंखला 2-1 के समान अंतर से जीती थी. वह अब 22 नवंबर से शुरू होने वाली पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में विश्व की नंबर एक टेस्ट टीम और मेजबान ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगा. पोंटिंग ने 'द आईसीसी रिव्यू' में कहा, ''यह एक प्रतिस्पर्धी श्रृंखला होने जा रही है.

### न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज जॉर्ज वर्कर ने लिया संन्यास

**वेलिंगटन ।** न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज जॉर्ज वर्कर ने 34 साल की उम्र में पेशेवर क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है. वर्कर, जिन्होंने सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट्स के साथ अपना पेशेवर करियर शुरू किया और ऑकलैंड के साथ समाप्त किया, ने एक बयान में कहा, पेशेवर क्रिकेट में 17 साल के शानदार सफर के बाद, मैं खेल से संन्यास लेने की घोषणा कर रहा हूं. यह निर्णय मेरे जीवन के एक अविश्वसनीय अध्याय के अंत और एक नए रोमांच की शुरुआत का प्रतीक है, अपने करियर के दौरान, मैंने कुछ बेहतरीन दोस्ती बनाई है जो जीवन भर चलेंगी, साथ ही ऐसी यादें हैं जो मैं हमेशा संजो कर रखूंगा. वर्कर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बहुत कम समय बिताया, 2015 से 2018 के बीच उन्होंने दस वनडे और दो टी20 मैच खेले.

**तैयारी** मनु आजादी के बाद एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गई

# मनु भाकर की नजरें भविष्य में कई ओलंपिक पदक जीतने पर

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

पेरिस में दो पदक जीतने वाली भारत की अनुभवी पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर की नजरें ओलंपिक में कई पदक जीतने पर लगी है . बाईस वर्ष की मनु आजादी के बाद एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गई . उन्होंने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल और सरबजोत सिंह के साथ 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीते . वह 25 मीटर पिस्टल में भी कांस्य जीतने से मामूली अंतर से चूक गई .

मनु ने पीटीआई वीडियो से कहा ,' हम सभी पदक जीतने के लिये काफी मेहनत करते हैं . लेकिन अगर भविष्य में दो से अधिक पदक एक ही ओलंपिक में जीत पाती हूं तो यह



शानदार होगा . कड़ी मेहनत करके भविष्य में बेहतर प्रदर्शन का लक्ष्य है .' उन्होंने ओलंपिक समापन समारोह से लौटने के बाद कहा ,' मैं भविष्य में भारत के लिये और ओलंपिक पदक जीतना चाहती हूं .' मनु समापन समारोह में अनुभवी हॉकी गोलकीपर पी आर श्रीजेश के साथ भारत की ध्वजवाहक थीं . उन्होंने कहा ,'यह जीवन में एक बार मिलने वाला अनुभव था . मैं इसके लिये शुक्रगुजार हूं और इसे ताउम्र याद रखूंगी.' उन्होंने कहा ,' श्रीजेश भैया के साथ मेरा बहुत अच्छा संबंध है . मैं उन्हें बचपन से जानती हूं . वह काफी दोस्ताना, मददगार और विनम्र रहते हैं . उन्होंने मेरे लिये समापन समारोह में काम बहुत आसान कर दिया .' मनु की मां सुमेधा भाकर ने कहा ,'' मैं उसके लिये बहुत खुश हूं . सभी खिलाड़ियों के लिये . मैं पेरिस में हॉकी टीम, अमन सेहरावत, नीरज चोपड़ा से मिली . उम्मीद है कि ये खिलाड़ी और पदक जीतकर भविष्य में अपनी मां और देश को गौरवान्वित करते रहेंगे .' कांस्य पदक विजेता हॉकी टीम के खिलाड़ियों श्रीजेश, अमित रोहिदास, सुमित , अभिषेक और संजय का भी यहां पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया . सुमित ने कहा ,''हमें काफी प्यार मिल रहा है . हॉकी खिलाड़ियों को प्यार मिलना चाहिये क्योंकि दो पदक (तोक्यो और पेरिस) जीते हैं . यह हॉकी और हॉकीप्रेमियों के लिये अच्छा है .

## दिल्ली विश्व कप से बाहर रह सकती है मनु भाकर

**नयी दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतने वाली पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर अक्टूबर में होने वाले विश्व कप से बाहर रह सकती है क्योंकि उन्होंने तीन महीने का ब्रेक लेने का फैसला किया है . उनके कोच जसपाल राणा ने यह जानकारी दी. बाईस वर्ष की मनु ने पेरिस ओलंपिक में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल और 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीते. जसपाल ने पीटीआई वीडियो से कहा ,'' मुझे नहीं पता कि वह अक्टूबर में होने वाले विश्व कप में खेलेंगी या नहीं क्योंकि वह तीन महीने का ब्रेक ले रही है .'' उन्होंने कहा ,''वह लंबे समय से कड़ी मेहनत कर रही है तो यह नॉर्मल ब्रेक है .'निशानेबाजी विश्व कप दिल्ली में 13 से 18 अक्टूबर के बीच होगा . जसपाल ने कहा कि ब्रेक के बाद वे 2026 एशियाई खेल और राष्ट्रमंडल खेलों पर काम करेंगे .

# नदीम को पाकिस्तान की पंजाब सरकार ने एक करोड़ रुपये और कार दिया

**एजेंसी। लाहौर**

ओलंपिक भाला फेंक चैंपियन अरशद नदीम को हाल ही में संपन्न पेरिस खेलों में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने के लिए पंजाब सरकार ने मंगलवार को एक करोड़ रुपये और एक नयी कार से पुरस्कृत किया. पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज जब नदीम और उसके परिवार से मिलने मियां चुन्नू स्थित उसके गांव गयी तो उन्होंने नदीम को नकद पुरस्कार और कार की चाबियां भेंट की. उन्होंने कहा, 'अरशद हर उस चीज का हकदार है जो उसे मिल रहा है क्योंकि वह देश के लिए बहुत खुशी और गौरव लेकर आया है.'मुख्यमंत्री ने नदीम को जब 92.97 नंबर प्लेट वाली नयी कार की चाबियां सौंपी तब वहां उनके माता-पिता भी मौजूद थे. नदीम ने 92.97 मीटर की ओलंपिक रिकॉर्ड के साथ पेरिस में स्वर्ण पदक



जीता था.मरियम नवाज के साथ आए 'डिप्टी कमिश्नर' ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर चेक और कार से जुड़ी कागजी कार्रवाई को रिकॉर्ड समय में पूरा किया गया क्योंकि वह नदीम से मिलना चाहती थी.उन्होंने कहा, '' मुख्यमंत्री ने विशेष नंबर प्लेट के लिए भी आदेश दिये थे.'लाहौर वापस जाने से पहले मरियम ने नदीम के कोच सलमान इकबाल बट को 50 लाख रुपये का चेक भी दिया. नदीम ने ओलंपिक में पाकिस्तान के स्वर्ण पदक के 40 साल के सूखे को खत्म किया था.

**ब्रीफ खबरें**

### छेड़खानी मामले को लेकर हुई गोलीबारी

**नालंदा ।** नालंदा में छेड़खानी का विरोध करने पर बदमाशों ने गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया है. वहीं गोली लगने से एक युवक गंभीर रुप से घायल हो गया. पूरा मामला नालंदा जिला के गोकुलपुर ओपी थाना क्षेत्र के तिस्कुरवा गांव का है. बताया जा रहा है कि छेड़खानी का विरोध करने पर दबंगों ने गोलीबारी और रोड़ेबाजी की है. वहीं गोलीबारी के दौरान बारूद के छींटे अखिलेश कुमार को मुंह और आंख में लग गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया. उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया.

### शराब मामले में दो पुलिसकर्मी गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण ।** शराब तस्कर से रुपया लेकर शराब सहित तस्कर को छोड़ने मामले में एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने पुलिस कर्मियों के विरूद्ध बड़ी कार्रवाई की है. मामले की सूचना मिलते ही एसपी ने जांच का निर्देश दिया. वही सत्य पाए जाने के बाद दो पुलिस कर्मी को तत्काल गिरफ्तार कर अग्रतर करवाई की जा रही है. मामला जिले के ढाका थाना का है,जहां पदस्थापित दो पुलिस कर्मी अनिल एवं नीरज सोमवार की देर शाम रुपये लेकर शराब सहित शराब तस्कर को छोड़ दिया. बताया गया कि दोनों पुलिस वाले सादे ड्रेस में ढाका घोड़ासहन रोड में रक्सा रहीमपुर गांव के समीप नेपाल से शराब तस्करी कर ला रहे तस्करों की धड़ पकड़ में लगे हुए थे.

### विदेशी शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर ।** मुजफ्फरपुर में उत्पाद विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक पिकअप से भारी मात्रा में विदेशी शराब और बीयर की खेप को बरामद किया है. साथ ही एक शराब तस्कर को भी गिरफ्तार किया है. दरअसल पूरा मामला मुजफ्फरपुर जिले के बेला थाना क्षेत्र का है. जहां की उत्पाद विभाग की टीम को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि बेला औद्योगिक क्षेत्र मुजफ्फरपुर से एक पिकअप वाहन से विदेशी शराब की बड़ी खेप निकलने वाली है. इसके बाद टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए मैकडॉवेल नंबर 1 एवं बियर का 150 कार्टून विदेशी शराब का बरामद किया है.

## भागलपुर पुलिस लाइन में रहता था पूरा परिवार, अवैध संबंध में हत्या की आशंका

# महिला सिपाही सहित चार लोगों की हत्या कर पति ने की खुदकुशी



**संवाददाता । भागलपुर**

भागलपुर के पुलिस लाइन स्थित क्वार्टर नंबर 38 से मंगलवार को एक महिला सिपाही और उसके परिवार के 4 सदस्यों का शव बरामद हुआ है. मृतकों में पुलिस लाइन में रहनेवाली सिपाही नीतू कुमारी, उसके दो बच्चे और उसकी मां शामिल है. सभी का गला रेता गया है. जबकि पति ने फंदे से लटककर आत्महत्या की है. नीतू एसएसपी कार्यालय में तैनात थी. बताया जा रहा है कि पूरे परिवार को मारकर पति ने आत्महत्या कर ली. आपसी विवाद को लेकर घटना को अंजाम देने की आशंका जताई जा रही है. पुलिस को मौके पर से एक सुसाइड नोट भी मिला है. जिसमें उसने परिवार के चार लोगों के हत्या की बात कबूल की है.

उधर, घटना की जानकारी मिलते ही पूरे पुलिस महकमे में खलबली मच गई है. पुलिस के वरीय अधिकारी भी मौके पर पहुंचे हैं. घटनास्थल पर डीआईजी, एसएसपी, सिटी एसपी, सिटी डीएसपी, डीएसपी लाइन सहित दर्जनों पदाधिकारी और कर्मी मौजूद हैं.

मौके पर पहुंचे डीआइजी विवेकानंद ने घटना के बारे में बताया कि कांस्टेबल नीतू कुमारी, उसके दो बच्चों और नीतू की सास का शव मिला है. चारों का गला रेता गया है. जबकि नीतू के पति का शव टंगा हुआ मिला है. मृतक परिवार के परिजनों को सूचना दे दी गई है. उन्होंने बताया कि आसपास के पुलिस कर्मियों से पूछताछ में पता चला है कि पति-पत्नी में आपस में कई दिनों से झगड़ा चल रहा था. दोनों के बीच का झगड़ा सड़क पर भी कई बार आ जाता था. बीते शाम भी दोनों के बीच लड़ाई हुई थी. हालांकि ये घटना कल्पना से परे है. पुलिस ने घटनास्थल पर जाने से सभी को रोका दिया है. पुलिस लाइन में जाने वाले सभी दरवाजों को सील किया गया है. पुलिस मामले की जांच कर रही है. मृतक महिला सिपाही नीतू कुमारी 2015 बैच की थी. परिवार बक्सर का रहने वाला है. नीतू ने लव मैरिज की थी.

**औरगांबाद जिले के दाउदनगर थाना क्षेत्र में बड़ा हादसा**

## तेज रफ्तार कार नहर में समाई, पांच लोगों की मौत

**संवाददाता । पटना**



नदी में गिरी कार को निकालते पुलिसकर्मी

औरगांबाद जिले के दाउदनगर थाना क्षेत्र के नहर रोड में चमन बिगहा के पास सोन कैनाल नहर में मंगलवार को एक कार असंतुलित होकर गिर गई, जिसमें कार पर सवार पांच लोगों की मौत हो गई. मृतकों में एक किशोर भी है. इस घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस को नहर में कार गिरे होने की सूचना दी. पुलिस ने जब कार को देखा तो उसमें पांच लोग थे, जिनकी मौत हो चुकी थी.पुलिस ने शव को निकलवाया. मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है. देखकर ऐसा लग रहा है कि सभी कहीं से पूजा करके लौट रहे थे. अनुमान लगाया जा रहा है कि शायद कार सवार लोग बारुण रोड की ओर से आ रहे हों और कार असंतुलित होकर नहर में गिर गई है.

## वक्फ बोर्ड की जमीन पर 21 नए मदरसे बनाएगी सरकार

**संवाददाता । पटना**

नीतीश कुमार की सरकार ने बिहार में वक्फ बोर्ड की जमीन को लेकर बड़ा फैसला किया है. बिहार सरकार सुन्नी और शिया वक्फ बोर्ड के तहत पंजीकृत संपत्तियों के विकास के लिए बहुउद्देशीय भवन, विवाह भवन, बाजार परिसर और अन्य संरचनाओं के निर्माण की तैयारी कर रही है. अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खान ने कहा कि सरकार ने राज्य के विभिन्न हिस्सों में 21 नए मदरसे स्थापित करने का भी निर्णय लिया है. पटना, पूर्णिया, कैमूर, कटिहार, किशनगंज, नवादा और सीवान में 2023-24 में बहुउद्देश्यीय भवन, बाजार परिसर और पुस्तकालय के निर्माण के लिए दस परियोजनाएं प्रस्तावित की गई थी. इन परियोजनाओं के लिए 105.13 करोड़ रुपये की राशि प्रस्तावित की गई थी. उन्होंने कहा कि 2024-25 में सीवान और भागलपुर जिलों में बहुउद्देशीय भवनों, गेस्ट हाउस, विवाह भवन, वक्फ कार्यालय भवनों और बाजार परिसरों का निर्माण किया जाएगा. बिहार राज्य वक्फ विकास योजना के तहत यह काम किया जा रहा है. इसके अलावा बिहार राज्य मदरसा सुदृढ़ीकरण योजना (बीआरएमएसवाई) के तहत राज्य सरकार ने प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में 21 नए मदरसे बनाने का फैसला किया है. हाल ही में राज्य में दस मदरसों का निर्माण कार्य पूरा किया गया है.

## दबंगों ने बालू कारोबारी को पीट-पीटकर मार डाला


**संवाददाता । बांका**

जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत दोमुहान पंचायत के मुखिया सह गोवाबखार ग्राम निवासी रेखा देवी के दबंग पुत्र टुनटुन महतो पर बालू कारोबारी भैरव सिंह (32 वर्ष) की पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप लगा है. बुधवार की रात हुई इस घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है. घटना के संबंध में मृतक के परिजनों ने बताया कि मुखिया का दबंग बेटा टुनटुन महतो भैरव को अपने घर पर बालू के पैसे के हिसाब के लिए पिछले दो दिनों से बुला रहा था. बुधवार को भैरव अपने एक अन्य मित्र के साथ उसके घर गया था. घर पहुंचने के कुछ देर बाद उसके साथ मारपीट करने लगा. जब तक परिजन पहुंचे तब तक भैरव की लाश मुखिया के बेटे के घर से कुछ दूर पर फेंक दी गई थी.

### खगड़िया : जमींदारी बांध टूटने से प्रशासन अलर्ट

## 300 घर होंगे प्रभावित

**संवाददाता । खगड़िया**



खगड़िया जिले के गोगरी प्रखंड के बौरना पंचायत के पास बना जमींदारी बांध टूट गया है. इसके कारण गंगा नदी का पानी तेजी से रिहायशी इलाकों में प्रवेश कर रहा है. बताया जा रहा है कि सोमवार देर रात उक्त बांध में दरारें आईं थी. उसके बाद करीब 30 फुट की चौड़ाई में बांध टूटा है. हालांकि सूचना मिलते ही जिला प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है. इधर, प्रभावित जगह पर गोगरी अंचल अधिकारी ने कैंप कर रखा है. जहां तेजी से बचाव कार्य किया जा रहा है. अंचल अधिकारी ने बताया कि अभी फिलहाल की व्यवस्था की जा रही है. ताकि जितने भी प्रभावित घर हैं, उन लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जा सके. बड़े अधिकारियों को खबर कर दी गई है. गौरतलब है कि गंगा नदी में जलस्तर की बढ़ोतरी होने के बाद से ही गोगरी प्रखंड के गंगा किनारे बसे गांव की चिंताएं बढ़ गई हैं.

### बेगूसराय ट्रिपल मर्डर केस में घायल चौथे बच्चे की भी हुई मौत

**बेगूसराय ।** बेगूसराय में बीते शुक्रवार की रात घर में घुसकर किसी ने धारदार हथियार से एक परिवार के सदस्यों पर सोए अवस्था में हमला किया था. इसमें पति-पत्नी और एक बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया था. उसका इलाज पटना में चल रहा था. मंगलवार की सुबह घायल बच्चे की भी मौत हो गई. यह घटना बछवाड़ा थाना क्षेत्र के रशीदपुर के चिरंजीवीपुर वार्ड नंबर 12 में हुई थी. वारदात के दिन जिन लोगों की मौके पर मौत हुई थी उनमें संजीवन सिंह, पत्नी संगीता देवी और पुत्री सपना कुमारी शामिल हैं. इस घटना में अंकुश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया था. उसका इलाज पटना में चल रहा था.

## आरा में बाढ़ के पानी में डूबने से दो बच्चों की मौत, हड़कंप

**संवाददाता । आरा**



घर के बाहर स्थानीय लोगों की लगी भीड़

भोजपुर में बाढ़ के पानी को पार करने के दौरान पति-पत्नी समेत उनके दो मासूम बच्चे एक साथ गिर गये गए. इस दौरान पानी के तेज बहाव के कारण दोनों बच्चे की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई, जबकि उनके साथ डूब रहें माता-पिता को देख स्थानीय लोगों ने तुरंत पानी में छलांग लगाकर समय रहते बचा लिया. घटना मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के सारंगपुर गांव की है. मृतकों में बक्सर जिले के कुरान सराय थाना क्षेत्र के मठिला गांव निवासी राम प्रकाश मिश्रा का पुत्र बजरंगी कुमार (6) और उसकी छोटी बहन मालती कुमारी (3) थी. वर्तमान में यह परिवार आरा शहर के मौलाबाग मुहल्ले में किराए के मकान में रहता था. राम प्रकाश मिश्रा ई-रिक्शा चलाने का काम करते हैं.

घटना के संबंध में स्थानीय लोगों का कहना है कि बच्चों के ननीहाल में उसकी मौसी का निधन हो गया था. यह खबर सुनकर दंपती और उनके बच्चे शोक संवेदना प्रकट करने के लिए एक साथ मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के सारंगपुर गांव जा रहे थे. इस दौरान पिता दोनों मासूम बच्चों को कंधे पर बिठाकर और पत्नी का हाथ पकड़ गांव में जाने के लिए बाढ़ के फैले पानी को पार कर रहे थे. तभी उनका पैर फिसल गया और वह असंतुलित हो गए, जिसके बाद चारों पानी में डूबने लगे. उनको डूबते देख आसपास मौजूद लोगों ने दंपती को बचा लिया लेकिन दोनों बच्चों की डूबने से मौत हो गई.

### गंगा नदी में डूबने से युवक की हुई मौत

**हाजीपुर ।** हाजीपुर में जहां गंगा नदी में स्नान के दौरान एक युवक की डूबने से मौत हो गई. वहीं घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया. दरअसल, पूरा मामला नगर थाना अंतर्गत हथसारगंज के गंडक नदी का है. जहां नहाने के दौरान डूबने से एक युवक की मौत हो गई. मृतक हथसारगंज निवासी सियू सहनी के पुत्र 26 वर्षीय बजरंगी सहनी बताया गया. युवक के डूबने की सूचना पर नदी किनारे गांव के लोग जुट गए. स्थानीय लोगों ने नदी से युवक को बाहर निकालकर सदर अस्पताल लाया. जहां डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया.

**कारोबार**

### हिंडाल्को का शुद्ध लाभ 25 प्रतिशत बढ़ा

**नयी दिल्ली ।** आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी हिंडाल्को इंडस्ट्रीज का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 25.2 प्रतिशत बढ़कर 3,074 करोड़ रुपये रहा है. हिंडाल्को इंडस्ट्रीज ने मंगलवार को शेयर बाजार को यह जानकारी दी. एक साल पहले इसी तिमाही में कंपनी ने 2,454 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया था. चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कंपनी की कुल आय बढ़कर 57,437 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 53,382 करोड़ रुपये थी.

### जीई पावर इंडिया को मिला ठेका

**नयी दिल्ली ।** जीई पावर इंडिया लिमिटेड को स्टीग एनर्जी सर्विसेज (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड से 47.27 करोड़ रुपये का ठेका मिला है. जीई पावर इंडिया लिमिटेड ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, ठेके के मूल्य में 18 प्रतिशत जीएसटी शामिल नहीं है. कंपनी को स्टीग एनर्जी सर्विसेज (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड से 47.27 करोड़ रुपये का खरीद ठेका मिला है. ठेका 600 मेगावाट बॉयलर के आरएंडएम कार्यों से जुड़ा है. इसे साढ़े छह महीने में पूरा किया जाना है.

### टाटा मोटर्स ने रेंज रोवर स्पोर्ट की आपूर्ति शुरू की

**मुंबई ।** टाटा मोटर्स के स्वामित्व वाली जगुआर लैंड रोवर ने घरेलू बाजार में स्थानीय रूप से विनिर्मित रेंज रोवर स्पोर्ट की आपूर्ति शुरू करने की मंगलवार को घोषणा की. कंपनी ने कहा कि इसके साथ ही, अब रेंज रोवर का पूरा खंड भारत में निर्मित हो गया है. जगुआर लैंड रोवर ने इस वर्ष मई में घोषणा की थी कि वह भारत में टाटा मोटर्स के पुणे संयंत्र में रेंज रोवर और रेंज रोवर स्पोर्ट का विनिर्माण करेगी. कंपनी के अनुसार, पेट्रोल तथा डीजल दोनों इंजन में उपलब्ध नई रेंज रोवर स्पोर्ट की कीमत 1.40 करोड़ रुपये है. जेएलआर इंडिया के प्रबंध निदेशक राजन अंबा ने कहा, यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है.

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लोगों से 'हर घर तिरंगा' अभियान चलाने की अपील की थी

# तिरंगे की बिक्री में आई तेजी, सेल में 60-70 % तक का इजाफा

- 2022 में भी मोदी ने इसी तरह हर घर तिरंगा अभियान चलाने की अपील की थी
- एक दिन में ही इसमें उछाल 90 प्रतिशत तक आ गया है

**भाषा । नयी दिल्ली**



स्वतंत्रता दिवस पहले सिर्फ कार्यक्रम तक सीमित रहता था. इसका बाजार से कुछ वास्ता नहीं रहता था, लेकिन अब ऐसा नहीं है. यह कार्यक्रम होने के साथ ही बाजार से भी जुड़ गया है. इसका प्रमाण है तिरंगे के सेल में आयी तेजी. दरअसल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस बार आजादी के 77वें स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर तिरंगा अभियान चलाया है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर एक बार फिर देश के लोगों से ''हर घर तिरंगा'' अभियान चलाने की अपील की. उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है कि अब स्वतंत्रता दिवस नजदीक है. ऐसे में आइए हम सब मिलकर हर घर तिरंगा अभियान को जन आंदोलन बनाएं. वहीं मोदी ने अपने प्रोफाइल पिक्चर में भी तिरंगा लगाया और लोगों से भी ऐसा करने की और तिरंगे के साथ सेल्फी भेजने की अपील की है. मोदी की अपील का असर ऐसा हुआ कि बाजार में रौनक आ गई. तिरंगे की सेल में 60-70 प्रतिशत तक का इजाफा हो गया.

बता दें कि 2022 में भी मोदी ने इसी तरह हर घर तिरंगा अभियान चलाने की अपील की थी और उस समय में तिरंगे झंडे की बिक्री में जबरदस्त उछाल आया था. दिल्ली के सदर बाजार में सूरज भाई झंडे वाले के नाम से झंडों का काम करने वाले सूरज प्रकाश ने बताया कि 15 अगस्त पर जगह-जगह कार्यक्रम होते हैं. जिनमें राष्ट्रध्वज तिरंगा फहराया जाता है. इसके अलावा कई जगह पर 2-3 दिन पहले से ही कार्यक्रम शुरू हो जाते हैं. ऐसे में 15 अगस्त से हफ्ते-दस दिन पहले से ही तिरंगे झंडे और इससे जुड़े आइटम्स की सेल बढ़ जाती है. पिछले 3-4 दिनों में तिरंगा आइटम्स की सेल में 60-70 प्रतिशत तक का उछाल आया है. अब प्रधानमंत्री मोदी ने 'हर घर तिरंगा अभियान' फिर चलाने की अपील की है. इसका असर यह है कि एक दिन में ही इसमें उछाल 90 प्रतिशत तक आ गया है. उन्होंने कहा कि कई जगह से ऑर्डर आ रहे हैं. ऐसे ही काम हुआ तो मजा आ जाएगा. प्रधानमंत्री यही अपील एक हफ्ता पहले कर देते तो और जबरदस्त काम हो सकता था, लेकिन अभी भी 4-5 दिन हैं, इतना भी बहुत है. मोदी की अपील के बाद देशभर से तो ऑर्डर आ ही रहे हैं, वहीं विदेशों से भी तिरंगे के ऑर्डर हैं. भारत से बाहर ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड आदि देशों में भी माल जा रहा है. हम माल हैदराबाद, मद्रास, सूरत आदि जगहों से मंगाते हैं और ऑर्डर के हिसाब से हर जगह सप्लाई करते हैं.

सदर बाजार में ही झंडों का कारोबार करने वाले मोहम्मद मिराज ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से बहुत शानदार काम हो रहा है. हर जगह से माल के ऑर्डर हैं. पीएम की अपील के बाद तो काम में और तेजी आ गई है.

### जीएसटी परिषद की बैठक नौ सितंबर को



**एजेंसी । नयी दिल्ली**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद की बैठक नौ सितंबर को होगी. परिषद ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने आधिकारिक खाते पर लिखा, जीएसटी परिषद की 54वीं बैठक नौ सितंबर 2024 को नई दिल्ली में होगी. केंद्र तथा राज्यों के वित्त मंत्रियों वाली जीएसटी परिषद, वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के संबंध में सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था है. यह एक जुलाई 2017 से काम कर रही है. बैठक में दरों को युक्तिसंगत बनाने, कर 'स्लैब' को कम करने के अलावा जीएसटी के तहत उलटा शुल्क हटाने पर चर्चा होने की उम्मीद है. पिछली परिषद की बैठक 23 जून को हुई थी, जिसके बाद सीतारमण ने कहा था कि जीएसटी परिषद की अगली बैठक में बिहार के उपमुख्यमंत्री के नेतृत्व में दरों को युक्तिसंगत बनाने पर गठित मंत्रीसमूह (जीओएम) कार्य की स्थिति और समिति द्वारा 'कवर' किए गए पहलुओं तथा समिति के समक्ष लंबित कार्यों पर एक प्रस्तुति देगा.

### विप्रो के सीटीओ सुभा टाटावर्ती ने छोड़ी कंपनी

**नयी दिल्ली ।** सूचना प्रौद्योगिकी कंपनी विप्रो की मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी (सीटीओ) सुभा टाटावर्ती ने इस्तीफा दे दिया है. टाटावर्ती अप्रैल, 2021 में प्रौद्योगिकी प्रमुख के तौर पर विप्रो में शामिल हुई थीं. अपने तीन साल के कार्यकाल में उन्होंने विप्रो की जेनएआई पहल का नेतृत्व किया और विप्रो एआई360 की शुरुआत की. शेयर बाजार को सोमवार को दी गई सूचना के अनुसार, मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी सुभा टाटावर्ती ने विप्रो से बाहर अवसर तलाशने के लिए कंपनी से इस्तीफा दे दिया है. टाटावर्ती ने विप्रो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) श्रीनि पलिया को भेजे इस्तीफे में लिखा, मैं 16 अगस्त से विप्रो के सीटीओ पद से इस्तीफा दे रही हूं. आपको आगे के सफर के लिए शुभकामनाएं. इसके साथ ही कंपनी के उच्च पदों पर लोगों का इस्तीफा देने का दौर जारी है.

## एनएमडीसी का मुनाफा 18 प्रतिशत बढ़कर 1,963.35 करोड़ रुपये हुआ

**एजेंसी । नयी दिल्ली**



सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनएमडीसी का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 18 प्रतिशत बढ़कर 1,963.35 करोड़ रुपये हो गया. कंपनी का गत वित्त वर्ष 2023-24 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में शुद्ध लाभ 1,661.04 करोड़ रुपये था. एनएमडीसी ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की कुल आय बढ़कर 5,779.07 करोड़ रुपये हो गई. यह पिछले साल समान अवधि में 5,688.87 करोड़ रुपये थी. व्यय भी घटकर 3,171.12 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 3,476.55 करोड़ रुपये था. कंपनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक अमिताव मुखर्जी ने कहा, यह वित्त वर्ष की अच्छी शुरुआत है, जैसा कि हमारी पहली तिमाही की आय में दिख रहा है. प्रौद्योगिकी नवाचार तथा परिचालन उत्कृष्टता रणनीतिक रूप से ध्यान देने से उल्लेखनीय परिणाम आए हैं. इस्पात मंत्रालय के अधीन एनएमडीसी भारत की सबसे बड़ी लौह अयस्क खनिक है. यह कच्चा माल बनाने में इस्तेमाल होने वाले इस्पात की कुल मांग का करीब 20 प्रतिशत पूरा करती है.

**तेजी लौटी**

## हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट के बाद अडानी समूह के शेयरों में सोमवार को गिरावट आई थी

# अडानी की 10 में से नौ कंपनियों के शेयरों में तेजी लौटी

- अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस के शेयर में मंगलवार को तेज उछाल आया और यह छह प्रतिशत तक चढ़ा.
- अडानी टोटल गैस के शेयर में चार प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई
- अडानी ग्रीन एनर्जी में 2.55 प्रतिशत की तेजी आई



**एजेंसी । नयी दिल्ली**

अदाणी समूह की सूचीबद्ध 10 कंपनियों में से नौ के शेयरों में मंगलवार को शुरुआती कारोबार में तेजी लौटी. एक दिन पहले इन कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट देखी गई थी. अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस के शेयर में मंगलवार को तेज उछाल आया और यह छह प्रतिशत चढ़ा. अदाणी टोटल गैस के शेयर में चार प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, एनडीटीवी में 2.56 और अदाणी ग्रीन एनर्जी में 2.55 प्रतिशत की तेजी आई. अदाणी विल्मर का शेयर 2.15 प्रतिशत, एसीसी का 1.93 प्रतिशत, अदाणी पावर का 1.74 प्रतिशत, अदाणी पोर्ट्स का एक प्रतिशत और अंबुजा सीमेंट्स का 0.43 प्रतिशत चढ़ा. अदाणी एंटरप्राइजेज के शेयर में शुरुआती कारोबार में मामूली गिरावट आई. अमेरिकी शोध एवं निवेश कंपनी हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट के बाद अदाणी समूह के शेयरों में सोमवार को गिरावट आई थी.

हिंडनबर्ग ने शनिवार देर रात जारी अपनी नई रिपोर्ट में कहा था कि बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच और उनके पति धबल बुच ने बरमूडा तथा मॉरीशस में अस्पष्ट विदेशी कोषों में अघोषित निवेश किया था. उसने कहा कि ये वही कोष हैं जिनका कथित तौर पर विनोद अदाणी ने पैसों की हेराफेरी करने तथा समूह की कंपनियों के शेयरों की कीमतें बढ़ाने के लिए इस्तेमाल किया था.

विनोद अदाणी, अदाणी समूह के चेयरपर्सन गौतम अदाणी के बड़े भाई हैं. आरोपों के जवाब में बुच दंपति ने रविवार को एक संयुक्त बयान में कहा कि ये निवेश 2015 में किए गए थे, जो 2017 में सेबी के पूर्णकालिक सदस्य के रूप में उनकी नियुक्ति तथा मार्च, 2022 में चेयरपर्सन के रूप में उनकी पदोन्नति से काफी पहले था. ये निवेश सिंगापुर में रहने के दौरान निजी तौर पर आम नागरिक की हैसियत से किए गए थे. सेबी में उनकी नियुक्ति के बाद ये कोष निष्क्रिय हो गए.

अदाणी समूह ने भी सेबी प्रमुख के साथ किसी भी तरह के वाणिज्यिक लेन-देन से इनकार किया है. संपत्ति प्रबंधन इकाई ने अलग से बयान में कहा कि बुच तथा उनके पति धवल बुच का आईपीई-प्लस फंड 1 में निवेश कुल निवेश का 1.5 प्रतिशत से भी कम था और उसने अदाणी समूह के शेयरों में कोई निवेश नहीं किया था.

## श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस की परिसंपत्तियां बढ़ीं

- पिछले वर्ष इसी तिमाही में कंपनी की प्रबंधन अधीन परिसंपत्तियां 9,688 करोड़ रुपये थीं

**एजेंसी । चेन्नई**

श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में शुद्ध लाभ 27 करोड़ रुपये रहा. विविधीकृत समूह श्रीराम समूह तथा दक्षिण अफ्रीका स्थित सनलाम समूह द्वारा संयुक्त रूप से प्रवर्तित श्रीराम लाइफ इंश्योरेंस कंपनी की समीक्षाधीन तिमाही में प्रबंधन अधीन परिसंपत्तियां (एयूएम) 10,000 करोड़ रुपये के पार पहुंच गईं और यह 11,841 करोड़ रुपये रहीं. पिछले वर्ष की इसी तिमाही में कंपनी की प्रबंधन अधीन परिसंपत्तियां 9,688 करोड़ रुपये थीं. कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जेएच. क्रोमहाउट ने कहा, हमारा ध्यान लगातार समुदाय की सेवा करने पर रहा है, विशेष रूप से उन क्षेत्रों पर जिन्हें बीमा की सबसे अधिक जरूरत है. किफायती प्रीमियम और आसान पहुंच सुनिश्चित करने वाले अभिनव समाधान प्रदान करके, हमने भारत के कम पहुंच वाले बीमा क्षेत्र की जरूरतों को पूरा करने का लक्ष्य रखा है.

# अंतरिम सरकार के प्रमुख यूनुस ढाकेश्वरी मंदिर पहुंचे, कहा- बांग्लादेश को एक परिवार बनाएंगे

एजेंसियां। ढाका/वाशिंगटन

## मोहम्मद यूनुस ने कहा- अंतरिम सरकार का मुखिया बनना मेरा नहीं, आंदोलनकारी छात्रों का सपना था

- शेख हसीना के करीबियों के इस्तीफे वैध, पूर्व प्रधान न्यायाधीश 'जल्लाद' थे
- अमेरिका का बांग्लादेश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप के आरोपों का खंडन, हालात पर निगरानी जारी रखेगा बाइडन प्रशासन
- ढाका में भारतीय वीजा केंद्र ने 'सीमित परिचालन' फिर से शुरू किया



बांग्लादेश में अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार मोहम्मद यूनुस मंगलवार को देश के एक प्रमुख हिंदू मंदिर ढाकेश्वरी मंदिर गए. इसके बाद उन्होंने कहा कि वो और उनके साथी देश को एक परिवार की तरह बनाना चाहते हैं. उन्होंने कहा, ''हमें देश में बड़े फ़ासलों के बारे में सुन रहे हैं. लेकिन जब मैं हवाईअड्डे पर उतरा तो कहा कि हम बांग्लादेश को एक परिवार बनाना चाहते हैं. यहां परिवारों के बीच कोई अंतर नहीं होगा. हम बांग्लादेश के लोग हैं. बांग्लादेशी हैं. हम ये सुनिश्चित करना चाहते हैं.' उन्होंने बांग्लादेश के मौजूदा हालात का हवाला देकर लोगों से धैर्य बनाए रखने की अपील की है. उन्होंने कहा कि इस समय हर किसी की मदद की ज़रूरत है. मोहम्मद यूनुस ने कहा, 'आप धैर्य बनाए हुए हैं. इससे हमें मदद मिल रही है. इस बात पर पर बाद में विचार कीजिएगा कि मैंने क्या किया और क्या नहीं. अगर नहीं किया तो बाद में दोष दीजिएगा. अभी नहीं.'

पिछले बृहस्पतिवार को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार की कमान संभालने वाले यूनुस ने कहा कि उन्होंने यह पद इसलिए स्वीकार किया, क्योंकि आंदोलनकारी छात्रों ने उनसे कहा कि वह एकमात्र व्यक्ति हैं, जिन पर वे भरोसा कर सकते हैं. यूनुस ने कहा, "यह मेरा सपना नहीं है, यह उनका सपना है. इसलिए मैं इसे सच करने में उनकी मदद कर रहा हूं." वहीं अमेरिका के राष्ट्रपति कार्यालय 'व्हाइट हाउस' ने बांग्लादेश के आंतरिक मामलों में अमेरिकी हस्तक्षेप के आरोपों का खंडन किया है. वहीं बांग्लादेश में ''तख्तापलट'' के बाद अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के जीवन और संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अमेरिकी सरकार से हस्तक्षेप करने की हिंदू-अमेरिकी समूहों और भारतीय-अमेरिकी सांसदों की अपील के संबंध में कहा कि अमेरिका बांग्लादेश के हालात पर निगरानी जारी रखेगा. राष्ट्रपति जो बाइडन प्रशासन के शेष छह माह के कार्यकाल में उनकी प्राथमिकताओं के बारे में कहा कि अमेरिका भारत के साथ अपनी 'अत्यंत महत्वपूर्ण'' साझेदारी को और आगे ले जाने के लिए आशान्वित है और हिंद-प्रशांत क्षेत्र को अधिक समृद्ध तथा सुरक्षित बनाना चाहता है. वहीं संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने बांग्लादेश में शांति बहाल करने और संसदीय चुनाव कराने के वहां की अंतरिम सरकार के प्रयासों का स्वागत किया. इस बीच, बांग्लादेश में हिंसक झड़पों तथा प्रधानमंत्री शेख हसीना को पद से हटाए जाने के कुछ दिनों बाद यहां भारतीय वीजा आवेदन केंद्र ने मंगलवार को "सीमित परिचालन" फिर से शुरू कर दिया. एक प्रेस विज्ञप्ति में, कहा गया है, "आईवीएसी (जेएफपी) ढाका ने सीमित परिचालन फिर से शुरू कर दिया है. पासपोर्ट के संग्रह के संबंध में व्यक्तिगत आवेदकों को संदेश भेजे जाएंगे." इसमें आवेदकों से अनुरोध किया गया है कि वे अपना पासपोर्ट लेने के लिए केवल एक टेक्स्ट संदेश प्राप्त करने के बाद ही केंद्र पर आएं.

### न्यायपालिका की स्वतंत्रता को बहाल करना अंतरिम सरकार की प्राथमिकता है : यूनुस

मुहम्मद यूनुस ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के करीबी अधिकारियों के इस्तीफे वैध हैं. बांग्लादेश में विवादास्पद आरक्षण प्रणाली को लेकर हसीना सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन करने वाले छात्रों ने कई शीर्ष अधिकारियों को पद छोड़ने का अल्टीमेटम दिया था, जिसके बाद पिछले कुछ दिन में देश के प्रधान न्यायाधीश, पांच न्यायाधीश और सेंट्रल बैंक के गवर्नर इस्तीफा दे चुके हैं. यूनुस (83) ने रविवार रात को पत्रकारों से कहा, "कानूनी तौर पर सारे कदम उठाए गए. न्यायपालिका की स्वतंत्रता को बहाल करना अंतरिम सरकार की प्राथमिकता है." यूनुस ने पूर्व प्रधान न्यायाधीश ओबैदुल हसन को 'जल्लाद' करार दिया. हसन के इस्तीफे के बाद सैयद रेफात अहमद को प्रधान न्यायाधीश नियुक्त किया गया.

### बांग्लादेश की राजनीतिक अस्थिरता में अमेरिकी हाथ की खबर महज अफवाह

अमेरिका के राष्ट्रपति कार्यालय 'व्हाइट हाउस' ने बांग्लादेश के आंतरिक मामलों में अमेरिकी हस्तक्षेप के आरोपों का खंडन किया है. 'व्हाइट हाउस' की प्रेस सचिव कैरिन जीन पियरे ने कहा, 'हमारी इसमें (बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता में) कोई संलिप्तता नहीं है. इन घटनाओं में अमेरिकी प्रशासन का हाथ होने संबंधी कोई भी खबर या अफवाह पूरी तरह से झूठी है. यह सच नहीं है.' जीन पियरे मीडिया में आई उन खबरों पर प्रतिक्रिया दे रही थीं, जिनमें हसीना के कथित दावे के हवाले से कहा गया है कि अगर उन्होंने (हसीना) सेंट मार्टिन द्वीप का आधिपत्य त्याग दिया होता और अमेरिका को बंगाल की खाड़ी पर प्रभुत्व स्थापित करने की अनुमति दी होती, तो वह सत्ता में बनी रहतीं. हसीना के बेटे सजीब वाजेद ने इस बात से इनकार किया है.

### अल्पसंख्यकों की आवाज का सम्मान करे अंतरिम सरकार : यूएन महासचिव

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने अपने उप प्रवक्ता फरहान हक द्वारा सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि वह बांग्लादेश के लोगों के साथ पूरी एकजुटता से खड़े हैं और उनके मानवाधिकारों के पूरी तरह सम्मान का आह्वान करते हैं. गुतारेस ने 84 वर्षीय नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली बांग्लादेश की अंतरिम सरकार से आग्रह किया कि वह आने वाले हफ्तों में समावेशी होने के लिए हर संभव प्रयास जारी रखे, जिसमें देश भर में महिलाओं, युवाओं और लोगों के साथ-साथ अल्पसंख्यक और मूल निवासियों की आवाज को भी ध्यान में रखना शामिल है, क्योंकि देश संसदीय चुनावों की ओर बढ़ रहा है. महासचिव बांग्लादेश में आंतरिक सरकार के समर्थन से शांति बहाल करने और संसदीय चुनाव कराने के प्रयासों का स्वागत करते हैं.

## ब्रीफ खबरें

### एक इनामी समेत पांच नक्सली गिरफ्तार

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में सुरक्षाबलों ने एक इनामी नक्सली समेत पांच नक्सलियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबलों ने पांच नक्सलियों उईका चैतू (30), कुंजाम सुखलाल (35), पदाम हुंगा (24), महिला नक्सली उईका लखे (35) और पदाम सन्नू (35) को गिरफ्तार कर लिया है.

### हूती विद्रोहियों ने किए जहाजों पर हमले

**दुबई।** महाराष्ट्र लाल सागर में जहाजों को निशाना बनाते हुए संदिग्ध रूप से यमन के हूती विद्रोहियों ने मंगलवार को हमले किए. अधिकारियों के अनुसार, ये हमले ऐसे समय में हुए हैं जब यमन का मुख्य सहयोगी देश ईरान जुलाई के अंत में हमास नेता इस्माइल हनिया की हत्या के प्रतिशोध में इजराइल के खिलाफ संभावित हमले की योजना बना रहा है जिससे पश्चिमी एशिया में तनाव बढ़ने की आशंका पैदा हो गई है.

### गले में शॉल फंसने के कारण बच्ची की मौत

**त्रिशूर।** केरल के त्रिशूर जिले के चेलक्कारा इलाके में 10 साल की एक बच्ची की घर में खेलते समय गले में कथित तौर पर शॉल फंसने से मौत हो गई. पुलिस के मुताबिक, बच्ची के परिजनों ने बताया कि वह घर में खिड़की के पास शॉल लेकर खेल रही थी, तभी यह दुर्घटनावश उसके गले में फंस गया. परिजन बच्ची को फौरन पास के अस्पताल ले गए, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका.

### उप्र के एक स्कूल में 23 छात्र-छात्राएं बेहोश हुए

**बांदा।** उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जिले में मंगलवार को एक पूर्व माध्यमिक विद्यालय में एक-एक करके 23 छात्र-छात्राएं बेहोश हो गये. चिकित्सक के मुताबिक, बारिश के बाद तेज़ धूप के कारण बच्चे बेहोश हुए. प्रधानाध्यापक ने बताया कि मंगलवार सुबह नियमित समय पर विद्यालय खुला और प्रार्थना के बाद छात्र-छात्राएं अपनी-अपनी कक्षाओं में जाने लगे, तभी एक-एक कर 23 छात्र-छात्राएं बेहोश होकर जमीन पर गिर गए.

## राजस्थान में 24 घंटे के दौरान वर्षाजनित घटनाओं में 24 की मौत, हिप्र में भी तबाही

# अतिवृष्टि और बाढ़ का अलर्ट

लगातार न्यूज नेटवर्क। रांची

राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश के साथ पूर्व और पूर्वोत्तर भारत में अलग-अलग स्थानों पर अगले कुछ दिन भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है. इसके अलावा, केरल, तमिलनाडु, दक्षिण आंतरिक कर्नाटक, रायलसीमा, हरियाणा, मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, उत्तराखंड में भी भारी से भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है.

राजस्थान में लगातार मूसलाधार बारिश के चलते राजधानी जयपुर सहित कई जिलों में स्कूल मंगलवार को भी बंद रहे. राज्य में दो दिन में बारिश संबंधी जनित में 22 लोगों की मौत हो चुकी है. इस बीच मौसम विभाग ने मंगलवार व बुधवार को भी कई इलाकों में ''रेड अलर्ट'' यानी अति भारी बारिश की चेतावनी जारी की है. वहीं हिमाचल प्रदेश में बारिश के कारण हुए भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ के कारण 213 सड़कें बंद हो गई हैं तथा स्थानीय मौसम विभाग ने 19 अगस्त तक राज्य के अलग-अलग हिस्सों में भारी बारिश के लिए ''येलो'' अलर्ट जारी किया है. राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को दौसा, करौली और भरतपुर जिलों में भारी बारिश से प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण किया. उन्होंने सोशल मीडिया मंच ''एक्स'' पर लिखा, ''आज करौली जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण कर जलभराव व अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्रों का जायज़ा लेने के पश्चात संबंधित विभागीय अधिकारियों की बैठक ली व कुशल आपदा प्रबंधन हेतु निर्देश दिया.' वहीं कैबिनेट मंत्री के पद से इस्तीफा देने के बाद आधिकारिक बैठकों में हिस्सा नहीं ले रहे किरोड़ी लाल मीणा भी मंगलवार को सक्रिय नजर आए. उन्होंने कई प्रभावित इलाकों का दौरा किया और दौसा में अधिकारियों की बैठक ली. इस दौरान आवश्यक निर्देश दिए.

### अधिकांश राज्यों में आगामी दिनों में भारी बारिश की चेतावनी



### हिमाचल में राष्ट्रीय राजमार्ग सहित 213 सड़कें बंद, भारी बारिश की चेतावनी जारी

हिमाचल प्रदेश में बारिश के कारण हुए भूस्खलन और अचानक आई बाढ़ के कारण 213 सड़कें बंद हो गई हैं तथा स्थानीय मौसम विभाग ने 19 अगस्त तक राज्य के अलग-अलग हिस्सों में भारी बारिश के लिए ''येलो'' अलर्ट जारी किया है. सोमवार शाम से नैना देवी में सबसे अधिक 96.4 मिलीमीटर बारिश दर्ज हुई, इसके बाद धर्मशाला में 25 मिमी, कंडाघाट में 10.4 मिमी और काहू में 9.2 मिमी बारिश दर्ज हुई. नेगुलसारी में भूस्खलन के बाद किन्नौर जिला शिमला से कटा हुआ है. कई इलाकों में कोहरे के कारण दृश्यता कम होने से शिमला-कालका राष्ट्रीय राजमार्ग पर वाहन रेंग रेंग कर चल रहे हैं. राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने बताया कि शिमला में 89 सड़कें, सिरमौर में 42, मंडी में 37, कुल्लू में 26, कांगड़ा में छह, चंबा में पांच तथा किन्नौर और लाहौल एवं स्पीति में चार-चार सड़कें बंद हैं. इसमें कहा गया है कि 218 बिजली और 131 जलापूर्ति योजनाएं भी प्रभावित हुई हैं. अधिकारियों ने बताया कि बारिश से संबंधित घटनाओं में 110 लोग मारे गए और 27 जून से सोमवार के बीच राज्य को करीब 1,004 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ. मौसम विभाग ने शनिवार तक राज्य के कुछ हिस्सों में भारी बारिश का ''येलो'' अलर्ट भी जारी किया है.

### भरतपुर, जयपुर, अजमेर व कोटा संभाग में भारी व अति भारी बारिश की संभावना

मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार 13-14 अगस्त को भरतपुर, जयपुर, अजमेर व कोटा संभाग के कुछ भागों में भारी व कहीं अति भारी बारिश होने की प्रबल संभावना है. 15-16 अगस्त को पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में मध्यम व कहीं-कहीं भारी बारिश हो सकती है. प्रशासन ने भारी बारिश को देखते हुए जयपुर सहित कई जिलों में मंगलवार को भी छुट्टी घोषित की. बता दें कि मौसम विभाग देश में मौसम संबंधी अलर्ट जारी करने के लिए चार रंगों का उपयोग करता है. इसके तहत ग्रीन (किसी कार्रवाई की जरूरत नहीं), येलो (नजर रखें और निगरानी करते रहें), ऑरेंज (तैयार रहें) और रेड (कार्रवाई/सहायता की जरूरत) अलर्ट जारी किए जाते हैं. मंगलवार को सुबह साढ़े आठ बजे तक बीते चौबीस घंटे में राज्य में सबसे अधिक 163 मिलीमीटर बारिश दौसा के महवा में हुई. इसके अलावा बूंदी के नैनवा में 161 मिमी, जयपुर के सांगानेर में 152 मिमी, जयपुर के माधोराजपुरा में 136 मिमी बारिश हुई जो अति भारी बारिश की श्रेणी में आती है. इस दौरान करौली और बीकानेर सहित कई जिलों में विभिन्न स्थानों पर भारी बारिश हुई.

## चुनाव में पत्नी को बहन के खिलाफ उतारकर गलती की : अजित पवार

एजेंसी। मुंबई

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनाव में अपनी पत्नी सुनेत्रा पवार को चचेरी बहन सुप्रिया सुले के खिलाफ उतारकर गलती की.

महाराष्ट्र में साल के अंत में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव से पहले मतदाताओं के बीच पहुंच बनाने की कवायद के तहत राज्य भर में 'जन सम्मान यात्रा' निकाल रहे अजित ने कहा कि राजनीति को घर-परिवार से बाहर रखना चाहिए. लोकसभा चुनाव में सुनेत्रा पवार ने महाराष्ट्र की बारामती सीट पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरद चंद्र पवार की प्रत्याशी सुप्रिया सुले को चुनौती दी थी, जो अजित के चाचा शरद पवार की बेटी हैं. हालांकि, इस चुनाव में सुनेत्रा को हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन बाद में वह राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुईं. पिछले साल जुलाई में अजित पवार और उनके वफादार विधायक एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना-भाजपा सरकार में शामिल हो गए थे, जिससे राकांपा दो फाड़ हो गई थी. बाद में निर्वाचन आयोग ने अजित के नेतृत्व वाले गुट को असली राकांपा घोषित किया था.

अजित ने कहा, "मैं अपनी सभी बहनों से प्यार करता हूं. मैंने सुनेत्रा को चुनाव मैदान में अपनी बहन के खिलाफ उतारकर गलती की. ऐसा नहीं होना चाहिए था, लेकिन (राकांपा के) संसदीय बोर्ड ने यह निर्णय लिया था. अब मुझे लगता है कि यह निर्णय गलत था." अजित ने यह भी कहा कि शरद पवार एक वरिष्ठ नेता और उनके परिवार के मुखिया हैं, इसलिए वह उनकी किसी भी आलोचना का जवाब नहीं देंगे. सत्तारूढ़ भाजपा और शिवसेना के शरद पवार को निशाना बनाए जाने के सवाल पर अजित ने कहा कि महायुति गठबंधन के सहयोगियों को भी समझना चाहिए कि वे क्या बोल रहे हैं.

## संदिग्ध पाकिस्तानी घुसपैठिए को बीएसएफ जवानों ने मार गिराया

**जालंधर।** स्वतंत्रता दिवस से पहले जारी 'हाई अलर्ट' के बीच पंजाब सीमा से भारत में दाखिल होने की कोशिश कर रहे एक संदिग्ध पाकिस्तानी घुसपैठिए को सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने मार गिराया. बीएसएफ के एक प्रवक्ता ने बताया कि एक व्यक्ति को सोमवार रात करीब साढ़े आठ बजे तरनतारन जिले के डल गांव में 'चोरी-छिपे' अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर सीमा बाड़ के पास जाते हुए देखा गया. बीएसएफ जवानों ने घुसपैठिए को रुकने के लिए कहा, लेकिन वह नहीं रुका और सीमा सुरक्षा बाड़ की तरफ बढ़ता रहा. उन्होंने कहा, 'आसन्न खतरे को भांपते हुए और आगामी स्वतंत्रता दिवस के कारण सीमा पर हाई अलर्ट की स्थिति के मद्देनजर ड्यूटी पर तैनात जवानों ने घुसपैठिए पर गोली चला दी.

## एथेंस के जंगलों में भीषण आग, एक की मौत

- कई घरों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को अपनी चपेट में लिया, यूनान में 'हाई अलर्ट'

एजेंसी। एथेंस



यूनान की राजधानी एथेंस के उत्तरी क्षेत्र के जंगलों में लगी भीषण आग से कम से कम एक व्यक्ति की मौत होने की खबर है. अधिकारियों के मुताबिक, तेज हवाओं के कारण विमान से पानी का छिड़काव कर रहे सैकड़ों अग्निशमन कर्मियों के कार्य में बांधा आ रही है, जिसे देखते हुए प्रभावित क्षेत्रों से कई लोगों को सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया है.

अग्निशमन विभाग ने बताया कि दमकल कर्मियों को व्रिलिसिया उपनगर में एक जली हुई इमारत से एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है. जंगल में यह आग रविवार को एथेंस से लगभग 35 किलोमीटर दूर उत्तर-पूर्व में मैराथन झील के पास लगी, जो माउंट पेंडेली से होते हुए राजधानी के उत्तरी उपनगरों तक फैल गई. आग ने झील के पास स्थित कई घरों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को अपनी चपेट में ले लिया. यूनान में 'हाई अलर्ट' जारी कर किया गया है. हालांकि, सोमवार देर रात हवा की तीव्रता में कमी आने से आग पर कुछ हद तक काबू पाए जाने की सूचना है. अग्निशमन विभाग के प्रवक्ता कर्नल वासिलियोस वथ्राकोगियानिस ने कहा कि अग्निशमन कर्मी अब एक ही स्थान पर नहीं, बल्कि 'कई जगहों पर आग की भीषण लपटों' से जूझ रहे हैं. आग से एथेंस के आसमान में धुंए का गुबार उठा, जबकि राजधानी के कुछ हिस्सों को बिजली कटौती का सामना करना पड़ रहा है.

## लॉस एंजिलिस से सैन डिएगो तक भूकंप के झटके

- हिलीं इमारतें, भूकंप का केंद्र सिटी हॉल से 10.5 किमी उत्तर-पूर्व में 12.1 किमी की गहराई में था

एजेंसी। लॉस एंजिल्स



अमेरिका में लॉस एंजिलिस से लेकर सैन डिएगो तक 4.4 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए, जिसके असर से इमारतें हिलने लगीं, बर्तन गिरने लगे और वाहनों के अलार्म बजना शुरू हो गए.

हालांकि, भूकंप से फिलहाल किसी बड़ी क्षति या जनहानि की सूचना नहीं है. अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीसी) ने कहा कि सोमवार को आए भूकंप का केंद्र लॉस एंजिलिस के सिटी हॉल से 10.5 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में हाईलैंड पार्क के पास 12.1 किलोमीटर की गहराई में था. भूकंप के झटके ग्रेटर लॉस एंजिलिस से लेकर दक्षिण में सैन डिएगो और पूर्व में पाम स्प्रिंग्स रेगिस्तानी क्षेत्र तक महसूस किए गए. लॉस एंजिलिस से लगभग 160 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में दक्षिणी सैन जोकिन घाटी में भी भूकंप के झटके महसूस किए जाने की खबरें हैं. भूकंप के कारण एक अस्पताल की इमारत हिलने लगी, टीवी चैनल 'ईएसपीएन' पर लाइव प्रसारित किया जा रहा साक्षात्कार बाधित हो गया और ऑरेंज काउंटी में स्थित डिज्नीलैंड की जमीन में कंपन महसूस की गई.

### सीरिया में 5.5 तीव्रता का भूकंप, कोई हताहत नहीं

**दमिश्क।** मध्य एशिया में सोमवार देर रात भूकंप के झटके महसूस किए गए. हालांकि, किसी के हताहत होने की फिलहाल कोई खबर नहीं है. सीरिया के राष्ट्रीय भूकंप केंद्र ने बताया कि हामा से 28 किलोमीटर पूर्व में देर रात 11 बजकर 56 मिनट पर 5.5 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए. हालांकि, अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण ने भूकंप की तीव्रता 5.0 बताई और कहा कि इसका केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई में था. सीरिया की राजधानी दमिश्क और लेबनान की राजधानी बेरूत में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए, जिससे स्थानीय लोग अपने घरों से बाहर सड़कों पर आ गए.

## फैसला बंबई हाईकोर्ट ने महिला को उसकी पांच वर्षीय जुड़वां बेटियों से मिलने की अनुमति दी

# शुक्राणु या अंडाणु दानकर्ता का बच्चे पर कोई कानूनी अधिकार नहीं

एजेंसी। मुंबई

बंबई उच्च न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि शुक्राणु या अंडाणु दान करने वाले का बच्चे पर कोई कानूनी अधिकार नहीं होता और वह उसका जैविक माता-पिता होने का दावा नहीं कर सकता. अदालत ने इसी के साथ 42 वर्षीय एक महिला को उसकी पांच वर्षीय जुड़वां बेटियों से मिलने की अनुमति दे दी. महिला ने अपनी याचिका में कहा कि सरोगेसी के जरिये पैदा हुई उसकी बेटियां उसके पति और अंडाणु दान करने वाली छोटी बहन के साथ रह रही हैं. याचिकाकर्ता के पति ने दावा किया था कि चूंकि उसकी साली ने अंडाणु दान दिया था, इसलिए उसे जुड़वा बच्चों की जैविक माता कहलाने का वैध अधिकार है और उसकी पत्नी का उन पर कोई अधिकार



नहीं है. हालांकि, न्यायमूर्ति मिलिंद जाधव की एकल पीठ ने पति की दलील को खारिज करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता की छोटी बहन अंडाणु दान करने वाली है लेकिन उसे यह दावा करने का कोई वैध अधिकार नहीं है कि वह जुड़वा बच्चों की जैविक मां है. छोटी बहन की भूमिका अंडाणु दान करने की है, बल्कि वह स्वैच्छिक दानकर्ता है और अधिक से अधिक वह आनुवंशिक मां बनने की अर्हता रखती है, इससे अधिक कुछ नहीं.

### दानकर्ता और सरोगेट मां को सभी अभिभावकीय अधिकार त्यागने होंगे

मामले में अदालत की सहायता के लिए नियुक्त न्यायमित्र ने सूचित किया कि अलग हो चुके जोड़े के बीच सरोगेसी समझौता 2018 में हुआ था. उस समय सरोगेसी (विनियमन) अधिनियम 2021 लागू नहीं था, इसलिए भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) द्वारा 2005 में जारी दिशानिर्देश इस समझौते पर लागू होते हैं. अदालत ने कहा कि दिशानिर्देशों के नियम के अनुसार, दानकर्ता और सरोगेट मां को सभी अभिभावकीय अधिकार त्यागने होंगे. साथ ही कहा कि वर्तमान मामले में जुड़वां बच्चियां याचिकाकर्ता और उसके पति की बेटियां होंगी. याचिका के अनुसार दंपति सामान्य प्रक्रिया से गर्भधारण नहीं कर सकते थे और याचिकाकर्ता की बहन स्वेच्छा से अपने अंडे दान करने के लिए आगे आई. दिसंबर 2018 में सरोगेट मां द्वारा गर्भ धारण किया गया और अगस्त 2019 में जुड़वां लड़कियों का जन्म हुआ.

### अंडाणु दान करने वाली बहन के पति और बेटी की सड़क हादसे में हुई मौत

अप्रैल 2019 में अंडाणु दान करने वाली बहन और उसका परिवार सड़क हादसे की चपेट में आ गया जिसमें उसके पति और बेटी की मौत हो गई. याचिकाकर्ता अगस्त 2019 से मार्च 2021 तक अपने पति और जुड़वां बेटियों के साथ रहती थी. मार्च 2021 में वैवाहिक कलह के बाद, पति अपनी पत्नी को बताए बिना बच्चों के साथ दूसरे फ्लैट में रहने चला गया. पति ने दावा किया कि उसकी साली (अंडाणु दान करने वाली) सड़क दुर्घटना के बाद अवसाद में चली गई थी और जुड़वा बच्चों की देखभाल करने के लिए उसके साथ रहने लगी थी. याचिकाकर्ता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई और एक स्थानीय अदालत में एक आवेदन दायर कर अपनी बेटियों से अंतरिम मुलाकात का अधिकार मांगा. स्थानीय अदालत ने सितंबर 2023 में उसका आवेदन खारिज कर दिया, जिसके बाद उसने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया.

## भ्रामक विज्ञापन मामला

### योगगुरु रामदेव को राहत अवमानना कार्यवाही बंद

**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने भ्रामक विज्ञापन मामले में योगगुरु रामदेव, उनके सहयोगी बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड की माफी स्वीकार करने के बाद उनके खिलाफ अवमानना की कार्यवाही मंगलवार को बंद कर दी. रामदेव, बालकृष्ण और उनकी कंपनी की ओर से अधिवक्ता गौतम तालुकदार ने कहा, 'अदालत ने रामदेव, बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के शपथपत्रों के आधार पर अवमानना कार्यवाही बंद कर दी है.' न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति अहसनुद्दीन अमानुल्ला की पीठ ने मामले में रामदेव, बालकृष्ण और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड को जारी अवमानना नोटिस पर 14 मई को अपना आदेश सुरक्षित रखा था. उच्चतम न्यायालय भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था.

## संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद उचित सुधार के बिना अक्षम : जी4 देश

- कहा-मौजूदा भूराजनीतिक वास्तविकताओं में हर स्तर पर बदलाव की जरूरत

एजेंसी। संयुक्त राष्ट्र

भारत ने जी4 देशों की ओर से कहा है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में ऐसा कोई भी सुधार जो विशेष रूप से स्थायी श्रेणी में प्रतिनिधित्व नहीं दिए जाने पर ध्यान नहीं देता, वह इसकी संरचना में मौजूदा असंतुलन को और बढ़ाएगा तथा मौजूदा वैश्विक चुनौतियों से निपटने में उसे अक्षम बनाएगा. संयुक्त राष्ट्र में भारत के उप स्थायी प्रतिनिधि और प्रभारी आर रवींद्र ने सोमवार को कहा, 'हाल में घटे वैश्विक भूराजनीति घटनाक्रमों ने साफ दर्शाया है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा का संरक्षण करने की अपनी प्राथमिक जिम्मेदारी निभाने में अक्षम है जबकि दुनिया को इसकी सबसे अधिक जरूरत है.' वह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में एक उच्चस्तरीय परिचर्चा में जी4 देशों-ब्राजील, जर्मनी, जापान और भारत की ओर से बयान दे रहे थे. परिचर्चा का विषय था, 'अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा बनाकर रखनाः ऐतिहासिक अन्याय पर ध्यान देना और यूएनएससी में अफ्रीका के प्रभावी प्रतिनिधित्व का विस्तार करना'. रवींद्र ने अगले महीने होने वाले संयुक्त राष्ट्र महासभा के सालाना उच्चस्तरीय सत्र से पहले कहा कि 1945 में परिषद की स्थापना के समय जो वास्तविकताएं थीं, उनकी जगह मौजूदा भूराजनीतिक वास्तविकताओं ने ले ली है और हर स्तर पर बदलाव की जरूरत महसूस की जा रही है.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)